### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र में दिये आवश्यक निर्देश

# मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची स्पष्ट व त्रुटिरहित हो : रिणवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गुरुवार को वाराणसी में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में जिला निर्वाचन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमों एवं दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण के माध्यम से मतदाता सूची को अपडेट करने, प्रत्येक मतदेय स्थल को अधिकतम 1200 मतदाताओं के साथ मतदेय स्थलों का संभाजन एवं संविधान के प्रावधानों से लेकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950, रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्ट्रोरल रोल-1960 तथा भारत निर्वाचन आयोग के अलग-अलग मैन्युअल्स की जानकारी दी।



प्रशिक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की संख्या के आधार पर सम्भाजन की कार्यवाही समय से पूर्ण की जाय। उन्होने कहा कि सम्भाजन की कार्यवाही एवं मतदाता सूची को अपडेट करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय कि परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही पोलिंग बूथ की मतदाता सूची में अंकित रहे। जेंडर रेशियों में सुधार किया जाए। मतदाता सूची स्पष्ट, त्रुटिरहित तथा मतदाताओं की फोटो साफ सुथरी लगी हो, जिससे पहचान करने में असुविधा न हो। बीएलओ की नियमानुसार नियुक्ति तथा मतदाता सूची सम्बन्धित शिकायतों का समाधान गम्भीरता से कराये। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी बैठक करने के साथ वेयर हाउस का नियमित निरीक्षण भी करें। ईआरओ के द्वारा एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षित कर उनके माध्यम से छोटे-छोटे समूहों में बीएलओ को भी प्रशिक्षित किया जाय। उन्होंने ईआरओ नेट, बीएलओ एप, वोटर सर्विस पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में भी जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहली बार जिला निर्वाचन अधिकारियों का भौतिक प्रशिक्षण कराया जा रहा है, जिससे कि आने वाले मतदाता सूची पुनरीक्षण के समय या चुनाव के समय किसी भी मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि वह अपने अधीनस्थ का अच्छे ढंग से पर्यवेक्षण कर सकें और मतदाताओं की सुविधाओं को बेहतर बना सकें। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि नागरिकों से मतदाता फार्म भरवाते समय उनका मोबाइल नम्बर तथा पता सही-सही दर्ज करायें, जिससे कि उन्हें अपने आवेदन को ट्रैक करने में आसानी हो। साथ ही फार्म-6, 7 व 8 से संबंधित जानकारी अधिक से अधिक प्रसारित कराएं। उन्होंने कहा कि तीनों चरणों के प्रशिक्षण के पश्चात प्रदेश की वर्तमान वोटर लिस्ट में काफी सुधार दिखेगा। मतदाता सूची पुनरीक्षण से पहले सभी अधिकारी पूर्ण रूप से प्रशिक्षित तथा कार्यों एवं डाटा की पूर्ण जानकारी हो, इसके प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जनपद वाराणसी में द्वितीय चरण के प्रशिक्षण सत्र में 23 जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचक नामावली के आगामी पुनरीक्षण के दृष्टिगत एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया। इसमें आजमगढ़, बलिया, मऊ, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर, सोनभद्र, कुशीनगर, महाराजगंज, देवरिया, कौशांबी, प्रयागराज, अयोध्या, अंबेडकरनगर बस्ती, प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर, अमेठी, सुल्तानपुर एवं संतकबीरनगर सहित 23 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे। मेरठ में प्रथम चरण में 07 जुलाई 2025 को 15 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इससे पूर्व लखनऊ में 17, 19 व 25 जून 2025 में प्रदेश के 403 विधान सभा के रजिस्ट्रीकरण निर्वाचक अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया है।

## नाबालिग नौकरानी प्रकरण में सपा विधायक जाहिद बेग की पत्नी को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भदोही से समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद बेग के आवास पर नाबालिग घरेलू सहायिका मिलने के मामले में उनकी पत्नी सीमा बेग को इलाहाबाद हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। हाईकोर्ट ने 7 जुलाई को याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे अब मंजूरी दे दी गई है। सीमा बेग के खिलाफ भदोही जिले में दर्ज एफआईआर में आरोप है कि उनके घर में एक नाबालिग लड़की को घरेलू कार्य में लगाया गया था। यह मामला बाल श्रम निषेध कानून और बाल संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। अदालत ने सीमा बेग को अग्रिम जमानत देते हुए निर्देश दिया है कि वह जांच में पूर्ण सहयोग करें और बिना अनुमति के क्षेत्र से बाहर न जाएं। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया गिरफ्तारी को अनावश्यक माना और कहा कि जांच के दौरान उन्हें हिरासत में लेने की जरूरत नहीं दिखती। सीमा बेग ने याचिका में यह तर्क दिया था कि उन्हें इस मामले में राजनीतिक द्वेष के तहत फंसाया गया है। उनका कहना है कि घर में नाबालिग लड़की की उपस्थिति की जानकारी उन्हें नहीं थी और उन्होंने किसी प्रकार का शोषण नहीं किया है। पुलिस जांच जारी रहेगी। मामले में श्रम विभाग और बाल कल्याण समिति भी संलग्न है। अगर जांच में दोष सिद्ध होता है तो विधिक कार्यवाही आगे बढ़ेगी। यह मामला न केवल कानूनी, बल्कि राजनीतिक तौर पर भी संवेदनशील बन गया है। बाल अधिकारों से जुड़ी संस्थाएं भी इस पर नजर बनाए हुए हैं ।

## आईडीबीआई बैंक की नैनी शाखा का भव्य शुभारंभ, ग्राहकों को मिलेगी बेहतर बैंकिंग सुविधा

**कोरांव ( प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नैनी के कॉटन मिल क्षेत्र में आईडीबीआई बैंक की नई शाखा का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इस मौके पर बैंक प्रबंधन द्वारा ग्राहकों को आधुनिक और बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। शाखा का भव्य शुभारंभ कार्यक्रम में प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। जॉर्ज टाउन ब्रांच के हेड प्रवीण थोरत, चौक शाखा के प्रमुख अनंत सिंह, सिविल लाइंस शाखा के डीजीएम रितेश गुप्ता, रिलेशनशिप मैनेजर विवेक शुक्ला, रूमा मद्धेशिया, ब्रांच एजीएम ध्रुव चंद्र तथा सर्विसेज एंड ऑपरेशंस मैनेजर अपर्णा की गरिमामयी उपस्थिति रही। शाखा प्रबंधकों ने बताया कि नैनी क्षेत्र के ग्राहकों को अब उनके ही क्षेत्र में सहज, सुरक्षित और तीव्र बैंकिंग सेवाएं मिल सकेंगी। बैंक डिजिटल बैंकिंग, लोन, खाता संचालन से लेकर निवेश योजनाओं तक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। स्थानीय लोगों ने बैंक का शुभारंभ का स्वागत करते हुए कहा कि अब उन्हें बैंकिंग के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। नई शाखा से क्षेत्रीय विकास को भी बल मिलेगा।

## मध्य प्रदेश के ट्रक चालक की लखनऊ में अचानक मौत

**सरोजनीनगर संवाददाता, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी ट्रक चालक बीते दिनों ट्रक में सामान लेकर लखनऊ आए थे इसी दौरान अचानक उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार को ट्रक नंबर एमएच 04जीएफ 8944 के चालक अनिल कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी वर्ष ज्योति कालोनी तहसील देपालपुर कालिबिल्लोद थाना बगदुम इंदौर मध्यप्रदेश उम्र करीब 42 वर्ष द्वारा भिमंडी मुम्बई से ब्लूस्टार वेयर हाउस माती थाना क्षेत्र बिजनौर लखनऊ माल लेकर आया था जिसे सोमवार को ही ट्रक से कंपनी द्वारा उतरवा लिया गया था तथा ट्रक चालक मय ट्रक के वेयर हाउस में मौजूद था तथा मंगलवार को ट्रक चालक की अचानक तबियत खराब होने के कारण कंपनी कर्मचारी द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से लोकबंधु अस्पताल भेजा गया था जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत्यु घोषित कर दिया गया, उसके पश्चात सूचना पाकर थाना कृष्णानगर पुलि द्वारा बुधवार को पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कि गई है। कृष्णानगर पुलिस व वेयर हाउस के कर्मचारी द्वारा मृतक के परिजन को सूचना दी गई। मृतक के परिवार में मृतक कि पत्नी बेबी देवी तथा उसके तीन पुत्र सोनू,मोनू व अन्नू जो वयस्क हैं द्य मृतक के परीजन पोस्टमार्टम के पश्चात शव को लेकर अपने गृह जनपद गए हुए हैं जहां पर उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# झूठे आकड़ों के बल पर निजीकरण करने की कोशिश को नहीं होने देंगे सफल: संघर्ष समिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि झूठे आकड़ों, धमकी और दमन के बूते निजीकरण की साजिश कामयाब नहीं होने दी जायेगी।

संघर्ष समिति द्वारा वाराणसी में टैरिफ की सुनवाई के दौरान निजीकरण का मुद्दा नियामक आयोग के सामने उठाकर निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग की जायेगी। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आज यहां बताया कि निजी घरानों को मदद देने के लिए विद्युत वितरण निगमों ने निजीकरण के पहले ही टैरिफ में 45 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रस्ताव नियामक आयोग को भेज कर निजीकरण के बाद बिजली दरों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि का संकेत दे दिया है।

उन्होंने बताया कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के पदाधिकारी और बिजली कर्मी 11 जुलाई को वाराणसी में नियामक आयोग के सामने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का मुद्दा जोर-शोर से उठायेंगे।

संघर्ष समिति ने बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में कुल 6327 करोड़ रूपये की सब्सिडी विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को दी जा रही है। सरकार की कैश फंडिंग के नाम पर पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन इस सब्सिडी को कैश गैप में जोड़ कर घाटे में दिखा रहा है। इससे ऐसा लगता है कि निजीकरण के बाद किसानों, बुनकरों और गरीब घरेलू उपभोक्ताओं की सब्सिडी समाप्त करने की तैयारी है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 5321 करोड़ रूपये टैरिफ की सब्सिडी है, निजी नलकूपों के लिए 376 करोड़ रूपये की सब्सिडी है और बुनकरों के लिए 630 करोड़ रूपये की सब्सिडी है। इस प्रकार कुल 6327 करोड़ रूपये की सब्सिडी विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में दी जा रही है।

संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में वर्ष 2024-25 में उपभोक्तओं से 13297 करोड़ रूपये राजस्व वसूल किया गया। सरकारी विभागों पर 4182 करोड़ रूपये का राजस्व बकाया है जो सरकारी विभागों ने नहीं दिया है। सरकारी विभागों का राजस्व बकाया देना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकारी विभागों का राजस्व जोड़ लिया जाये तो वर्ष 2024-25 में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का कुल राजस्व 17479 करोड़ रूपये हो जाता है।

17479 करोड रुपए में 6327 करोड रुपए सब्सिडी जोड़ देने के बाद कुल आय 23806 करोड़ रुपए हो जाती है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम ने विद्युत नियामक आयोग को बताया है कि वर्ष 2024-25 का कुल खर्चा लगभग 20564 करोड़ रूपये है। इस प्रकार वर्ष 2024-25 में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम को 3242 करोड़ रूपये का मुनाफा हो रहा है जब कि झूठे आंकड़े दिखाकर घाटे के नाम पर निजीकरण किया जा रहा है ।

# श्रद्धालुओं से सौम्य व्यवहार रखें पुलिसकर्मी : पुलिस आयुक्त

एजेंसी

वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी कांग्रेस मोहित अग्रवाल द्वारा श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कांग्रेस काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण तथा सीसीटीवी निगरानी, एंटी-ड्रोन प्रणाली, रैपिड रिस्पांस यूनिट, गाइडिंग स्टाफ व ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का निरीक्षण कर समुचित सुरक्षा एवं सेवा-व्यवस्था हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार, 'सर'/'मैडम' कहकर संबोधन, ''नो-टच'' नीति, अनुशासन, साफ-सुथरी वर्दी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से दूरी एवं सेलिब्रिटी संग फोटो पर रोक हेतु निर्देश दिये गये। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु सादे वस्त्रों में महिला पुलिस की तैनाती, विशेषकर वृद्ध, दिव्यांग और महिलाओं के लिए प्राथमिकता दर्शन व्यवस्था लागू करने को कहा गया। साथ ही, सीसीटीवी निगरानी, एंटी-ड्रोन प्रणाली, रैपिड रिस्पांस यूनिट



और गाइडिंग स्टाफ की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) कांग्रेस शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) कांग्रेस गौरव बंशवाल, पुलिस उपायुक्त (वरूणा जोन) कांग्रेस प्रमोद कुमार, पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा एवं अभिसूचना) कांग्रेस अनिल कुमार यादव, पुलिस उपायुक्त (गोमती जोन) कांग्रेस आकाश पटेल, अपर पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) कांग्रेस सरवणन टी., अपर पुलिस उपायुक्त (गोमती जोन) कांग्रेस वैभव बांगर, अपर पुलिस उपायुक्त (वरूणा जोन) कांग्रेसमती नीतू व अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बडहलगंज के मुक्तिपथ पर बनेगा विद्युत शवदाह स्थल



**गोरखपुर।** गोरखपुर का पहला विद्युत शवदाह स्थल बडहलगंज स्थित मुक्तिपथ श्मशान पर बनने जा रहा है। गुरूवार को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मुक्तिपथ पर भूमि पूजन कर इस परियोजना का शिलान्यास किया। यह परियोजना पांच करोड़ रूपए की है। इसके साथ ही उन्होंने नगर विकास की अन्य विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए.के. शर्मा बडहलगंज मुक्तिपथ पर पहुंचे। मंत्री बनने के बाद बडहलगंज का यह उनका पहला दौरा था। लिहाजा जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका अभूतपूर्व स्वागत किया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गोरखपुर का प्रथम विद्युत शवदाह स्थल का भूमि पूजन हुआ। उनके साथ विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह विधायक राजेश त्रिपाठी व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रीति उमर ने भी पूजन किया। अंत में नगर विकास मंत्री ने नारियल फोड कर व शिलापट्ट का अनावरण कर परियोजना का शिलान्यास किया। अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुक्तिपथ प्रदेश का पहला भव्य श्मशान स्थल है ऐसे में पहले विद्युत शवदाह संयत्र का अधिकार भी मुक्तिपथ को है। वास्तव में मुक्तिपथ अपने आप में अलौकिक है। विद्युत शवदाह परियोजना शुरू होने के बाद लकडी आधारित शवदाह प्रक्रिया कम होगी। इससे वृक्षों की संरक्षिता व पर्यावरण की सुदृढता होगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बडहलगंज प्रीति उमर, नगर पंचायत अध्यक्ष दोहरीघाट विनय जायसवाल, ब्लाक प्रमुख रामआशीष राय, चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय जन मौजूद रहे।

# लोकभारती के सदस्यों ने मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

### वैदिक नदी कुकरैल के तट पर फलदार वृक्षों का किया रोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर लोक भारती का हरियाली माह अभियान प्रारंभ हो चुका हैं।इस क्रम में आज पहला कार्यक्रम कुकरैल नदी के कल्याण घाट, इन्दिरा नगर,निकट कल्याण अपार्टमेंट पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लोकभारती से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रीय निवासियों ने एकत्रित होकर आम,जामुन,कटहल आदि फल खाकर उनके बीजों और गुठलियों का रोपण कुकरैल नदी के तट पर किया।कार्यक्रम संयोजक डॉ पार्थ प्रतिम ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य यह है कि क्षेत्रीय नागरिक इस मौसम में जो भी फल खायें उसका बीज या गुठली कूड़े में




न फेंक कर उसे नई नवेली कुकरैल नदी पर रोपित करें, जिससे आने वाले एक महीने में यह बीज अंकुरित होकर घने फलदार जंगल में परिवर्तित हो जायेंगे।नदी के किनारे जब वृक्ष रहेंगे,तभी नदी बचेगी।अगर कुकरैल नदी सजीव होगी तभी गोमती और निर्मल होगा।अभियान के तहत सभी नागरिकों से अपील की गयी कि वे इस अभियान में जुड़ कर कुकरैल को बचाने में मदद करे। कार्यक्रम में लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्रपाल सिंह,सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय, प्रेम सागर त्रिपाठी, कृष्णानंद राय, अखिलेश शुक्ला, प्राची श्रीवास्तव, अंजू वार्ष्णेय, नजमा, पूजा, अब्दुल कादिर,शिव शंकर सिंह,उमेश गुप्ता आदि ने अभियान में शामिल होकर बीज रोपित किये और इस हरियाली अभियान को सफल बनाया।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **04.08.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे** यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल **ireps** पोर्टल पर उपलब्ध **ऑनलाइन भुगतान प्रणाली** में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| निविदा सूचना सं. | 08202025 दिनांक 08.07.2025 | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | 1. वरि० मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ०रे०/लखनऊ के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियन्ता/वाराणसी के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता–कार्य/वाराणसी के खण्ड में ए०ई०एन० कॉलोनी, लोको कॉलोनी, एल०टी० कॉलोनी, वाराणसी–दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी–बीरापट्टी तथा वाराणसी–लोहता खण्ड में विभिन्न कॉलोनियों के स्टाफ क्वार्टरों की सफेदी व रंगाई पुताई तथा वार्षिक मरम्मत का कार्य। **(सिंगल पैकेट पद्धति)** 2. वरि० मण्डल अभियन्ता–तृतीय/उ०रे०/लखनऊ के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियन्ता/जौनपुर के अधीन खेतासराय–तुलसीनगर खण्ड में किमी० 852 से किमी० 880 तक (वन्दे भारत मार्ग) सुरक्षा फेन्सिंग (एंटी क्रैश बैरियर/आर०सी०सी० दीवार आदि) का प्रावधान। **(दोहरी पैकेट पद्धति)** | | |
| अनुमानित लागत | 1. ₹2,99,99,872.02 | 2. ₹38,24,56,874.53 | |
| धरोहर राशि | 1. ₹3,00,000/- | 2. ₹20,62,300/- | |
| कार्य समापन की अवधि | क्र.सं. 1 तथा 2 के लिए: | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | क्र.सं. 1 तथा 2 के लिए: | 21.07.2025 | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्र.सं. 1 तथा 2 के लिए: | 04.08.2025 को 15:00 बजे | वेबसाइट: www.ireps.gov.in |

नोट: 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नई दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015.

2065/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रुप में उभर रही है 'रामजी' की अयोध्या

एजेंसी

अयोध्या। देश दुनिया के करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का पर्याय उत्तर प्रदेश की पावन नगरी अयोध्या केवल धार्मिक महत्व की प्रतीक ही नहीं बल्कि एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में उभर रही है।

श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में सरयू नदी के तट पर बन रहा सरयू रिवरफ्रंट अयोध्या की खूबसूरती और सुविधाओं को और बढ़ाने जा रहा है। यह रिवर फ्रंट श्रीराम मंदिर से जुडक़र पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिये एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा। पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 23.46 करोड़ रुपये लागत से सरयू रिवर फ्रंट का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य अयोध्या को एक ऐसी नगरी के रूप में स्थापित करना है जहां श्रद्धालुओं और पर्यटक दोनों ही आध्यात्मिक और सौहार्दपूर्ण अनुभव प्राप्त कर सकें। रिवर फ्रंट के निर्माण कार्य में तेजी लायी गयी है, जिसमें सीढिय़ों पर पत्थर लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त छतरियों के फाउंडेशन का कार्य भी प्रगति पर है, जो इस परियोजना को



और भव्यता प्रदान करेगा। सरयू रिवरफ्रंट का निर्माण न केवल सरयू नदी के तट को सुंदर बनाने के लिये है बल्कि यह पर्यटकों के लिये एक आधुनिक और सुविधाजनक स्थल के रूप में भी उभरेगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस रिवरफ्रंट पर श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान के साथ-साथ ध्यान, योग और अन्य आध्यात्मिक गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अलावा पर्यटकों के लिये आधुनिक सुविधायें जैसे बैठने की व्यवस्था, छायादार स्थल और सैर-सपाटे के लिये सुंदर पथ भी उपलब्ध होंगे। रिवरफ्रंट का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि यह प्राकृतिक सौहार्द के साथ-साथ आध्यात्मिकता को भी संजोये रखेंगे।

श्रीराम मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या में सडक़ों का चौड़ीकरण, अंतर्राष्ट्रीय वाल्मीकि एयरपोर्ट का निर्माण अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का निर्माण, चौदह कोसी और पंचकोसी परिक्रमा का निर्माण कार्य, रेलवे स्टेशन अयोध्या धाम तथा अयोध्या कैंट का आधुनिकीकरण और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से किया जा रहा है। अयोध्या में ही करीब चार-पांच ओवरब्रिजों का भी निर्माण कराया जा रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी में भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन के लिये दूरदराज से आये भक्तों के रुकने के लिए बड़े-बड़े होटलों का निर्माण, साथ ही साथ अयोध्या नगरी में हजारों होम स्टे भी बनकर तैयार है। जो लोग रामलला का दर्शन करने आते हैं वह इन सब जगहों पर ठहरते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि सरयू रिवर फ्रंट का निर्माण अयोध्या को एक नया आयाम देगा।

## राम की नगरी में शिव भक्त कांवड़ियों के लिये विशेष इंतजाम

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में कांवडिय़ों एवं श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर सुरक्षा और सुविधा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने गुरुवार को बताया कि अयोध्या में कांवडिय़ों के आगमन के पहले से ही शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिये मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गयी है। श्रावण मास में लाखों कांवडिय़ों की भीड़ अयोध्या में आना संभावित है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से सम्बन्धित थाना चौकी और पुलिस अधिकारियों व उप जिला मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर भ्रमणशील रहकर शांति एवं सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने के उत्तरदायित्व सौंपे गये हैं। उन्होंने बताया कि श्रावण मास के प्रथम सोमवार 14 जुलाई, द्वितीय सोमवार 21 जुलाई, तृतीय सोमवार 28 जुलाई, चतुर्थ सोमवार चार अगस्त, सावन त्रयोदशी तिथि छह अगस्त को कांवडिय़ों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहेगी। इस दौरान रक्षा बंधन, श्रावण पूर्णिमा का स्नान भी होना है। उन्होंने बताया कि इसके दृष्टिगत 11 जुलाई से आठ एवं नौ अगस्त तक सभी मार्गों पर निरन्तर भ्रमण शील रहकर सतर्क दृष्टि बनाये रखा जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि श्रावण मास के अवसर पर कांवडिय़ा जनपद अम्बेडकरनगर, गोण्डा, बस्ती, बहराइच, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर व अन्य जनपदों से अयोध्या में आकर जलाभिषेक करते हैं। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं नगर एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर जनपद अयोध्या, नगरीय क्षेत्र तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये उत्तरदायी होंगे।


## पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 ।

संख्या–1005/पं0/पं0सहा0/2025–26 दिनांक–02.07.2025

–: विज्ञापन:

पंचायत सहायक/एकाउण्टेन्ट–कम–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यर्थियों से आमंत्रित किये जाते है:–

1. कुल रिक्त पद–22
2. ग्राम पंचायतवार अवशेष पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारुप कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी/विकास खण्ड / ग्राम पंचायत सचिवालय पर उपलब्ध है।
3. आवेदन तिथि–11.07.2025 से 26.07.2025 तक ।

पंचायत सहायक/एकाउण्टेन्ट–कम–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय सारिणी

| क्र. सं. | कार्य | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक/अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना । | 08 जुलाई, 2025 से 10 जुलाई, 2025 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवदेन पत्र जमा करने की अवधि। | 11 जुलाई, 2025 से 26 जुलाई, 2025 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 27 जुलाई, 2025 से 01 अगस्त, 2025 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची 09 अगस्त, 2025 तक को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | 02 अगस्त, 2025 से 09 अगस्त, 2025 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण | 10 अगस्त, 2025 से 16 अगस्त, 2025 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना | 17 अगस्त, 2025 से 19 अगस्त, 2025 तक |

आवेदन की प्रक्रिया: निर्धारित आवेदन के प्रारुप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रुप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या–42/2021/1235/33–3–2021/989, दिनांक–25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरुप संचालित होगी।

**जिला पंचायत राज अधिकारी**
**लखनऊ।**

# राजनाथ सिंह के जन्मदिवस पर लखनऊ के चिकित्सालय में जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**विधायक नीरज बोरा ने किया शीतल प्याऊ का लोकार्पण व वृक्षारोपण व फल वितरण**

ठाकुरगंज लखनऊ। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर टी०बी० सह संयुक्त चिकित्सालय ठाकुरगंज, लखनऊ में एक सशक्त जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लखनऊ उत्तर विधानसभा के विधायक श्री नीरज बोरा द्वारा इस अवसर पर अस्पताल परिसर में नव निर्मित आरओ युक्त शीतल प्याऊ का लोकार्पण किया गया। यह सुविधा मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए गर्मी के मौसम में एक राहत बनकर सामने आएगी।

इसके उपरांत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विधायक द्वारा अस्पताल में स्थापित हर्बल गार्डन में वृक्षारोपण किया गया। यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने वाली है। बल्कि प्रकृति और मातृप्रेम को जोड़ने वाला एक भावनात्मक संदेश भी देती है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री नीरज बोरा ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को स्वयं फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस0पी0 सिंह, पार्षद श्री चन्द्र बहादुर सिंह, राम औतार कनौजिया, अनुराग मिश्रा, श्री दया शंकर पाण्डेय, पूर्व पार्षद श्री अनूप सिंह सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

वर्ष 2024-25 में चिकित्सालय की प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार रहीं: इमरजेंसी सेवाएं जो पूर्व में टिन शेड में संचालित हो रही थीं, अब उनके लिए तीन मंजिला नवीन भवन की स्वीकृति मिल चुकी है।

नवीन ओपीडी भवन में लिफ्ट की सुविधा स्थापित की गई जिससे वृद्ध और दिव्यांग मरीजों को राहत मिली है। इमरजेंसी संकाय में हृदय रोगियों के लिए कॉर्नर की स्थापना की गई है। ईएनटी विभाग में एंडोस्कोपिक यूनिट एवं ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप की स्थापना। नेत्र विभाग में फ़ेको मशीन के माध्यम से अत्याधुनिक विधि से मोतियाबिंद ऑपरेशन शुरू किए गए। प्रयोगशाला विभाग में थायराइड, विटामिन क3, एलाइजा परीक्षण, ट्रॉपटी परीक्षण की सुविधा शुरू की गई। दंत संकाय में आरवीजी तकनीक से दाँतों की डिजिटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराई गई। प्रमुख सर्जरी उपलब्धियाँ (2024-25): टिम्पैनोप्लास्टी ऽ 550 मोतियाबिंद ऑपरेशन ऽ 840 पार्शियल हिप रिप्लेसमेंट ऽ 8 टोटल हिप रिप्लेसमेंट ऽ 1 स्पाइनल सर्जरी ऽ 16 मुख कैंसर की सर्जरी ऽ 3 थायरॉयड सर्जरी 4 इसके अतिरिक्त मानसिक एवं बालरोग वार्ड के लिए रैम्प, महिला एवं पुरुष शौचालय ब्लॉक का निर्माण कर मरीजों के लिए सुविधाएं सुलभ कराई गईं। इस समग्र कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और समर्पण से स्वास्थ्य सेवाएं न केवल बेहतर होती हैं, बल्कि समाज में सेवा, संवेदना और समर्पण के नए मानदंड भी स्थापित होते हैं। यह आयोजन रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह के जन्मदिवस को सच्चे अर्थों में जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण के रूप में समर्पित करने का अनुपम उदाहरण बन गया।

# सीआरसी लखनऊ के 150 बच्चों ने देखी सितारे जमीन पर फिल्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में संवेदना, समावेशन और सशक्तिकरण की एक अनूठी पहल देखने को मिली। जब बृहस्पतिवार को समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र (एटए), मोहान रोड, लखनऊ से जुड़े 150 दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों को, एमराल्ड मॉल, आशियाना, लखनऊ में बहुप्रशंसित फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' दिखाने का विशेष आयोजन किया गया। यह आयोजन सिर्फ एक फिल्म प्रदर्शन नहीं, बल्कि उन मासूम आंखों में आत्मविश्वास की चमक और सपनों की उड़ान भरने का सशक्त माध्यम बना। बच्चों को एटए से थियेटर तक लाने, उनकी सुविधा, आराम, सुरक्षा एवं सम्मानजनक अनुभव का संपूर्ण प्रबंध विधायक की टीम के वालंटियर्स द्वारा अत्यंत संवेदनशीलता और समर्पण के साथ किया गया। 'सितारे ज़मीन पर', आमिर खान और जेनेलिया देशमुख अभिनीत एक स्पोर्ट्स कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जो वर्ष 2007 की प्रसिद्ध फिल्म 'तारे ज़मीन पर' की अगली कड़ी मानी जा रही है। यह स्पेनिश फिल्म 'चैंपियंस' (2018) पर आधारित है, और विशेष रूप से दिव्यांगजनों की क्षमताओं, संघर्षों और आत्मबल को उजागर करती है। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन एटए लखनऊ के निदेशक हिमांशु सिंह की पहल पर किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह और उनकी टीम ने इस संपूर्ण प्रक्रिया को संवेदनशीलता, स्नेह और गरिमा से पूर्ण किया। आयोजन की हर छोटी-बड़ी बात का ख्याल रखा गया ताकि बच्चों को केवल फिल्म नहीं, सम्मान और अपनापन भी महसूस हो। यह आयोजन यह सन्देश देता है कि यदि समाज सही दृष्टिकोण अपनाए, तो हर दिव्यांग बच्चा न केवल आत्मनिर्भर बन सकता है, बल्कि देश के विकास में एक सक्रिय भागीदार भी बन सकता है।

# न्यायालय के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए दबंगो ने पीड़ित की जमीन की तोड़ी बाउंड्रीवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी। दुबग्गा थाना क्षेत्र में किसान की सूझबूझ से बड़ा गैंगवार होते होते बच गया और दुबग्गा पुलिस इस मामले में मूकदर्शक बनकर सब देखती रही और न्यायालय का आदेश पुलिस की उपस्थिति में शून्य साबित होता रहा ये आरोप लगाते हुए किसान ने दुबग्गा थाना में लिखित शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है। राजधानी लखनऊ दुबग्गा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिकरोरी के रहने वाले किसान एजाज़ अहमद ने थाने पर लिखित शिकायत देते हुए बताया कि ज़मीन राजस्व ग्राम पंचायत अमेठिया थाना दुबग्गा में आती है जिस पर दबंग चांद,हसीब,फाजिल,कैफ,जावेद,व शान अपने कई साथियों के साथ मिलकर जमीन पर पूर्व से बनी बाउंड्री कों तोड़ना शुरू कर दिया । बाउंड्री तोड़ने की घटना किसान को पता चलने पर मौके पर जाकर विरोध किया तो दोनों पक्षों में संघर्ष होने लगा। पीड़ित किसान ने दबंगो की अधिक संख्या देखकर वहाँ से थाने में जाकर तहरीर दिया तो घटना स्थल पर गई पुलिस की मजूदगी में दबंग न्यायालय के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए बाउंड्री तोड़ते रहे। दबंगो की उग्रता देख पुलिस बिना कुछ कहे वापस लौट गई पुलिस की निष्क्रियता से दबंग लोग बाउंड्री तोड़ते रहें किसी तरह जब तोड़ते हुए रुके तो देर रात फिर दबंग लोग दुबारा आए और फिर तोड फोड करना शुरू कर दिया । पीड़ित किसान ने बताया कि डर के घटना स्थल से घर आ रहें थे कुछ लोगों ने उनकी कार कों रोक कर असलहा लगाकर लूटपाट करते हुए 25000 रुपए भी छीन लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए । किसान ने बताया कि अभी तक पुलिस ने मेरा मुकदमा नही लिखा है । स्थानीय लोगों ने बताया कि दुबग्गा पुलिस किसी बडी घटना के इन्तजार में दबंगो को गुंडई करने की खुली छूट दे रखी है । इसलिए कोई कार्यवाही नहीं कर रही है । किसान ने बताया कि दबंग लोग हमारे साथ कोई बड़ी अनहोनी कर सकते है इसलिए हम सब लोग कल पश्चिमी डीसीपी से मिलकर अपनी बात रखेंगे।

# धोखाधड़ी कर करोड़ों की जमीन बेचने वाला गैंग का सदस्य गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता





**फर्जी रजिस्ट्री कर सेना के जवानों को बनाया था शिकार**

**मोहनलालगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, इनोवा क्रिस्टा सफारी स्विफ्ट बोलोरो भी बरामद**

मोहनलालगंज । लखनऊ, एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के दिशा-निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक लंबे समय से फरार चल रहे जमीन धोखाधड़ी गैंग के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त मदनराम पुत्र विश्वनाथ निवासी राजा गांव, खरौनी, थाना बांसडीह जनपद बलिया बताया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से धोखाधड़ी की कमाई से खरीदी गई इनोवा क्रिस्टा कार, स्विफ्ट बोलोरो सफारी कार बरामद की है। पीड़ित नीलाम्बर झा ने मोहनलालगंज थाने में बीते 17 अप्रैल को मुकदमा दर्ज कराया था।उन्होंने बताया कि 2019 में उन्होंने अपनी पत्नी के नाम पर मोहनलालगंज स्थित प्लाटिंग में 1500 वर्गफुट की भूमि एच.के. इंफ्राविजन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के माध्यम से प्रमोद कुमार उपाध्याय और विनोद कुमार उपाध्याय से खरीदी थी। लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद उन्हें जमीन का कब्जा नहीं दिया गया।पीड़ित शिकायतकर्ता उस समय सेना में कार्यरत थे और ड्यूटी के चलते लखनऊ कम ही आना-जाना हो पाता था। इसी का फायदा उठाकर उनके साथ धोखाधड़ी की गई।इस तरह की धोखाधड़ी के कुल 19 मुकदमे मोहनलालगंज थाने में दर्ज हुए थे। पूर्व में इस मामले में गैंग के सरगना प्रमोद उपाध्याय को बीते 15 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।मोहनलालगंज पुलिस की विवेचना में सामने आया कि मदनराम भी उक्त रियल एस्टेट कंपनी का एडिशनल डायरेक्टर था और उसने प्रमोद व विनोद उपाध्याय के साथ मिलकर 6 अलग-अलग मामलों में पीड़ितों से धोखाधड़ी की थी। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी, जिसे आखिरकार बीते बुधवार को बलिया जनपद के राजा गांव खरौनी से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार किए गए आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सेना व अर्द्धसैनिक बलों के कर्मियों को विशेष रूप से निशाना बनाता था। उन्हें आकर्षक और सस्ते दामों में प्लॉट देने का झांसा देकर रजिस्ट्री करवाई जाती थी। लेकिन जिन जमीनों की रजिस्ट्री की जाती थी, वे या तो अस्तित्व में ही नहीं होती थीं या विवादित होती थीं। बाद में जब पीड़ित कब्जे की मांग करते थे तो आरोपी समय पर पैसा लौटाने का झांसा देकर उन्हें टालता रहता था।मोहनलालगंज पुलिस की यह कार्रवाई रियल एस्टेट की आड़ में चल रहे बड़े धोखाधड़ी गिरोह की कमर तोड़ने में मील का पत्थर मानी जा रही है। एसीपी रजनीश वर्मा ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए आगे भी ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# ट्यूबवेल पर नहाने गई 7 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**गंभीर हालत में मासूम सीएचसी से लखनऊ रेफ़र, हालत गंभीर**

मलिहाबाद/लखनऊ। ट्यूबवेल पर नहाने गई 7 साल की मासूम बच्ची को बहला फुसलाकर गांव के ही एक हैवान युवक नें जबरन दुष्कर्म किया और फ़िर मासूम को धमाका कर फ़रार हो गया। गंभीर हालत में किसी तरह घर पहुंची मासूम बच्ची ने रो-रोकर परिजनों को आपबीती सुनाई। जिसके बाद परिजनों ने आरोपी के खिलाफ मलिहाबाद पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुक़द्मा दर्ज करा दिया। रहीमाबाद के एक गांव की रहने वाली मासूम बच्ची अपनी मां के साथ 10 दिन पूर्व अपने नाना के घर मलिहाबाद आई थी। बुधवार देर शाम गांव के बाहर बने ट्यूबवेल पर अन्य बच्चों के साथ नहाने गई थी। इसी बीच ट्रैक्टर चालक सुचित यादव आयु लगभग 20 वर्ष ने अपने घर के ट्यूबवेल पर बच्ची को नहाते देखा और मासूम को बहला फुसलाकर ट्यूबवेल में बने एक कमरे में खींचकर ले गया। जहां आरोपित ने जबरन मासूम बच्ची से दुष्कर्म किया और फिर घर में शिकायत न करने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। खून से लथपथ घर पहुंची डरी-सहमी बच्ची की हालत को देखकर परिजन दंग रह गए। परिजनों के पूछने पर बच्ची ने रोते हुए आपबीती बयां की। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस टीम मासूम को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुँची जहाँ डॉक्टरों नें मासूम की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। परिजनों की तहरीर पर मलिहाबाद पुलिस नें तत्काल आरोपी सूचित यादव के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। महज़ चंद घंटों के भीतर पुलिस नें आरोपी युवक को गिरफ़्तार कर लिया। पुछताक और अन्य विधिक कार्यवाही के बाद पुलिस नें आरोपी युवक न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।


# यूपीएससीआर के लोगों डिजाइन के लिए एलडीए कराएगा प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**इस प्रतियोगिता में देशभर से 18 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक अथवा संस्थाएं हिस्सा ले सकेंगी**

लखनऊ। एलडीए उत्तर प्रदेश स्टेट कैपिटल रीजन (यूपीएससीआर) के लोगो डिजाइन के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर से 18 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक अथवा संस्थाएं हिस्सा ले सकेंगी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 25,000 की पुरस्कार राशि दी जाएगी, वहीं द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 15,000 और 10,000 की राशि प्रदान की जाएगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी, सीतापुर और हरदोई को मिलाकर यूपीएससीआर विकसित किया जा रहा है, जिसका कुल क्षेत्रफल 26,741 वर्ग किलोमीटर होगा। इस क्षेत्र के लिए जीआईएस आधारित रीजनल मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, जिसकी लागत 71 करोड़ रुपये तय की गई है। इस कार्य के लिए एईकॉम इंडिया प्रा.लि. एवं एजीस इंडिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा.लि. के कंसोर्टियम का चयन किया गया है। वर्ल्ड बैंक ने इस योजना में सहयोग देने की सहमति दी है। उपाध्यक्ष ने बताया कि इसी योजना के तहत यूपीएससीआर के लिए एक विशिष्ट और आकर्षक लोगो डिजाइन तैयार करवाने हेतु यह प्रतियोगिता कराई जा रही है। इसमें भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं रखा गया है। इच्छुक प्रतिभागी 9 जुलाई से 22 जुलाई, 2025 तक अपनी डिज़ाइन डिजिटल फॉर्मेट में ctpmlda@ gmail.com या ldaarchcompetitions @gmail.com पर ई-मेल के माध्यम से भेज सकते हैं। प्रविष्टियों के साथ प्रतिभागी को नाम, पता, संपर्क नंबर और एक वैध फोटो आईडी अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी। हर प्रतिभागी केवल एक डिज़ाइन भेज सकेगा। प्रतियोगिता में प्राप्त डिजाइनों का मूल्यांकन एलडीए के सचिव, मुख्य अभियंता, मुख्य नगर नियोजक और पीआईयू प्रभारी की एक विशेष चयन समिति द्वारा किया जाएगा। डिजाइनों को सौंदर्यता, तकनीकी उत्कृष्टता और उपयोगिता के आधार पर परखा जाएगा। प्रतियोगिता का परिणाम 30 जुलाई 2025 को घोषित किया जाएगा।

## हुसैनाबाद में सीवर जाम बना सिरदर्द



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी लखनऊ के ज़ोन–6 के अंतर्गत दौलतगंज वार्ड में स्वेज इंडिया कंपनी की लापरवाही एक बार फिर लोगों पर भारी पड़ रही है। हुसैनाबाद पुलिस चौकी के पीछे बीते एक हफ्ते से सीवर लाइन पूरी तरह जाम है, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा है और कई घरों में भी वापस घुस रहा है। इलाके में फैली इस गंदगी से न सिर्फ दुर्गंध का माहौल है, बल्कि डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी लगातार मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से शिकायत करने के बावजूद न तो स्वेज इंडिया कंपनी ने कोई ध्यान दिया और न ही नगर निगम ने कोई प्रभावी कदम उठाया। लोगों ने बताया स्थानीय पार्षद को जब स्थिति की जानकारी दी गई तो उन्होंने सफाई के लिए कर्मचारियों को भेजा जरूर, लेकिन वे भी काम अधूरा छोड़कर लौट गए। नतीजतन समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों ने मांग की है कि नगर निगम व जिम्मेदार एजेंसियां जल्द इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान करें, ताकि आम जनजीवन सामान्य हो सके।

## पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई पुलिस ने समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम में वांछित गैंग के सदस्य नवीन राजपूत पुत्र कमलेश राजपूत निवासी मुजफ्फरनगर चौधरी बेहा थाना काकोरी को थाना बंथरा की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त को पूछताछ के बाद न्यायिक विरासत में लेकर जिला कारागार भेज दिया गया। यह सब शातिर अपराधी गैंग बनाकर आर्थिक भौतिक लाभ के उद्देश्य से अपराधों में संलिप्त रहते हैं। इनका गैंग लूटपाट व चोरी से अपनी आजीविका चलता है इन सभी का समाज में इतना भय व्याप्त है कि उनके विरुद्ध कोई व्यक्ति गवाही भी नहीं देता है। इस गैंग का मुखिया अमित वर्मा पुत्र राकेश वर्मा (27) है।यह एक शातिर किस्म का अपराधी है। इसके और इसके साथियों के खिलाफ अन्य थानों में लूट, डकैती ,चोरी के कई आपराधिक मामले पंजीकृत हैं।इसके अलावा उनके गैंग में राजेंद्र रावत पुत्र स्वः अमरु रावत, गोविंद कुमार रावत पुत्र रामकुमार रावत, काशी उर्फ उमेश पुत्र मुन्नीलाल रावत शामिल हैं। पुलिस ने गैंग के सदस्य नवीन राजपूत पुत्र कमलेश कुमार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

## एलएलबी के छात्र को पिकअप ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

सरोजनीनगर, संवाददाता कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके में एक एलएलबी छात्र को बुधवार देर शाम तेज रफ्तार पिकप ने टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में छात्र गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे सरोजनी नगर सीएचसी में भर्ती कराया। इस के बाद परिजन उसे बिजनौर के एक निजी नर्सिग होम ले गए।जहाँ इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंथरा थाना क्षेत्र ऐन गाँव निवासी शोभित सिंह गौरी स्थित एक निजी लॉ कालेज में एलएलबी का छात्र था। बुधवार देर शाम वह बाइक से शहर से किताबें खरीदकर घर लौट रहा था। इसी दौरान थाना क्षेत्र के कानपुर रोड पर अमौसी मैट्रो स्टेशन के पास उसे उसे तेज रफ्तार नीले रंग की पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी तथा चालक मय वाहन मौके से फरार हो गया। इस मामले में मृतक के भाई समीर सिंह ने पिकप चालक के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में गुरुवार को रिर्पोट दर्ज कराई है।

## शकुंतला देवी मृत्यू प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्ट्रर की नकल पाने के लिए लगा रही पंचायत अधिकारियों के चक्कर

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईंगंज के इचवालिया गांव में रहने वाले नौमिलाल की मौत बीते 5 जुलाई को रात लगभग 10:30 बजे हो गई। 6 जुलाई को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उसके बाद से मृतक की पत्नी शकुंतला देवी अब मृत्यू प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्ट्रर की नकल नकल पाने के लिए पंचायत अधिकारियों के चक्कर लगा रही है। पीड़िता का कहना है कि उसके बाद जब 7 जुलाई 2025 को ग्राम प्रधान हरी सिंह से मृतक सर्टिफिकेट के लिए संपर्क किया तो उन्होंने प्रमाण पत्र देने से मना कर दिया, फिर जब ग्राम पंचायत सचिव अजय पटेल से संपर्क किया तो उन्होंने बोला कि जब तक प्रधान प्रमाण पत्र नहीं देंगे तब तक हम मृत सर्टिफिकेट नहीं दे सकते। उसके बाद जब हमने परिवार रजिस्टर नकल के लिए बोला तो उन्होंने बहाना बनाते हुए बोला कि हम शुक्रवार से पहले नहीं दे पायेंगे। पीड़िता का आरोप है कि उंसके पति की जमीन व मकान हड़पने के लिए राजनैतिक दबाव के कारण नही दे रहे है।

# सिसेण्डी में बिजली समस्या को लेकर व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल अधिशासी अभियंता से मिलकर समाधान का मिला आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज विकास खण्ड क्षेत्र के सिसेण्डी क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और फॉल्ट की समस्याओं को लेकर स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा था। इसको लेकर बुधवार को जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल सिसेण्डी के अध्यक्ष मोध

इमरान खाँ, महामंत्री विरेन्द्र शुक्ला सोनू वरिष्ठ समाजसेवी ललित दीक्षित

के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता श्रवण कुमार सिंह से मुलाकात की और क्षेत्र की गंभीर बिजली समस्याओं से अवगत कराया।व्यापार मंडल द्वारा अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें क्षेत्रवासियों द्वारा विगत कई महीनों से झेली जा रही निम्नलिखित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया अनावश्यक विद्युत कटौती,लो-वोल्टेज की गंभीर समस्या, लाइनमैन द्वारा फोन न उठाना सिसेण्डी फीडर से न्यू पावर हाउस को जोड़ने की मांग ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की जरूरत है फाल्ट आने पर समय से कर्मचारी न पहुंचना,पुराने जर्जर तारों के स्थान पर नए तार लगाने की मांग इस मौके पर व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष अंजनी शुक्ल, प्रदीप गुप्ता, शकील खान, इरशाद अहमद, चन्नी, संजय सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।अधिशासी अभियंता श्रवण कुमार सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि पांच दिनों के भीतर सिसेण्डी की विद्युत समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा, और क्षेत्र को शीघ्र न्यू पावर हाउस से जोड़ा जाएगा ताकि लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं से राहत मिल सके।व्यापार मंडल ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समयसीमा में समाधान नहीं हुआ तो वे अधिशासी अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्युत विभाग एवं शासन-प्रशासन की होगी।यह पहल स्थानीय जनता के लिए बड़ी राहत की उम्मीद लेकर आई है। व्यापार मंडल की यह सक्रियता सराहनीय है और इससे सिसेण्डी क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की उम्मीद बढ़ी है।

## साइबर क्राइम का आरोपी एयरपोर्ट से फरार

सरोजनीनगर, संवाददाता। चौधरी चरण सिंह इन्टर नेशनल एयरपोर्ट से बुधवार सुबह साइबर क्राइम का एक आरोपी चेकिंग के दौरान गुजरात पुलिस की हिरासत से फरार हो गया। गुजरात पुलिस उसे लखनऊ से पकड़कर ले जा रही थी।उसने वॉशरूम जाने का बहाना बनाया। पुलिस ने उसके पूछने पर वॉशरूम जाने दिया। इस दौरान वह अपने पास केवल एक पुलिस कर्मी देख उसे चकमा देकर भाग गया। गुजरात के व्यारा तापी जिले में स्थित साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के सब इंस्पेक्टर धीरज राघव भाई बथवार ने बुधवार देर शाम सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सब इंस्पेक्टर का कहना है कि वह अपने साथी एसआई व एक आरक्षी के साथ आरोपी को ले जा रहे थे। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच के सिलसिले में अपने साथी सब इंस्पेक्टर केआर पटेल और पुलिस कॉन्स्टेबल विपुल लाभभाई घाघल के साथ आरोपी की तलाश में लखनऊ आए थे। जहां उन्होंने बीती 8 जुलाई को पीजीआई पुलिस स्टेशन से संपर्क कर उसकी मदद से पीजीआई के वृंदावन कॉलोनी स्थित आकाश एन्क्लेव में फ्लैट संख्या 9 /2 में रहने वाले आरोपी अर्श उर्फ हर्ष नागपाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद गुजरात ले जाने और उसका ट्रांजिट रिमांड प्राप्त करने के लिए आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट लखनऊ के सामने पेश किया। न्यायलय से 11 जुलाई को शाम 4 बजे तक का ट्रांजिट रिमांड मंजूर हुआ। उसे तापी व्यारा की अदालत में पेश करना था। चूंकि लखनऊ से गुजरात की दूरी 1300 किलोमीटर है, इसलिए ट्रेन से जाने के लिए रेलवे का टिकट बुक किया। लेकिन टिकट कंफर्म नहीं हुआ। इस वजह से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट से टिकट बुक कराया और बुधवार सुबह 6 बजे अपनी टीम के साथ अभियुक्त अर्श उर्फ हर्ष को लेकर लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटर नेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर सभी हवाई यात्रियों की चेकिंग हो रही थी। इसी बीच अर्श उर्फ हर्ष ने कहा– वॉशरूम जाना है । इस पर आरक्षी विपुल भाई आरोपी को वॉशरूम ले गए इसी दौरान आरोपी अर्श उर्फ हर्ष मौका पाते ही पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। इसके बाद एयरपोर्ट व आसपास उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन वह नहीं मिला। फिलहाल गुजरात पुलिस के सब इंस्पेक्टर धीरज राघव भाई बथवार की तहरीर पर सरोजनी नगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है।

# गुरु पूर्णिमा पर मिली ज्ञान की सौगात

## अब प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं रहेगी : सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### खीरी में सीएम अभ्युदय क्लासेस का सीडीओ ने किया शुभारंभ

### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से हर सपने को मिलेगा मंच और मार्गदर्शन

लखीमपुर खीरी। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जनपद में शिक्षा और मार्गदर्शन की नई शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत यूपीएससी और नीट की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु संचालित निशुल्क कोचिंग कक्षाओं का उद्घाटन सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना राज्य सरकार की दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मार्गदर्शन की कमी न झेलनी पड़े। अब प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं रहेगी। कहा कि सरकार चाहती है कि हर गांव, हर कस्बे का छात्र यदि आईएएस, पीसीएस या डॉक्टर बनने का सपना देखता है, तो उसके सपनों को सही दिशा और मंच मिल सके।

**सीडीओ ने खुद थामी शिक्षक की भूमिका**

कोचिंग कक्षाओं का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद सीडीओ अभिषेक कुमार स्वयं कक्षा में पहुंचे, विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उन्हें IAS, PCS व NEET जैसी परीक्षाओं में सफल होने के लिए जरूरी रणनीति, आत्ममंथन और अनुशासन के सूत्र बताए। इस दौरान वे एक शिक्षक की भूमिका में नजर आए और बच्चों को कहा कि अगर लगन सच्ची हो तो कोई परीक्षा कठिन नहीं, मेहनत को दिशा देना ही सफलता की कुंजी है।

सुनियोजित तैयारी, चयनित शिक्षक सीडीओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में कोचिंग संचालन हेतु शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की गई। ठघ्ट्टए के लिए 12 व NEET के लिए 8 शिक्षक चयनित किए गए हैं, जो अपने शेड्यूल के अनुसार नित्य नियमित कक्षाएं संचालित करेंगे। कार्यक्रम में डायट प्राचार्य डॉ. सीमा शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, विकास तेजस्वी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बेहजम ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में नहीं लगी स्ट्रीट लाइट

नीमगांव खीरी। बेहजम ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों के गांवों में स्ट्रीट लाइट,साफ-सफाई, पक्की सडक़नाली जैसी सुविधाओं की कमी है,इनमें से सबसे बड़ी परेशानी ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट नहीं होने की है,गांवों में बिजली के खंभे तो लगे हैं,लेकिन लाइट नहीं लगी है,ऐसे में रात होते ही गलियों में अंधेरा छा जाता है। साथ ही जहरीले जीव जंतुओं का खतरा है,वहीं चोरी की वरदातों की आशंका रहती है,ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के खंभे तो लगे हैं, लेकिन अभी भी अधिकांश गांवों में कहीं खंभे पर स्ट्रीट लाइट नहीं है, तो कहीं लाइट होते हुए भी महीनों से बंद है,ब्लॉक के अधिकांश गांव में सालों से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं कई जगह स्ट्रीट लाइट खंभों पर शोपीस बनी है। कैमां खुर्द पंचायत,ग्राम पंचायत पैला,ग्राम पंचायत नगरा के जैतापुर, करनपुर मुवैया, मूड़ा बुजुर्ग की गलियों में बिजली के खंभे तो हैं, लेकिन इनमें स्ट्रीट लाइट नहीं हैं। गांवों में स्ट्रीट लाइट बंद होने को लेकर ग्रामीण कई बार ग्राम पंचायत में शिकायत भी कर चुके हैं जिस पर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं,पंचायतों को इस सुविधा को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पर्याप्त बजट भी हर साल शासन से आवंटित होता है,बेहजम कस्बे में सालों बाद भी दुकानदारों और ग्राहकों की सुविधा के लिए स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है ।

# हर हर महादेव के जयकारे के साथ रवाना हुए कांवरिया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर सीतापुर । पवित्र सावन मास में शिव की आराधना शिव भक्ति में लीन भक्तो ने पैदल यात्रा व कांवर यात्रा को लेकर सैकड़ो किलोमीटर लंबी दूरी तय करके भगवान भोलेनाथ महादेव को जल अर्पित करते हैं। कमलापुर क्षेत्र में प्रसिद्ध नागेश्वर नाथ धाम के भक्तो ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के कावरियों का जत्था बुधवार को गंगा जल भरने के लिए राजघाट के लिए ढोल नगाड़े के साथ हर हर महादेव के उद्घोष के साथ रवाना हुआ। कांवरियों ने माता महोठे रानी मंदिर के दर्शन पूजा अर्चना करते हुए , समाजसेवी प्रबंधक निर्धन परिवार कल्याण सेवा संस्थान अभिषेक ठाकुर,चेयरमैन प्रतिनिधि गन्ना समिति कमलापुर रवि प्रकाश सिंह ,व्यापार मंडल संरक्षक जे पी सिंह, ने कावरियो के जत्था को ध्वज दिखाकर राजघाट के लिए रवाना किया। राजघाट पहुंचकर सभी कांवरिया गंगाजल भरकर वहा से पैदल कांवर यात्रा प्रारंभ करते हुए लगभग एक सौ बीस किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा करते हुए नागेश्वर नाथ धाम में अपनी कांवर का जल भगवान भोलेनाथ नागेश्वर नाथ धाम में अर्पित करेंगे।

# मान्यता प्राप्त पत्रकार की सक्रमणीय भूमि पर दबंगों का अवैध कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। मछरेहटा थानाक्षेत्र के ग्राम पेरियाकोडर निवासी धीरेन्द्र श्रीवास्तव लखनऊ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र का शासन द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकार की पैतृक संक्रमणीय भूमि गाटा संख्या 412, व गाटा संख्या 358 पर गांव के दिनेश पुत्र पतिराखन , दीनदयाल पुत्र पतिराखन रामसहाय पुत्र पतिराखन छटक्कन पुत्र भूधर रामसेवक पुत्र भूधर आदि लोगो में मेरी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है और हरिजन एक्ट लगाने की धमकी लगातार देते है उसके बावजूद मछरेहटा पुलिस को कई बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई बल्कि मुझे ही कई बार थाने बुलाया जाता रहा है इसके अलावा थानाध्यक्ष श्री अमित पांडेय डीएम साहब व एस डी एम साहब का आदेश मानने को तैयार नहीं है मुझसे थाने में कहने लगे कि मैं किसी अधिकारी का आदेश जमीन के मामले में नहीं मानता इसके साथ विपक्षी गणों को एक भी बार थाने में नहीं बुलाया गया है। इसके अलावा पुलिस द्वारा मुझे व मेरे भाइयों को ही धारा 126/135 बी एन एस एस के तहत पुलिस में पाबंद कर दिया इसके बाबजूद विपक्षी गणों ने खेत जोत लिया जिससे साफ जाहिर होता है कि स्थानीय पुलिस विपक्षी गणों के दबाव में काम कर रही है जिसके चलते प्रार्थी को काफी डरा सहमा हुआ है । पत्रकार धीरेन्द्र श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सीतापुर को मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।

क्यों बोले सीओ मिश्रिख,,, इस संबंध में सीओ मिश्रिख आलोक प्रसाद से पीड़ित पत्रकार ने मुलाकात की तो पूरे प्रकरण निष्पक्ष जांच कर उचित कार्यवाही की बात कही।

## विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर रोजगार मेले का किया जा रहा आयोजन

सीतापुर । विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खैराबाद सीतापुर में रोजगार मेला 14 जुलाई 2025 को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। मेले में विभिन्न कंपनियां शामिल होंगी, जो बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार के बाद चयन कर नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगी। प्रधानाचार्य अवधेश सिंह ने बताया कि जो युवा रोजगार मेले में शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आदि के साथ प्रतिभाग कर सकते है। विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खैराबाद सीतापुर में 15 जुलाई 2025 को सुबह 10 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सीतापुर द्वारा प्रदर्शनी एवं बिक्री स्टॉल लगाये जायेंगे। बिक्री स्टॉल के माध्यम से वस्तु का विक्रय किया जायेगा जिसमे समस्त जनसामान्य आमन्त्रित है।

# विकास को आए सरकारी धन का बंदरबांट कर अर्श से फर्श पर पहुंचे प्रधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। विकासखंड फूलबेहड़ की चर्चित ग्राम पंचायत नरहर में ग्राम प्रधान पति मुन्ना लाल और पंचायत सचिव सौरव कुमार की मिलीभगत से विकास को आए सरकारी धन का बंदरबांट कर लाखों की नामी बेनामी संपत्ति बना लिए जाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले की लिखित शिकायत जिलाधिकारी खीरी से कर मामले की जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई है। डी.एम.दुर्गा शक्ति नागपाल को दिए गए शपथ पत्र के साथ शिकायत में ग्राम पंचायत नरहर में स्ट्रीट लाइट, नल रिबोर द्दफ्द्ध मरम्मत तथा मनरेगा सहित भारत सरकार की अति आवश्यक योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण कार्य में व्यापक स्तर पर घोटाला किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।जिलाधिकारी खीरी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में शिकायतकर्ता विश्राम पुत्र सोहनलाल निवासी रामपुरवा ग्राम पंचायत नरहर ने आरोप लगाया है की ग्राम प्रधान उषा देवी के पति मुन्ना लाल और पंचायत सचिव ने सरकार द्वारा आवंटित मान सरोवर के निर्माण में आपसी मिली भगत करके आधा अधूरा मानक विहीन कार्य कराकर सरकारी धनराशी का बंदर बाट कर लिया गया। वही शौचालय निर्माण में तो जमकर फर्जीवाडा करके शौचालय बनवाये बगैर ही फर्जी फोटो अपलोड कर पैसा निकाल कर बंदर वाट कर लिया गया। शिकायतकर्तागणों की माने तो नल मरम्मत व रिबोर तथा स्ट्रीट लाइट खरीद एवं दवा छिड़काव तथा ग्राम पंचायत की साफ सफाई के नाम परजमकर भ्रष्टाचार किया गया। कहीं भी आज तक दवा का छिड़काव नही हुआ है और ना ही साफ सफाई ।महज कागजों का पेट भरकर सरकारी धन से प्रधान पति द्वारा जमीन मकान व प्लांट लखीमपुर में ट्रैक्टर ट्राली जरूर बना डाली गई गांव में नलों की हालत मरम्मत व रिबोर की स्वयं दासता बयां कर रही है। पूरी ग्राम पंचायत की करा ली जाए जांच तो पता चल जाएगा कहां-कहां कितनी-कितनी स्ट्रीट लाइट लगवाई गई हैं। यही हाल मनरेगा में भी है यहां पर ग्राम पंचायत के सबसे मजबूत नामी ग्रामीण लोगों की फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन उन्हीं लोगों के खाते में पैसा लगाकर बंदर बांट कर लिया जा रहा है।जो लोग कभी भी मनरेगा खोदने नहीं जाते हैं उनके यहां हमेशा दो-चार मजदूर खुद ही मजदूरी पर लगाते हैं ऐसे लोगों के नाम पैसा भेज कर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है उक्त आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता गणों ने मामले की जांच की गठित कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। शिकायत कर्ता का आरोप है कि कि अबतक सैकड़ों प्रार्थना पत्र दिए जा चुके है लेकिन ऊपर तक सैटिंग गेटिंग के चलते आज तक जांच नहीं की गई और न ही कोई कार्यवाही ही की गई है।

# आकांक्षात्मक विकास खण्ड-बिसवां की विभिन्न इंडीकेटर्स पर प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्ड-बिसवां की विभिन्न इंडीकेटर्स पर प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि समस्त इंडीकेटर्स पर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करायें। उन्होंने हेल्थ एण्ड न्यूट्रीशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर एण्ड वाटर रिसोर्स, फाईनेंशियल इंक्लूशन एण्ड स्किल डेवलपमेंट, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सोशल डेवलपमेंट आदि बिन्दुओं पर विभागवार चर्चा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप डाटा फीडिंग का कार्य कराया जाये। बेसिक एजुकेशन के संबंध में उन्होंने कहा कि जिन अध्यापकों का प्रशिक्षण हो गया है, उनको नियुक्त किया जाये। बाल विकास एवं पुष्टाहार की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सैम एवं मैम बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाया जाये। उन्होंने कहा कि महिलाओं के एफ0पी0ओ0 एवं एस0एच0जी0 बनवाते हुये उन्हें संचालित कराया जाये। विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, स्पांसरशिप योजना, बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, दिव्यांग पेंशन योजना आदि के लम्बित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करते हुये पात्रों को लाभान्वित कराया जाये। विकास खण्ड बिसवां के समस्त गांवों को बी0एस0एन0एल0 द्वारा संचालित उच्च गुणवत्ता की इंटरनेट सुविधा से जोड़े जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। सभी ग्राम पंचायतों में गठित समितियों को सक्रिय कराते हुये नियमित बैठक आयोजित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को मृदा परीक्षण और अधिक कराये जाने के निर्देश दिये। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच एवं अन्य गतिविधियां भी रोस्टर के अनुसार संचालित करना सुनिश्चित करें। कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण में सुधार हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का डाटा पूरी शुद्धता के साथ वेबसाइट पर अपलोड किया जाये। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब प्रगति वाले इंडीकेटर्स में सुधार करें।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन पर बारिस से भीगकर 50 हजार यूरिया खाद की बोरियाँ हुई खराब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्ण नाथ रेलवे स्टेशन पर किसानों के लिए आई खाद की बोरियां वारिश के पानी में भीग कर बर्बाद हो गयी है, मालगाड़ी से उतरी हुई बारिस के पानी से लगभग पचास हजार से भी ज्यादा यूरिया खाद की बोरियां बर्बाद हो गयी है। खाद की 50000 बोरियाँ खराब होने पर जिम्मेदार अधिकारियों ने कुछ भी बोलने के लिए चुप्पी साध ली है और मुकदर्शक बन गये है। ये बोरियां खरीफ की फसालों और विशेषतयः धान की फसल में डालने के लिए सप्लाई में आई थी। जिले में खाद की भारी किल्लत होने के बाबजूद भी जिम्मेदारों द्वारा इतनी बड़ी लापरवाही बरती गयी है। किसान और किसानो के घर की महिलाये तक घंटों लाइन में लग कर एक बोरी खाद को पाने के इंतजार मे रहते है जिसके उपरांत भी किसी किसी को मायूसी ही हाथ लगती है और खाद पाने से बंचित रह जाते है। मगर यूरिया की भारी मात्रा मे बर्बाद होने से प्रशाशन की बहुत बड़ी लापरवाही सामने आयी है।

## फोनपे से ठगी करने वाले युवक को दुकानदारों ने रंगेहाथ पकड़ा



लखीमपुर धौरहरा खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खमरिया थाना क्षेत्र में डिजिटल भुगतान की सुविधा जहां व्यापार को आसान बना रही है, वहीं साइबर ठग इसके जरिए लोगों को चूना लगाने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं। ऐसा ही एक मामला खमरिया पंडित मिल रोड पर सामने आया, जहां दुकानदारों ने सतर्कता दिखाते हुए एक युवक को फर्जी ऐप से ठगी करते रंगेहाथ पकड़ लिया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक ने एक किराना दुकान पर जाकर ङ्गट कोड स्कैन किया और मोबाइल स्क्रीन पर ''सक्सेसफुल ट्रांजेक्शन'' का नकली स्क्रीनशॉट दिखाकर भुगतान का भ्रम पैदा किया। लेकिन जब दुकानदारों—विखिल कौशल और मदन गोपाल—ने अपने खातों की जांच की, तो कोई राशि प्राप्त नहीं हुई।
संदेह होने पर दुकानदारों ने युवक को रोका और पूछताछ की, जिसमें उसने स्वीकार किया कि वह नकली ऐप के जरिए दुकानों से ठगी करता है। आरोपी ने अपना नाम रजनीश पुत्र रामेश्वर, निवासी कुसेपा, जिला सीतापुर बताया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि वह पहले भी कई दुकानदारों को इसी तरीके से निशाना बना चुका है और उसके साथ कुछ अन्य साथी भी इस ठगी में शामिल हैं।
सूचना मिलने पर 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को थाने ले गई। पीड़ित दुकानदारों ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के उपरांत दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। यह घटना न केवल दुकानदारों के लिए चेतावनी है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि डिजिटल लेन-देन में भी सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। पुलिस प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि इस तरह की ठगी पर सख्त निगरानी और कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

## बाबा पारसनाथ शिव मंदिर के कपाट अब सुबह 4 से रात 10:30 बजे तक रहेंगे खुले

मैगलगंज खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मैगलगंज क्षेत्र के मढिया घाट स्थित पौराणिक बाबा पारसनाथ जी शिव मंदिर के दर्शन समय में परिवर्तन किया गया है। अब मंदिर के कपाट प्रतिदिन सुबह 4:00 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक खुले रहेंगे जिससे श्रद्धालु निर्बाध रूप से जलाभिषेक व दर्शन कर सकें। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक द्वारा मंदिर परिसर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत कई प्रमुख प्वाइंटों पर पुलिस बल तैनात रहेगा, और संपूर्ण सुरक्षा योजना तैयार कर ली गई है। श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। दर्शन के दौरान शांति, मर्यादा व स्वच्छता बनाए रखें और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।

## एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया आयोजित

कसमंडा कमलापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करके वृक्षारोपण किया जा रहा है। बुधवार को विकास खंड कसमंडा की ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी तथा खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव व ब्लॉक के पंचायत सचिव की मौजूदगी में बसईडीह में वृक्षारोपण किया गया।साथ ही ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी वृक्षा रोपड़ का कार्यक्रम किया गया।इस अवसर पर पंचायत सचिव सहित ब्लॉक के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## अधिकारियों की मेहनत से सुरक्षित बचा गाँव

निघासन खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रमियाबेहड़ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुजानपुर में बाढ़ का खतरा फिलहाल टल गया है। बाढ़ खण्ड द्वारा जिओ ट्यूब लगाकर परियोजना का काम किया गया था परियोजना प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है जो की पूरी तरीके से सुरक्षित है। नदी का दबाव सुजानपुर के ऊपर ग्राम देवी पुरवा की तरफ बना हुआ है जिसको बचाने के लिए बाढ़ खंड द्वारा युद्धस्तर पर फ्लड फाइटिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसका सकारात्मक असर अब जमीन पर दिखने लगा है। लगातार निगरानी और त्वरित कार्रवाई के चलते सुजानपुर गांव फिलहाल पूरी तरह सुरक्षित हैं।अधिकारियों का दावा है कि परियोजना पूरी सुरक्षित है और आगे अब फ्लड फाइटिंग का काम चल रहा है।जिससे अब गाँव को कटान से बचाया जा सकता है। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता अजय कुमार ने जानकारी दी कि पहले से तैयार की गई परियोजनाएं पूरी तरह से कारगर साबित हो रही हैं। नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव को देखते हुए एहतियातन फ्लड फाइटिंग कार्य लगातार जारी है। विभागीय अधिकारियों की टीमें मौके पर डटी हुई हैं और स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने भी बाढ़ खंड की मुस्तैदी और तत्परता की खुलकर सराहना की है।

# मनरेगा बना भ्रस्टाचार का अड्डा, फर्जी हाजरी लगाने का सिलसिला जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




### विकासखंड पसगवां कि तमाम ग्राम पंचायतो मे जारी है फर्जी हाजरी का खेल

### ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों कि मिलीभगत से मनरेगा योजना को चढ़ाया जा रहा भ्रस्टाचार कि भेंट जिम्मेदार बने अनजान

मैगलगंज खीरी। विकासखंड पसगवां कि तमाम ग्रामपंचायतो मे मनरेगा योजना मे भारी अनियमिततायें सामने अ रही है। जानकारी के अनुसार पंचायतो मे महिला और पुरुषो कि जमकर फर्जी हाजरी लगाई जा रही है, जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है। क्षेत्रीय लोगो का आरोप है कि नाम मात्र मजदूरों से काम करवाकर बाकियो कि फर्जी उपस्थित फोटो के साथ दर्ज कर, सरकारी धन का बंदरबाँट किया जा रहा है। इससे ना केवल योजना कि विश्वासनियता पर सबाल उठ रहे है बल्कि असली मजदूरों को भी उनका हक नहीं मिल पा रहा है। जिसमे ब्लॉक स्तर पर बैठे जिम्मेदार अधिकारी पूर्णतः संरक्षण देने का काम कर रहे है। तमाम गावों के ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान, सचिव कि मिलीभगत से ये फर्जीवाड़ा चल रहा है, जबकि असली मजदूर दर-दर भटक रहे हैं। गंभीर आरोप लगते हुए लोगो ने प्रशासन से उच्चस्तरीय जाँच कि मांग कि है। ताकि मनरेगा के नाम पर हो रहे इस भ्रस्टाचार पर रोक लगाई जा सके।

परीक्षा पास करके क्या बनी अनुष्का... पूरे जिले की शान

# लखनऊ मंडल में सीए फाइनल में हासिल की पांचवीं रैंक, डीएम ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनुष्का पूरे जिले की प्रेरणा : डीएम



लखीमपुर खीरी गोला तहसील के कालीचरनपुर गांव की बेटी अनुष्का वर्मा ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) फाइनल परीक्षा में लखनऊ मंडल स्तर पर पांचवां स्थान हासिल कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अनुष्का को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डीएम ने अनुष्का के साथ उपस्थित उनके दादा शिवनंदन वर्मा और माता श्रीमती आशा कुमारी को भी माला पहनाकर सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया।

**डीएम बोलीं, अनुष्का पूरे जिले की प्रेरणा**

कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि परीक्षा पास कर अनुष्का सिर्फ सीए नहीं बनी, वह आज पूरे जिले के लिए एक प्रेरणा बन गई है। उसकी सफलता यह साबित करती है कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी राष्ट्रीय स्तर पर झंडे गाड़ सकती हैं। अनुष्का की मेहनत, उसके परिवार का समर्पण और शिक्षा के प्रति उसका समर्पण, जिले की असली ताकत है। ये केवल एक रैंक नहीं, बल्कि आने वाले समय की नींव है। इस दौरान अनुष्का ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे गांव से शुरू हुई यह यात्रा कलेक्ट्रेट के इस मंच तक पहुंचेगी। डीएम मैम से सम्मान मिलना मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। मेरी सफलता का श्रेय मेरे परिवार को जाता है, जिन्होंने हर कदम पर मुझे आगे बढ़ने का हौसला दिया।

**परिवार की आंखों में गर्व के आंसू**

सम्मान पाते वक्त मंच पर भावुक माहौल देखने को मिला। दादा शिवनंदन वर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि बेटी की मेहनत रंग लाई। आज गांव से शहर और पूरे जिले में नाम हुआ है।इस दौरान एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी, पीडी (डीआरडीए) एसएन चौरसिया, एसडीएम अर्चना ओझा, एसओसी संजय आनंद मौजूद रहे।

# रेल कर्मचारियों ने निकाली जनाक्रोश रैली

**रैली में चार न्यू श्रम कानून कानून कोड, निजीकरण, कायम स्वरूप के कार्यों को आउटसोर्सिंग ई, और पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मुख्य रूप से रखी गयी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । एनएफआई आर के महामंत्री एम राघवया और पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय सहायक महामंत्री नेशनल फाउंडेशन इंडियन रेलवे मेन के आवाहन पर चार न्यू श्रम कानून कानून कोड, निजीकरण, कायम स्वरूप के कार्यों को आउटसोर्सिंग ई, और पुरानी पेंशन योजना की बहाली हेतु केंद्रीय ट्रेड यूनियन जॉइंट फोरम द्वारा बुलाई गई विशाल आक्रोश रैली का आयोजन किया गया जिसके तहत यांत्रिक कारखाना के मेन गेट पर वरिष्ठ पदाधिकारी दीपक चौधरी ने संबोधन ने कहा कि आउटसोर्सिंग, एन पी एस को समाप्त करने के लिए क्योंकि यह कर्मचारी के हित में नहीं है इसी अवसर पर मंडल अध्यक्ष यांत्रिक कारखाना ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने कहां की न्यू श्रम कानून और एनपीएस यूपीएस को समाप्त करके पुरानी पेंशन को बहाल करने तक संघर्ष चलता रहेगा इसी अवसर पर यांत्रिक कारखाना मंडल मंत्री कुलदीप मणि त्रिपाठी ने बताया कि यांत्रिक कारखाने में लगातार आउटसोर्सिंग बढ़ती जा रही है और यांत्रिक कारखाने में रेल कर्मचारी जो सेवानिवृत हो रहे हैं उनके बराबर कोई भी पोस्टिंग नया नहीं हो रही यह कारखाने के लिए उचित नहीं है इसको रेल प्रशासन को देखना चाहिए

इसी अवसर पर यांत्रिक कारखाना के सभा पर महामंत्री/ सहायक महामंत्री एन एफ आई आर नई दिल्ली श्री विनोद राय ने संबोधन ने बताया कि एन एफ आई आर के महामंत्री डॉक्टर एम रघुवैया हमेशा ही रेल कर्मचारियों के बारे में उनके हित की सोचते हैं इसी कारण न्यू श्रम कानून 4 कोड, ओ पी एस बहाली तक, निजीकरण समाप्त करने तक पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ जो भी रेल कर्मचारियों के हित में नहीं रहेगा इसका विरोध करती रहेगी

इसके इसके उपरांत महामंत्री / सहायक महामंत्री एन एफ आई आर की अध्यक्षता में और यांत्रिक कारखाना के मंडल अध्यक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर, यांत्रिक कारखाना मंडल मंत्री कुलदीप मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में यांत्रिक कारखाने से सभी पदाधिकारी/ कर्मचारीयो के साथ एक विशाल मोटरसाइकिल जुलूस के साथ चलकर पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय से होते हुए रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर जनसभा में परिवर्तित हो गया जहां पर महामंत्री श्री विनोद राय ने जोरदार तरीके से सभा का संबोधन किया जिसमें उन्होंने कहा कि एनपीएस और ओ पी एस, निजीकरण,न्यू श्रम कानून, के विरोध में बताया और यह भी कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ हमेशा से एन एफ आई आर के साथ मिलकर सभी बातों का विरोध करती है जो रेल कर्मचारियों के हित में ना हो इसी अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी नवीन मिश्रा ने भी संबोधन किया

इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी दीपक चौधरी, फिरोज़ उल हक,ईश्वर चंद्र विद्यासागर, नवीन मिश्रा,कुलदीप मणि त्रिपाठी, राकेश श्रीवास्तव, अंशुमाल पाठक, अभिषेक गुप्ता, कौशल सिंह, संजिव धर, शमशाद अहमद,सूरज गुप्ता, बृजपाल सिंह, लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, राजकुमार गुप्ता, सुरेंद्र तिवारी विवेक श्रीवास्तव,एस के खरे, फरहान खान, नूर ए आलम,महेंद्र नाथ यादव, मनोज शुक्ला, योगेंद्र पाल, अनिल गौतम, राजकुमार यादव, गणेश कुमार, नवनीत शर्मा, शुभम, विवेक पाठक, अशरफ अली, दीपक पांडे, अजय त्रिपाठी, दीपक प्रजापति,राजू रावत अखिलेश तिवारी, अरविंद गुप्ता, अजय मिश्रा, अवध बिहारी पांडे अनिल दुबे, राजेश सिंह, सत्येंद्र गोस्वामी, धर्मेंद्र मिश्रा, वैभव पांडे, धीरज यादव, नित्यानंद पांडे कृष्ण कुमार,मिथिलेश कुमार खुर्शीद अहमद,अमरिंदर इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# घरेलू कलह से परेशान युवक ने खुद को गोली से उड़ाया,दो साल से पत्नी से चल रहा था विवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के महेवा गोपाल गांव में मंगलवार रात उस वक्त सनसनी फैल गई थी जब एक रिटायर्ड दरोगा का बेटाआशुतोष कुमार सिंह 45 वर्षीय ने घर के अंदर खुद को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या करली।घटना रात करीब 11 बजे की है।परिजनों के मुताबिक आशुतोष ने कमरे में खुद को बंद किया और सीने में गोली मार ली। अचानक गो ली की आवाज सुनकर परिजन दौड़े और दर वाजा तोड़कर कमरे में घुसे।मां इंदु सिंह ने बेटे को लहूलुहान हालत में पाया।आनन-फानन में एंबुलेंस से गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।स्थानीय लोगों और परिजनों के मुताबिक आशु तोष की शादी नवाबगंज थाना क्षेत्र में हुई थी। लेकिन पिछले दो साल से पत्नी ससुराल से नहीं आ रही थी जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान था।बताया गया कि मृतक के एक बेटा और एक बेटी हैं,जिनके सिर से अब पिता का साया उठ चुका है।वही घटना की जा नकारी मिलते ही एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत,सीओ सदर राजेश कुमार सिंह,मोतीगंज थानाध्यक्ष अरविंद यादव,फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचे।मकान की तलाशी ली गई और घटनास्थल से तमंचा बराम द किया गया।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।वही मोतीगंज थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने बताया- आशुतोष कुमार सिंह ने अपने घर के अंदर कमरे में खुद को गोली मार ली है। परिजन इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभि क जांच में पारिवारिक तनाव सामने आया है, पत्नी के दो साल से अलग रहने के कारण वह डिप्रेशन में था।मामले की जांच की जा रही है।

# भूगर्भ जल में बढ़ोत्तरी, सिंचाई, मत्स्य पालन के लिए उपयोगी सिद्ध हुई है 'खेत तालाब योजना'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों को सिंचाई, बुआई, बीज, खाद कृषि उपकरण सहित लाभ पहुंचाते हुए हर स्तर पर सुविधा दे रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों को परम्परागत ढंग से सिंचाई के लिए श्खेत तालाब योजनाश लागू की है। यह योजना प्रदेश के सभी किसानों के लिए है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक किसान जो अपने खेतों के आसपास, बीच में तालाब बनायेगें, उन्हें राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी प्रदान की जा रही है। प्रदेश सरकार की इस योजना को शुरू करने का उद्देश्य यह कि बरसात का पानी जमा करा कर किसानों को खेती में सिंचाई की मात्रा को बढावा देना है इससे किसानों को दोनों तरफ से लाभ प्राप्त होगा। किसान खेत में फसल की सिंचाई के साथ-साथ मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। सरकार की खेत तालाब योजना से भूगर्भ जल में बढोत्तरी भी हो रही है और किसानो की फसल में अच्छा उत्पादन भी हो रहा है।उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना किसानों के लिए शुरू की गयी है। इस योजना के माध्यम से प्रत्येक किसान जो अपने खेत के सामने या बीच में, जहां बारिश का पानी ज्यादा इकट्ठा होता है अगर वहां किसान तालाब बनाते हैं. तो किसानो को इस योजना के तहत 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस तालाब को बनाने का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि बरसात के मौसम में दो चार दिन तक लगातार बारिश के समय जो बरसाती पानी फसलों को बर्बाद कर देता है. उसे तालाव बना कर इकट्ठा कराया जाए, इससे किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी और इकट्ठे पानी से किसानों को सिंचाई के लिए ट्यूबवेल का इस्तेमाल ज्यादा नहीं करना पड़ेगा। साथ ही जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए मोटर सुविधाएं जो बिजली से चलती हो और वहां लाइट की सुविधा न पहुंच पा रही हो उस स्थिति में किसानों की खेती में सिंचाई के लिए पानी की सुविधा देने के लिए तालाब बनवाये जायें। ताकि किसानों को खेती में सिंचाई करने में किसी भी प्रकार की समस्या न उठानी पडे। तालाबों में किसान बरसात एवं अन्य स्थानों से आने वाले पानी को एकत्र कर सकेंगे और अपनी फसलों को ठीक से सिंचित कर सकेंगे।खेत तालाब योजनान्तर्गत खेत में प्लास्टिक लाइनिंग पौंड साइज 20'20'3 मीटर (फैब्रिक एरिया 635 वर्ग मीटर), प्लास्टिक लाइनिंग पौंड साइज 32'32'3 मीटर (फैब्रिक एरिया 1426 वर्ग मोटर), प्लास्टिक लाइनिंग पौंड-साइज 45'45'3 मीटर (फैब्रिक एरिया 2642 वर्ग मीटर) आकार के तालाब खुदवाने का प्राविधान है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना में अनुदान राशि राज्य के सभी श्रेणी के कृषकों को लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रूपये 52,500 कच्चे फार्म तालाब पर और 75,000 रूपये की राशि प्लास्टिक लाइनिंग कार्य के साथ 300 उपबतवद ठ‍ै के लिए देय है। बुंदेलखण्ड को सूखे से बचाने में खेत तालाब योजना से बहुत मदद मिली है। राज्य के अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ प्रदान कराया गया है। राज्य में पिछले आंकड़ों के हिसाब से बुंदेलखण्ड के चित्रकूट, बाँदा, हमीरपुर, जालौन, झांसी, महोबा, ललितपुर में हजारों किसानों के खेत में तालाब बनाए गए हैं। जिसमें किसान वर्षा का पानी एकत्रित कर अपनी फसल की सिंचाई करते हुए उत्पादन में बढोत्तरी कर रहे हैं।इच्छुक लाभार्थी किसान राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई. इस योजना में लाभ लेना चाहते हैं, तो उन्हें योजना की ऑफिशियल वेबसाइट यूपीएग्रीप्रदर्शी डाट जीओवी डाट इन पर जाकर आवेदन करना होता है। खेत तालाब योजना के शुरू होने से वे सभी किसान जो पहले पानी की समस्या को लेकर और तालाब बनाने के लिए असमर्थ थे अब वह आसानी से योजना का लाभ उठा कर अपने खेतों में तालाब का निर्माण कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना भूगर्भ जल के स्तर में वृद्धि लाने में भी सहायक हो रहा है। उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना का लाभ लेने के लिए किसान को उत्तर प्रदेश राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। इस योजना का लाभ प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक तथा लघु सीमान्त किसानों को भी मिल रहा है।

## 25 हजार की हुई जालसाजी

गोरखपुर। थाना क्षेत्र सहजनवां के बनौली निवासी युवक के साथ जालसाजो ने नौकरी दिलाने के नाम पर 25 हजार की जालसाजी किया है। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कारवाई की गुहार लगाई,उनके आदेश पर पुलिस ने दो जालसाजो पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। सहजनवां थाना क्षेत्र के बनौली निवासी रामनवल मौर्य ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया मेहनत मजदूरी कर परिजनों का पालन पोषण करता है।एक निजी कम्पनी नाम बताकर जालसाजों ने प्रलोभन दिया कि उसे सुपरवाइजर के पद पर नौकरी देगे।सेलरी 32500होगी।जिसके लिए डाक्यूमेंट व प्रोसेसिंग शुक्ल जमा करना होगा।अपनी आवश्कता को देखते हुए डाक्यूमेंट व आनलाइन 25200रू बताए गये नम्बर पर भेज दिया।कम्पनी ज्वाइनिंग लेटर और आईडी कार्ड भी भेज दिया।कम्पनी के जालसाज और रूपये की मांग करने लगे।जब हम और पैसा देने से मना किए और अपना भेजा गया पैसा वापस मांगने लगे तो जालसाज टाल मटोल करते रहे।अब कोई जबाव नहीं दे रहा है।

# सदर विधायक प्रतीक सिंह ने राजा आनंद सिंह को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह राजाभैया से मुलाकात कर व्यक्त की शोक संवेदना**

गोंडा। जिले क़े राजनीति के गलियारों में एक अहम दृश्य देखने को मिला।पूर्व सांसद बृजभूष ण शरण सिंह के पुत्र व गोंडा सदर से विधायकप्रतीक भूषण सिंह भाजपा सांसद व केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के घर पहुंचकर स्व.राजा आनंद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।इस दौरान उनके साथ झंझरी ब्लॉक प्रमुख आशीष मिश्रा,नवाबगंज प्रमुख सुमित सिंह,वजीरगंज प्रमुख पंकज सिंह सहित सैक ड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।बॉक्सराजा भैया से मुलाकात,जताई शोक संवेदनाश्रद्धांजलि के बाद प्रतीक भूषण सिंह ने राजा भैया से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की।दोनों नेताओं के बीच कुछ देर बातचीत भी हुई।हा लांकि मुलाकात शुद्ध रूप से शोक संवेदना के भाव में हुई।लेकिन इसके राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं।स्थानीय स्तर पर यह च र्चा तेज हो गई है कि राजनीति में कोई स्थायी दुश्मन नहीं होता,बल्कि हर मोर्चा वक्त और हा लात के अनुसार बदलता रहता है।लोगों का कहना है कि बृजभूषण परिवार से आज तक कोई राजमहल के अंदर नहीं गया।यह पहली बार है जब विधायक प्रतीक भूषण सिंह स्वयं जाकर श्रद्धांजलि देकर आए हैं।

# पोते जयवर्धन ने की दादा की अस्थियां संगम में विसर्जित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। सांसद कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के पिता पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा आनंद सिंह का बीते दिनों निधन हो गया है।राजा आनंद सिंह के निधन क़े बाद गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ 'राजा भैया' के पुत्र जयवर्धन सिंह ने प्रयागराज के पवित्र संगम क़े तट पर अपने दादा राजा आनंद सिंह की अस्थि यों का विसर्जन किया।यह भावुक क्षण राजा आनंद सिंह को अंतिम विदाई देने का प्रतीक था जिनकी हाल ही में मृत्यु हो गई थी।सुबह के समय जयवर्धन सिंह अपने परिवार के सदस्यों और कुछ करीबी लोगों के साथ संगम तट पर पहुँचे।धार्मिक अनुष्ठानों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच,उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ राजा आनंद सिंह की अस्थियों को त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में प्रवाहित किया।इस दौरान वातावरण में शांति और गंभीरता का अनुभव हो रहा था।राजा आनंद सिंह का निधन राजघराने और उनके समर्थकों के लिए एक बड़ी क्षति है।वे अपने क्षेत्र में एक सम्मानित व्यक्ति थे जिन्होंने जनसेवा और समाज कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया।उनकी अनुपस्थिति निश्चित रूप से महसूस की जाएगी।जयवर्धन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि उनके दादा का जीवन प्रेरणादायक था और वे हमेशा उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करेंगे।उन्होंने सभी शुभचिंतकों और समर्थकों का आभार व्यक्त किया,जिन्होंने इस दुख की घड़ी में उनके परिवार का साथ दिया।इस अस्थि विसर्जन के साथ ही,राजा आनंद सिंह को उनके पैतृक शहर से अंतिम विदाई दी गई जहाँ उन्होंने अपना अधिकांश जीवन व्यतीत किया और जनता के दिलों में अपनी जगह बनाई।यह एक ऐसा पल था जिसने उनके विशाल व्यक्तित्व और उनके किए गए कार्यों को याद दिलाया।

# जमीनी रंजिश में माँ बेटे की पिटाई में बाप और उसके दो बेटों पर मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। थाना क्षेत्र के बाँसपार में जमीनी रंजिश में बीते सोमवार की रात्रि 11 बजे पड़ोसियों ने माँ -बेटे को पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया। मंगलवार को दवा इलाज के बाद थाने पहुंचे पीड़ितों ने आरोपीयो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बाँसपार निवासिनी मंजू देवी पत्नी रामलाल ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि जमीनी रंजिश में बगल के सुरेंद्र अपने दो बेटों के साथ मिलकर सोमवार रात्रि 11 बजे मेरे घर चढ़ आये और मुझे और मेरे लड़के गोविंद को भद्दी -भद्दी गाली देते हुए लाठी डंडे से पीटने लगे, शोर मचाने पर धमकी देते हुए सभी भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाँसपार निवासी सुरेंद्र और उसके दो बेटों आदिय्य और प्रिंस पर मारपीट धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# विश्व जनसंख्या दिवस– 11 से 18 जुलाई तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। विश्व जनसंख्या दिवस पर दस जुलाई मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में जनसंख्या संवावदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया।अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आदित्य वर्मा ने अपने विचारों से अवगत कराते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश मे ''विश्व जनसंख्या दिवस 11 से 18 जुलाई तक जिले में आयोजन होंगे।विश्व कि जनसंख्या वर्तमान में भारत कि जनसंख्या का 16 प्रतिशत है तथा वैश्विक जनसंख्या का २.8 प्रतिशत है प्रदेश की आबादी ब्राजील देश कि जनसंख्या के बराबर है।एस.आर.एस.2018 आंकड़ो के अनुसार मातृ मृत्यु दर 197 तथा शिशु मृत्यु दर 43 थी। विगत वर्षो में उत्तर प्रदेश ने मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर जैसे स्वास्थ्य संकेतकों में अच्छी प्रगति की है।एस. आर.एस.-2022 के आंकड़ो के अनुसार मातृ मृत्यु दर घटकर 141 तथा विश्व मृत्यु दर घट कर 38 हो गयी है।देश की मातृ मृत्यु दर घट कर 88 एवं विश्व मृत्यु दर घटकर 26 हो गयी है।वर्तमान में उत्तर प्रदेश कि कुल प्रजनन दर 2.4 है तथा प्रदेश जनसँख्या स्थिरीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य 2.1 को प्राप्त करने की दिशा में लगातार अग्रसर है।उत्तर प्रदेश की परिवार नियोजन साधनों की अनापूरित मांग 12.9 है। अभी भी कुल प्रजनन दर, अपूरक मांग जैसे संकेतको में अपेक्षित सुधार लाने की आवश्य कता है।इस अवसर पर उम्मीद परियोजना के अंतर्गत परिवार नियोजन, साधन एवं विवाह की सही उम्र पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा चर्चा की गयी।अपर मुख्य चिकित्साधिका री ने बताया कि उम्मीद परियोजना के अंतर्गत मोबियस फाउंडेशन और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के सहयोग से जिला महिला चिकित्सालयों,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उम्मीद परामर्श के न्द्रों की स्थापना,नवीन प्रचार प्रसार सामग्री विकसित किया जाना,हेल्थ एंड वैलनेस केन्द्रों हेतु एफ.पी.किट दिया जाना तथा आशा एवं ए.एन.एम.स्टाफ नर्स तथा फार्मासिस्ट की परि योजना का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्य करते हुए परिवार कल्याण के क्षेत्र में गुणवत्तापरक सेवाओं में वृद्धि एवं विस्तार किया जाना है।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आात्यि वर्मा क़े द्वारा सेवाप्रदाता सम्मेलन में बताया कि इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस का थीम ल्र्माँ और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधार ण का स्वस्थ समय और अंतरालङ्क तथा तथा स्लोगन ङ्क्मॉ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सहील्र है।प्रदेश कि जनसंख्या नीति 2021-30 के अंतर्गत दिए गए निर्देशों के अनुसार जनसंख्या स्थिरीकरण कि दिशा में प्रदेश में निम्न कदम उठाये जा रहे है। वहीमिशन परिवार विकास सहित उच्च कुल प्रज नन दर वाले सभी जिलों में दूरस्थ पहुँच वाले सामाजिक समूहों और भौगोलिक क्षेत्रों में परिवार नियोजन की उच्च अपूरित आवश्यक ता को कम करना।शगुन किट जैसे नवाचारों के माध्यम से नवविवाहितों,युवा और कम समान ता वाले जोड़ों द्वारा अंतराल के तरीकों को बढ़ा वा देना और पुरुष सहभागिता को प्रोत्साहित करना है।परिवार नियोजन परामर्श को प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल का एक अभिन्न अंग बनाया जाएगा और लंबे समय तक काम करने वाले प्रतिवर्ती गर्भ निरोधकों आईयूसीडी अन्तरा इंजेक्शन एवं नसबन्दी जैसे को अपना ने को प्रोत्साहित किया जाना।खुशहाल परिवार दिवस जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से परिवार नि यो जन सेवा कवरेज को तेज करना।स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों में सुरक्षित गर्भपात सेवाएं और गर्भपात के बाद परिवार नियोजन प्रदान करने वाली सुविधाओं के साथ परामर्श और रेफरल लिंकेज होंगे।सभी आयु समूहों के लिए सुलभ गुणवत्ता वाली सेवाएँ प्रदान करना।फैमिली प्लानिंग लजिस्टिक मैनेजमेन्ट सिस्टम क़े द्वारा जनपद स्वास्थ्य इकाई से ब्लाक स्वास्थ्य केन्द्र उपकेन्द्र तथा आशा स्तर तक परिवार नियोजन सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करना।एनक्यूएएस और लक्ष्य जैसे राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करते हुए परिवार नियो जन और सुरक्षित गर्भपात सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना।डब्लूसीडी पंचायती राज, शि क्षा आदि सहित विभिन्न विभागों और उनके कार्यक्रमों के साथ अंतरविभागीय अभिसरण, महिलाओं की स्वायत्तता और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना।विवाह की सही उम्र एवं परि वार नियोजन सेवाओ पर जागरूकता हेतु माह सितम्बर मे जनपद के नौ ब्लाक मे पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया द्वारा ल्र्इतनी भी क्या जल्दी हैङ्क कैम्पेन किया जाना है।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आदित्य वर्मा ने युवाओं, पुरुषों एवं नवदम्पत्तियों की भागीदारी,समुदाय स्तरीय सेवाप्रदाताओ की भूमिका को परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्व पूर्ण कड़ी के रूप में बताया, जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डॉ.देवेन्द्र ने बतायाकि 11 से 18 जुलाई तक जनपद में ल्रविश्व जन सँख्या दिवसङ्क मनाया जाएगा,जिसके लिए विभिन्न प्रकार कि गतिविधियों जैसे सारथी वाहन,सास बहू बेटा सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है।कार्यक्रम में उपरोक्त के अतिरिक्त अपर शोध अधिकारी चंदन,डी.पी.एम अमर नाथ पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया की स्मिता एवं अमरीश पाण्डेय की उपस्थिति रही।

# गुरुओं का सम्मान करना सभी का धर्म: पीयूष मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पूर्व जिलाध्यक्ष पीयूष मिश्रा ने कहा कि पहला गुरु मां होती है,उसके बाद शिक्षा देने वाला और धर्म के मार्ग बताने वाला भी गुरु होता है। इनका सम्मान करना सभी का धर्म है। उन्होंने ये बातें गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कही भाजपाइयों ने गुरुवार को मंदिरों में जाकर महं त और पूजारियों को अंगवस्त्र पुष्प गुच्छ,माला एवं मिष्ठान देकर स्वागत करते हुए उन्हें भेंट स्वरूप शॉल देकर आशीर्वाद लिया।शहर मेंस्थित प्राचीन शिव मंदिर के महंत का कहना है कि भाजपा द्वारा चला गया कार्यक्रम स्वागत योग्य है।इससे लोगों को धर्म लाभ के साथ-साथ गुरु और मंदिरों के पुजारी महात्माओं और पंडितों का आशीर्वाद भी प्राप्त हो जाता है।कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी ने बताया कि सनातन परम्परा के अनु रूप गुरु को समाज जीवन मे सर्वोच्च स्थान प्राप्त है जिसके निमित्त वर्ष भर मे गुरु पूर्णिमा के दिन हम अपने गुरु का देव स्वरुप मे पूजन करके उनका आशीर्वाद ग्रहण करते है।इस अव सर पर कार्यक्रम प्रमुख पूर्व जिलाध्यक्ष पीयूष मिश्रा,सूर्य नारायण तिवारी,अक़्बाल वहादुर तिवारी,विधायक अजय सिंह,प्रेम नारायण पाण्डेय,बावन सिंह,महामंत्री राकेश तिवारी जसवंत लाल सोनकर,उपाध्यक्ष,संदीप पाण्डेय, नीरज मौर्य, राजेश राय चंदानी, राघवेंद्र ओझा पट्टू,विद्याभूषण द्विवेदी, दीपक गुप्ता सहित सैकड़ो भाजपाई हिस्सा लिए।

# रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में चला वृक्षारोपण महाअभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में वृक्षा रोपण महाअभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमा र रावत व क्षेत्राधिकारी शिल्पा वर्मा ने विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे अभियान में आरक्षियों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए जगह-जगह पौधे लगाए।अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कु मार रावत ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष और जीव-जन्तु एक-दूसरे के पूरक हैं।उन्होंने कहा कि वृक्षों द्वारा उत्सर्जित ऑक्सीजन मानव समेत समस्त जीव-जंतुओं के लिए जीवनदायिनी है।इससे न केवल पर्यावरण संतुलित रहता है बल्कि बढ़ते वैश्विक तापमान पर भी अंकुश लगता है अपर पुलिस अधीक्षक ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण के लिए हानिकारक प्लास्टिक के उपयोग से बचने का भी संदेश दिया।इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक समेत पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य ने किया पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। एक पेड़ मां के नाम महोत्सव को लेकर चारों तरफ धूम दिखाई दे रही है।बड़ी संख्या में सरकारी संस्थाओं में पौधारोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रेनू राज ने भी पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया हैं।जिला पंचायत सदस्य ने पौधरोपण के उचित तरीके बताते हुए ग्रामीण के साथ बड़ी संख्या में फलदार,छायादार और औषधीय पौधे लगाए हैं।साथ ही जिला पंचायत सदस्य ने पौधों को संरक्षित कर उनके द्वारा सामाजिक,आर्थिक एवं सांस्कृतिक उत्थान का संदेश भी दिया है।उन्होंने कहा कि पौधें जहां पर्यावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ लकड़ी एवं फल द्वारा आर्थिक स्थिति को बेहतर मजबूत करने में मदद करते हैं। वहीं जलवायु को नियंत्रित करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से पौधो तथा वन जीवन के पर्यावरण में योगदान के बारे में भी बताया तथा ज्वलंत मुद्दों जैसे ग्लोबल वार्मिंग जलवायु परिवर्तन तथा ग्रीन हाउस इफ़ेक्ट के तकनीकी पहलुओं पर भी ग्रामीणों से चर्चा की है।साथ हीं सभी से अपने-अपने घरों में पौधा लगाने की अपील भी की है।

# जनपद में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा ल्लविश्व जनसंख्या दिवस अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी 11 जुलाई 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया जायेगा तथा 11 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक विश्व जनसंख्या दिवस अभियान का आयोजन जनपद के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया जायेगा। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस 2025 का स्लोगन होगा ल्लमॉ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयार सहील्ल एवं विश्व जनसंख्या दिवस 2025 की थीम होगी इस अभियान के आयोजन को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेज कर निर्देशित किया गया है।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जन-मानस के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार कर परिवार नियोजन कार्यक्रम को प्रचारित करना एवं इसके लाभ के बारे में लागों को जागरूक करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभियान से पूर्व आशा बहनों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर लागों को विश्व जनसख्ंया दिवस के विषय में अवगत कराते हुये परिवार नियोजन की सेवा प्राप्त करने के लिये इच्छुक दम्पत्तियों को चिन्हित किया जायेगा एवं अभियान के दौरान इन इच्छुक दम्पत्तियों को परिवार नियोजन की निशुल्क सेवायें प्रदान की जायेगीं। अभियान के दौरान लोगों को कम उम्र में विवाह न करने, दो बच्चों के जन्म के बीच सही अंतर रखने, प्रसव के बाद परिवार नियोजन के उपलब्ध साधन एवं नसबंदी कराने में पुरूषों एवं महिलाओं की सहभागिता बढाने आदि के बारे में सहयोगी परामर्श देते हुए जागरूकता बढ़ाई जायेगी। विश्व जनसंख्या दिवस अभियान में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन से सम्बन्धित विशेष स्टॉल लगाकर परिवार नियोजन से सम्बन्धित सभी सेवाओं के प्रति परामर्श प्रदान किया जायेगा एंव इच्छुक लाभार्थीयों को निशुल्क सेवा भी प्रदान की जायेगी। अभियान के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर विश्व जनसंख्या दिवस से सम्बन्धित बैनर प्रदर्शित किये जायेगें एवं जानकारी हेतु पम्पलेट्स का वितरण भी किया जायेगा। साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु जनपद स्तर पर एवं प्रत्येक ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्रों से परिवार नियोजन के बैनर से सुसज्जित सारथी-वाहन का संचालन भी किया जायेगा जोकि क्षेत्र के लोगों के बीच जाकर परिवार नियोजन के साधनों का वितरण करेगा एवं लोगों को परिवार नियोजन साधन अपनाने हेतु जागरूक करेगा।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने वृद्धाश्रम वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या ने बुधवार देर वृद्धाश्रम गौरीगंज तथा वन स्टाप सेंटर गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर वृद्ध जनों का हाल-चाल जाना उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी एवं उन्हें फल व मिष्ठान वितरित किया। इसके उपरांत उन्होंने वन स्टाप सेंटर गौरीगंज का निरीक्षण कर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा पीड़िताओं को जरूर की सामग्री समय से उपलब्ध कराने को कहा, साथ ही पीड़िताओं को दिये जाने वाले भोजन को गुणवत्तापूर्ण व समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयोग की सदस्य ने दोनों जगह वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी नलिन राज, महिला थानाध्यक्ष कंचन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरक्षण के आधार पर ही आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराये जाने की माँग डीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा पार्टी ने प्रदेश सरकार से सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने की मांग की।और कहा कि पिछड़ा वर्ग को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण को पिछड़ा वर्ग 7% , अति पिछड़ा वर्ग 9%,सव?धिक पिछड़ा वर्ग 11%, आरक्षण का लाभ दिया जाय व न्यायमूर्ति राघवेन्द्र सिंह सेवानिवृत्ति की अध्यक्षता में गाठित ''सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट उत्तर प्रदेश में अति शीघ्र लागू करते हुए पिछड़ा वर्ग को मिल रहे 27% आरक्षण में बंटवारा कर उपवर्गीकृत आरक्षण के आधार पर ही आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराये जाये और कहा कि राजनाथ सिंह के कार्यकाल के दौरान वर्ष 2001 में हुकुम सिंह की अध्यक्षता में ''सामाजिक न्याय समिति का गठन इस आशय से किया गया था कि उक्त समिति ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया था लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार का कार्यकाल समाप्त हो गया, जिससे उक्त समिति की रिपोर्ट प्रदेश में लागू नहीं हो सकी उत्तर प्रदेश सरकार के उपरोक्त कार्यकाल के पश्चात बहुजन समाज पार्टी व समाजवादी पार्टी की सरकार वर्ष 2017 के पूर्व तक उत्तर प्रदेश में रही परन्तु बसपा व सपा की सराकारों द्वारा न ही 27% आरक्षण में बंटवारा किया गया और न ही 'सामाजिक न्याय समिति'' की उपरोक्त रिपोर्ट लागू की गयी जिससे पिछड़े वर्ग की कुछ जातियां ही आरक्षण का अधिकांश लाभ लेती रहीं और शेष अन्य पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका और वे इससे वांछित रह गयी वर्ष 2017 में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा न्यायमूर्ति राघवेन्द्र सिंह सेवानिवृत्ति की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय ''सामाजिक न्याय समिति का गठन पुनः उपरोक्त आशय से किया गया। इस समिति ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट में यह सुझाव दिया है।

## अलाईपुर में कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज क्षेत्र के रायबरेली अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव अलाईपुर के पास बाइक सवार दो युवकों को एक कार ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे दुर्घटना में दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाली कार और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। विवरण के अनुसार बाइक सवार दोनों युवक रायबरेली से जगदीशपुर की तरफ जा रहे थे कि अलाईपुर के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी और दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मोहनगंज पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी तिलोई पहुंचाया जहां चिकित्सक ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया ममृतकों की पहचान आकाश दीप रैदास पुत्र राजकुमार तेइस वर्ष और सर्वेश कनौजिया पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम अस्था मजरे दामापुर थाना मलवा जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और दुर्घटना करने वाली ईवान कार को चालक समेत हिरासत में ले लिया गया है।

## पीएम श्री विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के पीएम श्री विद्यालय गणेशपुर गोटियां में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।वही इस महत्वपूर्ण अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी जौहरी ने सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों से पौधारोपण कार्यक्रम अपने अपने घरों में करने की अपील करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण की सेवा करने का आग्रह भी किया है ।इस दौरान विद्यालय का स्टाफ एवं अन्य शिक्षक सहित उत्साहित छात्र व अभिभावकगण ने कई औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व के वृक्षों का पौधारोपण कर कार्यक्रम को सफल बनाया है।

## 14 जुलाई को आयेगी राज्य महिला आयोग की सदस्य लगाएगी चौपाल सुनेगी महिलाओं की समस्याएं

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सदस्य राज्य महिला आयोग यूपी सुनीता सैनी द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा जनसुनवाई दिनांक 14.07.2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से 01 बजे गोमती सभागार की जायेगी। तत्पश्चात महिला चोपाल में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्नकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, गोद भराई एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम विकासखण्ड ललौरीखेडा में आयोजन व अपराह्न 2:00 बजे सीएचसी ललौरीखेड़ा पहुंचेगी एवं अपराहन 3:30 बजे जिला कारागार पीलीभीत का निरीक्षण करेगी।

## तहसील में चल रहा धरना हुआ समाप्त

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील परिसर में पिछले तीन दिनों से भारतीय किसान यूनियन (भानु) का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चल रहा था। किसानों की जमीन संबंधी समस्याओं, रास्तों की खराब स्थिति और प्रशासनिक अनदेखी से नाराज संगठन के कार्यकर्ता लगातार धरने पर बैठे हुए थे। उपजिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह ने स्वयं धरना स्थल पर पहुंचकर किसान नेताओं की समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया जिसके बाद धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया हैं।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने किया मंदिरो के महंतों को सम्मानित

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने मठ मंदिरों के महंत गुरू जनों को दुशाला उड़ाकर किया सम्मानित इन सभी महंत गणों को सम्मानित किया गया पं राजेश बाजपेई,पं जय शंकर,पं आशुतोष शर्मा,पं पुरूषोत्तम उपाध्य,पं अंकुर गोस्वामी,पं मोहन भट्ट,पं वंश मिश्रा,पं श्याम मिश्रा इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल,जिला महामंत्री दिनेश पटेल,नगर अध्यक्ष इन्द्रेश चौहान,नगर महामंत्री अमरीश शर्मा,नितिन सक्सेना,अमन बाबू ,सभासद वतनदीप मिश्रा, शंकर लाल,सुरेन्द्र शर्मा, वेदप्रकाश उपस्थित रहे।उक्त जानकारी स्वतंत्र देवल जिला मीडिया प्रभारी भाजपा पीलीभीत ने दी है।

## ट्रक की टक्कर से साड़ की मौत

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। देहात कोतवाली क्षेत्र में अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। पकड़ी गांव के पास गश्त पर निकले प्रतापगंज पुलिस चौकी के दो पुलिसकर्मी बुलेट मोटर साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर अचानक एक साड़ आ गया। बुलेट सवार पुलिस कर्मी साड़ से टकरा कर पलट गए। इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक ने साड़ को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दोनों पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। एक पुलिसकर्मी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों पर आवारा घूम रहे मवेशी आए दिन इस तरह की दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। प्रशासन द्वारा आवारा मवेशियों की रोकथाम के लिए सिर्फ कागजी कार्रवाई की जा रही है।

## मंदिर की संपत्ति बेचने के मामले मे डीएम ने दिए जाँच के आदेश

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उदासीन संगत आश्रम मंदिर की करोड़ों की संपत्ति बेचने का मामला सामने आया है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने डीएम को पत्र लिखकर शिकायत की है। डीएम ने एसडीएम बिपिन द्विवेदी को जांच के लिए मौके पर भेजा है। कोतवाली नगर क्षेत्र के लखनऊ नाका पर स्थित उदासीन संगत आश्रम मंदिर की संपत्ति लगभग 25 करोड़ रुपये की है। इस संपत्ति में कई किरायेदार दशकों से रह रहे हैं। आरोप है कि सपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि उर्फ राजू चौधरी और उनके परिवार ने फर्जी तरीके से स्वामी बनकर इस संपत्ति को बेचना शुरू कर दिया है। इस संपत्ति का एक हिस्सा पहले ही बेचा जा चुका है। संतोष कुमार और लोकनाथ ने एक दुकान और मकान का बैनामा खालसा लाउडस्पीकर सेंटर के मालिक सरदार जगदीप सिंह के नाम कर दिया है। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला मंत्री मंजू सागर कसौधन ने जिलाध्यक्ष को लिखित शिकायत की है। इस शिकायत पर सतवंत कौर, भगवंत कौर, दिलीप कुमार और हरजीत कौर के हस्ताक्षर हैं। सपा नेता ने इन आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि उनकी राजनीतिक छवि खराब करने के लिए झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

## सपा नेता राजकुमार ने अपने आवास पर साईकिल यात्री का किया स्वागत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के प्रदेश की यात्रा पर निकले समाजवादी साईकिल यात्री अंकित यादव यात्रा के तहत जनपद पीलीभीत पहुँचे इस क्रम मे पूरनपुर पहुँचने पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने अपने आवास पर साथियों के साथ भव्य स्वागत किया इस दौरान माल्यार्पण कर एव शाल उड़ाकर समाजवाद के साइकिल यात्री अंकित यादव जी का स्वागत किया इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नेता राजकुमार ''राजू'' ने बताया की ''कासगंज जिले से निकले अंकित यादव 75 जिलों और 18 मंडलों की ऐतिहासिक यात्रा पर हैं। समाजवादी पार्टी की विचारधारा और पीडीए पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।इस अवसर पर साईकिल यात्री अंकित यादव ने कहा जब ''बरेली से पीलीभीत की ओर बढ़े, तो समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जगह जगह उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है समाजवाद की साइकिल अब रुकने वाली नहीं है, हर जिले, हर गांव तक पहुँचने वाली है।

इस अवसर पर उपस्तिथ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने उनके जज़्बे को सलाम करते हैं और उन्हें इस प्रेरणादायक यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हैं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेंद्र सिंह,जगदीश शर्मा,विशाल सिंह,जवाहर शर्मा,नौशाद गाजी,महेश,इमरान वली खा,बादल ,बबलू आदि प्रमुख लोग उपस्तिथ रहें।

# विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा 14 सूत्रीय मांगपत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। धनपतगंज बाजार में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) अम्बावता गुट और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर संयुक्त विरोध प्रदर्शन किया। कस्बे की सभी दुकानें बंद रहीं और खंड मुख्यालय के सामने धरना इन के बाद उपजिलाधिकारी को मांगपत्र दिया ।

प्रदर्शनकारियों ने उपजिलाधिकारी बल्दीराय मंजुल मयंक को 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोराम जायसवाल ने धनपतगंज से नौगवां मार्ग निर्माण, बाजार में हाटपैड निर्माण और व्यापारी सुरक्षा जैसी मांगें रखीं।

किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने अलग ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगें रखीं। उन्होंने राजस्व विभाग द्वारा भूमि पैमाइश में अनियमितता, डीएपी खाद की कमी और माइनरों में सिंचाई की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन में संजय विश्वकर्मा, राम सागर गुप्ता, फूलचंद सोनी समेत सैकड़ों व्यापारी औरकिसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया जा रहे प्रशिक्षण का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा यह घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है। कि दिनांक 10 जुलाई को हमारे ''महिला परिधान सिलाई प्रशिक्षण'' बैच का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 महिलाओं ने भाग लिया और एक महीने तक गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया हैं।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सिलाई तथा परिधान निर्माण के क्षेत्र में आवश्यक कौशल प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के महिला परिधानों जैसे सूट, साड़ियाँ, ब्लाउज, कुर्तियां आदि की सिलाई,कटाई और डिजाइनिंग का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। उन्हें आधुनिक सिलाई मशीनों और तकनीकों से भी अवगत कराया गया।इस अवसर पर निदेशक रवि कुमार ने प्रतिभागियों को उनके सफल प्रशिक्षण के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ''हमें गर्व है कि हमने इन महिलाओं को एक ऐसा कौशल प्रदान किया है। जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद करेगा। हमारा मानना है। कि कौशल विकास ही सशक्तिकरण की कुंजी है।और हम भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे।

प्रशिक्षित महिलाओं में से कई अपना छोटा व्यवसाय स्थापित करने की योजना बना रही हैं। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के निदेशक रवि कुमार, संस्थान की सीनियर फैकल्टी फिजा खानम सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे है।

# पवन मिश्रा(कटावां) कांग्रेस उपाध्यक्ष बने के युवा कांग्रेस के प्रभारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कांग्रेस पार्टी खोई हुई जमीन को पुनः पाने के लिए एडी-चोटी का जोर लगा रही है, कमजोर व निरंकुश कार्यकर्ताओं में जान डालने के लिए उन्हें उनका बल याद दिलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ व जिला उपाध्यक्ष पवन मिश्रा कटावां को युवा फ्रंटल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्हें संगठन को मजबूत और सक्रिय करने के साथ आमजन के लिए सरकार विरोधी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष करने के साथ जनहित में काम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पवन मिश्रा ने कहाकि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है। उसके लिए मैं पूरे मनोयोग से काम करने की कोशिश करूगा और पार्टी की रीति-निती जन-जन तक पहुंचाने में रात-दिन एक कर दूंगा।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संग्रामपुर तथा विकासखंड बहादुरपुर के ब्राह्मणी में आंगनबाड़ी केंद्र व प्राथमिक विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम आयोग की सदस्य ने संग्रामपुर पहुंचकर मां कालिकन धाम मंदिर में दर्शन पूजन किया तदोपरांत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली एवं संबंधित वार्डे न को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूरे विद्यालय परिसर का गहनता से निरीक्षण किया, बच्चों के रहने, खाने-पीने, उनके भोजन की गुणवत्ता, पढ़ाई-लिखाई आदि का बारीकी से जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय में पौधरोपण भी किया। तत्पश्चात विकास खण्ड बहादुरपुर के ब्राह्मणी में आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा छह माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया तदोपरांत प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में पौधारोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, महिला थानाध्यक्ष कंचन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यापार एकीकरण

अन्य देशों के उद्योगों की तरह ही भारतीय उद्योग जगत भी हर समय यही चाहेगा कि उसे ज्यादा संरक्षित बाजार में फलने-फूलने का मौका दिया जाए। यही वजह है कि उद्योग जगत के भीतर से दक्षिण एशियाई देशों के संगठन आसियान के साथ मुक्त व्यापार समझौता खत्म कर देने की मांग उठती रहती है। ऐसी मांग करने वाली आवाजें बहुत मुखर हैं। सरकार 2010 में लागू हुए इस समझौते की फिलहाल समीक्षा कर रही है और इसे ये आवाजें अनसुनी कर देनी चाहिए। आसियान देशों के साथ मिल-जुलकर रहने में ही भारत का हित है, उनसे दूर रहने में नहीं। आसियान के साथ मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा बैठक एक सप्ताह में होनी है। भारत को इस बैठक में सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए और रणनीतिक दृष्टि से महत्त्व रखने वाली इस साझेदारी को खत्म करने का बहाना नहीं ढूंढना चाहिए। सरकार के भीतर के कुछ लोगों और उद्योग जगत के बड़े लोगों की शिकायत है कि आसियान मुक्त व्यापार के जरिये दक्षिण पूर्व एशिया के रास्ते चीनी माल भारत में खपाया जा रहा है। मगर हमें समझना होगा कि उन देशों के लिए भी यह उतनी ही बड़ी चिंता है। उदाहरण के लिए वियतनाम ने चीन के कई स्टील उत्पादों पर डंपिंग रोधी प्रतिबंध लगाए हैं। इसलिए यह सभी की चिंता और सभी को मिलकर ही इसका हल भी निकालना होगा। जरूरी नहीं कि शुल्क के अलावा दूसरी अड़चनें खड़ी कर देने के अफसरशाही के शुरुआती कदम सही हों। उत्पादन के मूल स्थान का नियम ऐसा हो कि व्यापार पर बेजा असर डाले बगैर जरूरी जानकारी हासिल कर ली जाए और इसका मकसद आयात कम करना नहीं होना चाहिए। यह भी ध्यान रहे कि अतीत में तैयार किए उत्पत्ति के नियमों तथा स्थानीय मूल्यवर्धन जैसे उपायों को उन्नत बनाने का समय आ गया है ताकि वे वर्तमान के साथ ताल मिला सकें। भारतीय उद्योग जगत की आसियान से अलग होने की इच्छा न केवल पीछे चलने की सोच दर्शाती है बल्कि इस हकीकत से नजर भी चुराती है कि कि व्यापार के नए दौर में विभिन्न देश खुद को कैसे ढाल रहे हैं। इस आरोप में भी बहुत दम नहीं है कि आसियान भारत के साथ समझौते को पर फिर बात धीमी गति से आगे बढ़ा रहा है। उसने हाल ही में चीन के साथ डिजिटल और हरित क्षेत्रों पर समझौते को उन्नत बनाने की चर्चा पूरी की है। दक्षिण पूर्व एशिया के देशों की कंपनियां समझती हैं कि विनिर्माण के नए दौर में होड़ करने की क्षमता तभी आएगी, जब बाजार खुला होगा, तकनीक एवं पूंजी उपलब्ध होगी और आपूर्ति श्रृंखला से भी पूरा जुड़ाव होगा। भारत को भी वैश्विक मूल्य श्रृंखला से अच्छी तरह जुड़ने और होड़ की क्षमता बढ़ाने के लिए ऐसे समझौतों की जरूरत है। वियतनाम तथा अन्य देशों की तरह उसे भी डंपिंग के खिलाफ कदम उठाने चाहिए। भारत के लिए सही यह होगा कि वह बेहतरीन और गहन व्यापार समझौतों पर बढ़े। सरकार को यह भी समझना होगा कि किसी मुक्त व्यापार समझौते में देसी बाजार पर ध्यान देने वाले बड़े कारोबारों का ही हित नहीं जुडा होता। इससे सभी भारतीय प्रभावित होते हैं, जिनमें निर्यातक और उपभोक्ता भी शामिल हैं। आसियान से अलग होने पर देश के भीतर तेल की कीमतों जैसे कई असर दिखेंगे। अगर आसियान को भारत का कृषि निर्यात कम हुआ है तो उसकी वजह 2014-15 की तुलना में 2021-22 में गोवंश के मांस का निर्यात डॉलर में घटना है। इस गिरावट की वजह देसी नीतियां हैं, व्यापार नीति नहीं। आखिर में ध्यान रहे कि आसियान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अहम सामरिक साझेदार भी है। उसे चीन की बी टीम बताकर खारिज करते हुए हम भूल जाते हैं कि भारत को ही सुनिश्चित करना होगा कि इस क्षेत्र के लिए भारत के सामरिक नजरिये में पूरा क्षेत्र साथ खड़ा हो।

# जनसंख्या नीति नहीं, जन-जागरूकता है असली समाधान

(विश्व जनसंख्या दिवस/11 जुलाई/विशेष)

**आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्नस्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।**



जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं। बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी।

आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्नस्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।

देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिये से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार ने ऐसा क्यों किया, इसके कारणों को समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है। जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी वन चाइल्ड पॉलिसी को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा। जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1.3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिये जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरुकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है। बगैर कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि सम्पन्न महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है।

**योगेश कुमार गोयल**

# शिव को साधने का माह है सावन

**प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल**

सावन का महीना भारतीय जीवन एवं लोक परंपरा में अत्यंत पवित्र एवं उल्लासकारी है। यह लोक मंगल का आधार अन्नोत्पादन का आधार माह तो है ही लोकोत्तर की प्राप्ति एवं परम लौकिक देवता देवों के देव महादेव की उपासना का भी महीना है। वर्षा ऋतु का मध्य काल जब हिन्दू धर्मशास्त्र यात्रा का निषेध करते हैं यहां तक कि बौद्ध मत भी इस महीने में वर्षावास का आदेश देता है। उस काल विशेष में गेरुआ या केसरिया कपड़े पहने,कंधे पर कांवर लिए पवित्र नदी या तालाब से जल भरकर शिव का अभिषेक करने के लिए आकुल नर नारी हर शिवालय की ओर दिखने लगते हैं। यह प्रत्येक व्यक्ति के मन में सवाल तो खड़ा करता ही हैं कि कारण क्या है कि इस महीने में धान की रोपाई और निराई का काम छोड़कर कृषक समाज नंगे पांव निकल पड़ता है बोल-बम बोल-बम। का निवाद करते हुए। एक ऐसा दृश्य जिसमें कंटक, कंकड़, कीचड़ और बरसात ये सब भी मानो स्वागती हों इस शिव साधना में बौराए हुए जन समूह के। सावन को शिव का प्रिय मास माना जाता है। अर्धनारीश्वर को, प्रकृति का श्रेष्ठ श्रृंगार करने वाला यह महीना अपनी नैसर्गिक हरीतिमा के कारण प्रिय तो है ही, इसलिए भी अत्यंत प्रिय है कि सती के दाह के बाद उन्मत्त क्रुद्ध योगी और वैरागी शिव को पार्वती ने इसी महीने में तपपूर्वक पाया था। कहा जाता है कि श्रावण भगवान शिव का अत्यंत प्रिय महीना होता है। इसके पीछे की मान्यता यह है कि प्रजापति दक्ष की पुत्री माता सती ने अपने जीवन को त्याग दिया था और कई वर्षों तक शापित जीवन व्यतीत किया। इसके बाद उन्होंने पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया। पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए पूरे श्रावण महीने में कठोर तप किया, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनकी मनोकामना पूरी की। अपनी भार्या से पुनर्मिलन के कारण भगवान शिव को श्रावण का यह महीना अत्यंत प्रिय है। श्रावण मास में ही महायोगी शिव का महादेवी से साक्षात्कार हुआ था। इसी माह में योगनिद्रा त्याग कर महायोगी धूर्जटि शिव महागौरी के तप के प्रभाव से नटराज बने थे। यही कारण है कि प्रकृति भी सावनके महीने में नर्तन करती है। अपने चारों ओर हरितिमा का आवरण लपेट विरागी मन में भी राग उत्पन्न करती हैं। धान में रस आता है और इस रस का परिपाक होकर वह धान्य बनता है। इसीलिए शिव को भाता है। यह महीना रस के परिपाक का महीना है इसलिए भी सावन रसेश्वर शिव को प्रिय है। हिन्दू मन मिथकों को नहीं मानता है। वह तो भगवान का भी लौकिकीकरण करता है। इसीलिए हर ऋतु और हर माह का कोई न कोई देवता है। श्रावण के देवता शिव हैं। त्रिपथगा गंगा के स्रोत हैं, अर्थात जल के स्रोत हैं, हिम से भी शीतल है पर अंदर छिपा रखा है कालकूट हलाहल। इस हलाहल के कारण शिव को चंद्रमा की शीतलता भी कम पड़ती है। निरंतर प्रवाहित जल धारा से ही सुख मिलता है और जलधार चढ़ाने वालों पर उनका प्रसन्न होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि सावन में जब स्वयं प्रकृति आदिपुरुष महायोगी विषपायी वैरागी महादेव का जलधारा से अभिषेक करती है तो वैरागी भोले नाथ भी रसासिक्त हो जाते हैं। यह भी मान्यता है कि श्रावण के महीने में भगवान शिव धरती पर अपने ससुराल आए थे, जहाँ उनका अभिषेक कर स्वागत हुआ था। इसलिए इस माह में शिव अभिषेक का विशेष महत्व बताया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, श्रावण मास में ही समुद्र मंथन हुआ था, जिसमें निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने ग्रहण किया, जिसके चलते उन्हें नीलकंठ का नाम मिला। इस प्रकार उन्होंने सृष्टि को उस विष से बचाया। सभी देवताओं ने विषाग्नि को शांत करने के लिए उन पर जल डाला, इसी कारण शिव अभिषेक में जल का विशेष स्थान है। इस रसबोध का कारण मूल प्रकृति आदि शक्ति देवी पार्वती का अपर्णा रूप है। जब हरे भरे सावन में देवी ने शिव के लिए पत्तों का भी त्याग कर दिया और तब शिव को आना ही पड़ा। भगवान शंकर दो अतियों के बीच के देवता है। क्रोधातिरेक में वे संपूर्ण संसार का संहार करते हैं। तो करुणातिरेक में भोले भंडारी भस्मासुर भी बना देते हैं। इन दोनों अतियों के बीच जो कल्याण का भाव मन में लेकर धूनी रमाता है वही शिव है। सावन शिव से शोभन के सायुज्य का महीना है। शिव और शोभन अर्थात आदि पुरुष और मूल प्रकृति के मिलन का महीना है। इसलिए इस महीने में आकुल-माकुल हो वैरागी बन जाना बौराया हुआ वैरागी बन जाना सहज है। सावन सत के भास्वर रूप शिव और सौंदर्य की एकाकारिता का महीना है।

## सेहत मंत्र

# फॉलेट से भरपूर चुकंदर है खास, प्रेगनेंसी और ब्लड प्रेशर में मिलते हैं लाभ

चुकंदर में इतने ढेर सारे पोषक तत्व होते हैं कि इसके फायदों को जानकर हैरानी होती है। इसमें मौजूद सभी तत्व शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसके सेवन से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है और खून की कमी पूरी होती है। चुकंदर में फॉलिक एसिड की मात्रा भरपूर होती है इसलिए ये कई बीमारियों और गर्भावस्था की कई समस्याओं में बहुत फायदेमंद है। इसे सलाद में कच्चा भी खाया जा सकता है और सब्जियों में पकाकर भी लोग खाते हैं। इसके अलावा चुकंदर के जूस को काफी गुणकारी माना जाता है। इसे खाने या पीने से शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। आइये आपको बताते हैं कि चुकंदर किस तरह आपके लिए फायदेमंद है। चुकंदर में फॉलिक एसिड की मात्रा भरपूर होती है। ये तत्व शरीर के लिए जरूरी है क्योंकि ये कैंसर और हार्ट अटैक की आशंका को कम करता है। प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं को फॉलिक एसिड वाले आहार खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि ये बर्थ डिफ़ेक्ट्स से बचाता है। हमारे शरीर को एक दिन में लगभग 180 से 400 माइक्रोग्राम फॉलिक एसिड की जरूरत होती है, वहीं गर्भवती महिलाओं को 400 से 800 माइक्रोग्राम फॉलिक एसिड की जरूरत पड़ती है। गर्भावस्था में फॉलिक एसिड की जरूरत आम दिनों से दोगुनी हो जाती है क्योंकि फॉलिक एसिड शिशु की निर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई बार समय से पहले प्रेगनेंसी के मामले में भ्रूण के एम्बायरोज न्यूरल ट्यूब में कुछ परेशानी हो जाती है, तो भ्रूण का विकास ठीक से नहीं होता है। यही ट्यूब आगे जाकर बच्चे के स्पाइनल कॉर्ड और मस्तिष्क के रूप में विकसित होता है। फॉलिक एसिड की कमी के कारण बच्चा शारीरिक या मानसिक रूप से कमजोर पैदा हो सकता है या ऐसा भी हो सकता है कि उसके किसी अंग का पूरा विकास न हो पाया हो।

## धर्म मंत्र

# घर पर है बुरा साया या परेशान हैं राहु दोष से तो करें गोमूत्र के उपाय

हिंदू धर्म में गाय को माता कहा जाता है। ग्रंथों के अनुसार गाय में अनेक देवी-देवता निवास करते हैं इसलिए इसके गोबर और मूत्र को भी पवित्र कहा जाता है। महाभारत के अनुसार, गाय के गोबर और मूत्र में देवी लक्ष्मी निवास करती हैं। इसलिए पूजा-पाठ में भी गाय के गोबर और मूत्र का उपयोग किया जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. प्रफुल्ल भट्ट के अनुसार, ज्योतिष शास्त्र में भी गोमूत्र के अनेक उपाय बताए गए हैं, जिनसे अनेक समस्याओं का समाधान हो सकता है। ये उपाय बहुत आसान है। कोई भी व्यक्ति इन्हें आसानी से कर सकता है। जानिए कौन-से गोमूत्र के वो उपाय 1. अगर किसी घर में नेगेटिव एनर्जी यानी ऊपरी शक्ति का असर है तो वहां रोज सुबह-शाम गंगा जल में गोमूत्र मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। इससे बुरी शक्ति उस घर को छोड़कर जाती है। 2. घर में वास्तु दोष या किसी की नजर लगी तो भी गोमूत्र का छिड़काव करने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। 3. जिस व्यक्ति की कुंडली में राहु अशुभ स्थान पर हो, उसे रोज पानी में गोमूत्र की कुछ बूंदे मिलाकर नहाना चाहिए। इससे राहु का दोष कम हो सकता है। 4. अगर किसी व्यक्ति पर बुरी शक्ति का प्रभाव है तो उस पर भी गोमूत्र छिड़कना चाहिए या उसे गोमूत्र का तिलक लगाना चाहिए। 5. नए घर में प्रवेश करने से पहले वहां गोमूत्र छिड़कने से सभी प्रकार के दोषों का निवारण हो जाता है।

## पर्यटन



# सुबह की सैर करनी हो या पिकनिक मनानी हो, आइए दिल्ली के लोदी गार्डन

अगर आप दिल्ली की भीड़-भाड़ और शोर-शराबे से दूर एक शांत जगह पर जाना चाहते हैं और प्राकृतिक छटा भी निहारना चाहते हैं तो लोधी गार्डन काफी अच्छा विकल्प हो सकता है। यह दिल्ली के लोगों का पसंदीदा पिकनिक स्थल भी है। 90 एकड़ के क्षेत्र में फैला यह गार्डन भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित है जिसमें लोधी और मुहम्मद शाह के दो महत्वपूर्ण मकबरे शामिल हैं। मकबरों के अलावा बगीचे में बड़ा गुम्बद और शीश गुम्बद भी स्थित है। सुबह यहां जॉगिंग करने वालों की भीड़ नजर आती है। बड़ी संख्या में लोग यहां व्यायाम और योग करने भी आते हैं। ऐसे प्रेमी जोड़े, जो भीड़-भाड़ से दूर अकेलेपन की तलाश में होते हैं, बड़ी संख्या में दिन के समय यहां आते हैं। यहां बेंच पर बैठ कर मूंगफली खाते हुए प्यार भरी बातें करना आखिर किसे नहीं सुहाएगा! यह स्थान बहुत खूबसूरत और शांतिपूर्ण है, घास, फूलों और छोटी झीलों की वजह से यह एक पिकनिक हॉटस्पॉट है और दिल्ली के लोगों के लिए सुबह की सैर के लिए एक बढ़िया स्थान है। इस पार्क में हर सुबह योग कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। लोधी गार्डन का ऐतिहासिक महत्वः लोधी रोड पर स्थित ये पार्क ऐतिहासिक दृष्टि से भी काफ़ी महत्वपूर्ण है, 90 एकड़ में फैले इस पार्क में कई मुगल शासकों के मक़बरे हैं जिसमें मोहम्मद शाह और सिकंदर लोदी के मक़बरे प्रसिद्ध हैं। सुबह-शाम स्थानीय लोग इस पार्क में टहलने के लिए आते हैं तो दोपहर होते-होते यहाँ प्रेमी-युगलों के अलावा पर्यटक भी आने लगते हैं। इस पार्क में मुगल शासकों के मकबरों के अलावा शीश-गुंबद और बड़ा-गुंबद भी है। लोधी गार्डन में लोधियों द्वारा 15वीं सदी की वास्तुकला का काम किया गया है, लोधी वे थे जिन्होंने उत्तरी भारत और पंजाब के कुछ हिस्सों पर और पाकिस्तान के नवीन युग के खैबर पख्तूनख्वा पर वर्ष 1451 से 1526 तक शासन किया था। अब इस स्थान को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षण प्राप्त है। ये गार्डन दिल्ली की खान मार्किट और सफदरजंग मकबरे के मध्य स्थित है।

# गुरु पूर्णिमा अवसर पर भक्ति में हुआ वातावरण, कोटवा में उमड़ा सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। गुरू के प्रति कृतज्ञता का पावन महापर्व पर आज वातावरण भक्तिमय हुआ। गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए लोग अपने गुरु द्वारा पहुंचे और गुरु की पूजा अर्चना कर यथासंभव दक्षिणा अर्पित की। पर्व के दृष्टिगत जिले भर के मंदिरों में भी भीड़ उमड़ी थी। श्री कोटवा धाम लोधेश्वर महादेवा व कुंतेश्वर?धाम समेत अन्य तीर्थ स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों की कतार बद्ध भीड़ दिखी।

सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि ने बताया कि श्रीकोटवाधाम स्थित समर्थ जगजीवन दास साहब बड़े बाबा के दरबार में गुरु पूर्णिमा अवसर पर सरदार आस्था सैलाब उमड़ पड़ा।भोर से ही श्रद्धालु ट्राली-ट्रैक्टर व बसों तथा चार पहिया वाहनों से धाम पहुंचने लगे थे।गुरुवार को सीतापुर, बहराइच, गोंडा, अयोध्या और हरदोई समेत अन कई जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने अघहरण सरोवर में स्नान किया।और मंदिर में कतार बद्ध हो माथा टेका और मनौती भी की।दरबार मे आये श्रद्धालु अभिषेक कुमार, विशाल, सूरज चंदन, ललित ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर यहां आने का अत्यधिक महत्व है। कमली धाम आश्रम में भोजन प्रसाद का वितरण किया जा रहा था।

**योगी सरकार के मंत्री शर्मा ने लगाई हाजिरी**

श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास के दरबार में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा भी पहुंचे। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत व विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह भी मौजूद रहे। राज्यमंत्री ने गुरुदेव जगजीवन दास साहेब के दर्शन कर

मानव कल्याण की कामना की। तत्पश्चात यहां आयोजित भंडारा का भी शुभारंभ किया।

यहां उन्होंने भंडारे का शुभारंभ किया। छोटी गद्दी के महंत विशाल दास साहेब के दरबार में भी भंडारा का आयोजन हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में राजकुमार दीक्षित, दुर्गेश दीक्षित, साहेब प्रसाद यादव, नागेंद्र प्रताप सिंह और सरदहा धाम के महंत दीपक दास समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इसी प्रकार कुंतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दुल्हदेपुर कुटी पर बाबा बलराम दास के द्वारा आयोजित विशाल भण्डारा में हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। भव्य कुटी परिसर में तिल रखने का भी स्थान खाली नहीं था।गुरु से आशीर्वाद की होड़ मची थी।

रामनगर प्रतिनिधि ने बताया कि तहसील क्षेत्र के सभी कस्बों और ग्रामों में गुरुपूर्णिमा पर्व बड़ी ही श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया।गायत्री शक्तिपीठ रामनगर गायत्री संस्कार पीठ तिलोकपुर सूरतगंज क्षेत्र की जिगनी शक्तिपीठ तथा गनेशपुर स्थित ललिता माता मंदिर में हवन पूजन भजन तथा प्रसाद वितरण कर गुरुपर्व का भव्य आयोजन किया गया।महादेवा में श्रीलोधेश्वर महादेवजी के मंदिर में आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।भक्तों ने लोधेश्वरजी का जलाभिषेक और पूजन कर श्रावण मास की नित्य पूजा का शुभारंभ किया। निंदूरा प्रतिनिधि के अनुसार कुर्सी के बहरौली स्थित प्रसिद्ध बाबा मस्तराम दास आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।आश्रम में एक दिन पहले से ही बाहरी श्रद्धालुओं का आवागमन शुरु हो गया था।सुबह से ही आश्रम पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ शाम तक लगी रहीं। कुर्सी बड़ू फुल पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाल रखी थी।

# भ्रष्टाचार व नदी में अतिक्रमण को लेकर किसान आंदोलित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। उमरा औधोगिक क्षेत्र में किसानों द्वारा आयोजित अनिश्चितकालीन धरना के 25 वें दिन गुरुवार को किसानों ने जल आंदोलन का रास्ता अपनाया।और किसान रेठ नदी जल में खड़े हो कर प्रदर्शन करने लगे। पुलिस की महति पर किसान नदी से बाहर आए।

बताते हैं कि भाकियू लोकतांत्रिक गुट क प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम् तिवारी के नेतृत्व में किसान दस सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे है।शिवम् तिवारी ने कहा कि कमीशन खोरी के चलते गांवों का किसान तहसीलों व थानों के चक्कर काट रहा है।कुर्सी के बहरौली में चल रही चकबंदी में धांधली की जा रही है। उमरा में रेठ नदी की भूमि पर सड़क बना दी गई। रेठ नदी में फैक्ट्रियों का गंदा व दूषित पानी गिरने से रोका जाए तथा अतिक्रमण हटाकर रेठ नदी की सफाई कराई जाए। औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रियों द्वारा जल दोहन किया जा रहा रहा, जिससे जलस्तर गिरता जा रहा है।इस मौके पर नसीर लाला, सूफियान, गाजी, कौशल सिंह, अमर सिंह सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# हाईवे जाम से राहत, बस स्टॉप को मिला सम्मान, पुलिस ने किया कमाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी हैदरगढ़ कस्बे के वर्षों से उपेक्षित पड़े बस स्टॉप पर अब फिर से चहल-पहल लौटने लगी है। करोड़ों की लागत से बने इस बस अड्डे को लंबे समय तक बसों द्वारा नजरअंदाज किए जाने से स्थानीय लोगों में निराशा थी, लेकिन पुलिस विभाग की सतर्कता और कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार रोडवेज बसें नियमित रूप से बस स्टॉप पर रुकने लगी हैं। हालांकि अभी भी कुछ बसें बिना अनुमति के सीधे मुख्य चौराहे से निकल जाती हैं, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या बसों के लिए बनाए गए निर्धारित बस स्टॉप को पूरी गंभीरता से लागू किया गया है? मगर फिलहाल जो सुधार दिख रहा है, उसने आमजन को थोड़ी राहत जरूर दी है। पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह की सख्त पहल के तहत यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह और



## मूक परिवहन विभाग जागा, अब डिपो से ही मिलेगी बसे ,हैदरगढ़ बस स्टॉप पर लौटने लगी रौनक

चौकी प्रभारी कपिल देव यादव को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कोई भी बस बिना बस स्टॉप पर रुके नहीं गुजरनी चाहिए। इसके बाद पूरी पुलिस टीम ने मोर्चा संभालते हुए बसों को मजबूरन बस स्टॉप पर रुकवाया। इसका सकारात्मक असर दिखने भी लगा है – लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर, वाराणसी जैसे विभिन्न डिपो की बसें अब हैदरगढ़ बस स्टॉप पर रुक रही हैं। जहां पहले बसें मुख्य चौराहे से तेज रफ्तार में निकल जाती थीं, अब वही बसे बस स्टॉप की परिक्रमा कर रुक रही हैं। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा हुई है, बल्कि स्थानीय दुकानदारों, खासकर बस स्टॉप कैंटीन व चाय-पान विक्रेताओं को भी व्यापार में लाभ हो रहा है । अब तक मूकदर्शक बना परिवहन विभाग भी आखिरकार हरकत में आया है। क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) जगदीश प्रसाद ने बताया कि ''लखनऊ, जौनपुर, सुल्तानपुर, वाराणसी आदि डिपो को पत्राचार कर निर्देशित किया गया है कि सभी बसें हैदरगढ़ बस स्टॉप पर ही ठहरें।

**ट्रैफिक जाम की समस्या में राहत**

बसों के मुख्य चौराहे से गुजरने के चलते पूर्व में अक्सर जाम की स्थिति बनती थी, जिससे स्थानीय लोग और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। मगर अब बसों के बस स्टॉप पर रुकने से इस समस्या में भी काफी हद तक सुधार आया है। स्थानीय निवासी रामसेवक वर्मा का कहना है, ळअब हमें बस पकड़ने के लिए हाईवे पर दौड़ना नहीं पड़ता। बस स्टॉप पर समय से आना बहुत राहत देने वाला है।ङ्क वहीं एक दुकानदार गुड्डू पंडित कहते हैं, ळअब पहले से अधिक ग्राहक आ रहे हैं, जिससे बिक्री बढ़ी है। पुलिस प्रशासन का धन्यवाद करना चाहिए।ङ्कहैदरगढ़ बस स्टॉप पर बसों के नियमित ठहराव की दिशा में यह एक स्वागतयोग्य पहल है। यदि परिवहन विभाग और पुलिस इसी प्रकार समन्वय बनाकर कार्य करें तो आने वाले दिनों में यहां की यातायात व्यवस्था और सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। हालांकि अब भी कुछ बसें नियमों का पालन नहीं कर रही हैं, उन पर कठोर कार्यवाही अपेक्षित है ताकि व्यवस्था स्थाई रूप से प्रभावी बनी रहे।

# कार्यशैली से चर्चा में आए पंडित त्रिपाठी की छिनी कुर्सी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। लगातार मनमानी पूर्ण कार्यशैली से चर्चा में रहे पंडित त्रिपाठी की कुर्सी बड़े कप्तान ने छीन ली। उन्हें शिवगढ़ एसओ के पद से हटाकर विशेष जांच प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया है। उनके स्थान पर पुलिस लाइंस में तैनात ज्ञानेश दुबे को नया धानाध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही कई अन्य उप निरीक्षकों को इधर से उधर किया है।

एसपी कुंवर अनुपम, सिंह ने अलीगंज के चौकी प्रभारी राकेश कुमार ओझा को शाहगंज का चौकी प्रभारी बनाया है। उनके स्थान पर कोतवाली नगर से जगदीश सिंह को भेजा है। बीते दिनों कोतवाली नगर कार्यालय में दीवान की लापरवाही से चली गोली से वे घायल हो गए थे। स्वस्थ होने के बाद चौकी मिली। अमित सिंह को प्रतापगंज, प्रदीप कुमार को केएनआइटी, संजय कुमार सिंह को सीताकुंड का चौकी प्रभारी एसपी ने बनाया है। केपी वर्मा को कोतवाली नगर, श्री कृष्ण शुक्ल को अखंडनगर तथा रमाशंकर शर्मा को रिट सेल में तैनाती के आदेश दिए हैं।

**ठेकेदार पर मुकदमा व महिला की पिटाई के मामले ने पकड़ा तूल**

पंडित त्रिपाठी को लापरवाह कार्यशैली ने कई बार विभाग की किरकिरी कराई। शिवगढ़ की फूल कुमारी का आरोप था कि 26 मई की रात गांव के ही अयोध्या प्रसाद वर्मा दारोगा अमित सिंह को लेकर घर आए थे। जबरन दरवाजा खुलकर दारोगा व साथ के दो सिपाहियों ने देवर को व उन्हें मारा, जिससे हाथ में फ्रैक्चर हो गया। अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश और पीड़िता के बयान के बावजूद सीओ ने गलत रिपोर्ट प्रेषित की। इसको शिकायत पीड़िता ने फिर से एडीजी से की है। इसी थाने के दारोगा अमित कुमार व अन्य दो सिपाहियों पर न्यायालय में वाद लंबित होने के बावजूद विपक्षी के साथ मिलकर घर पर कब्जा करवाने की धमकी देने का मामला सामने आया था। कैथापुर बेलडाड़ी के हरीलाल ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई थी। भाइयों के बीच विवाद में सुलह कराने का प्रयास करने वाले ठेकेदार व व्यासपी रवींद्र सिंह पर ही मुकदमा लिख लिया गया था। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इन मामलों की शिकायत शासन स्तर पर व विभागीय उच्चाधिकारियों से हुई तो पंडित त्रिपाठी की कुर्सी छिन गई।

**पंडित त्रिपाठी का विवादों से है पुराना नाता**

पंडित त्रिपाठी अपने तैनाती के दौरान ऐसी एक भी जगह नहीं बची

जहां ये किसी के ऊपर फर्जी मुकदमा दर्ज नहीं किया हो जैसे जनपद अंबेडकर नगर तैनाती में बेवाना थाना में फर्जी मुकदमा दर्ज किया आलापुर तैनाती में बाराबंकी के तैनाती में धनपतगंज के तैनाती में और तो और

दोस्तपुर तैनाती में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार पाण्डेय से मिलकर मनगढ़ंत तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया। आखिर में जितना भी ये मुकदमा दर्ज करता है उन सभी मुकदमे में एफॉर लग जाता है और रही बात इनका विवादों से पुराना नाता तो जनपद अंबेडकरनगर बेवाना में थाना प्रभारी के पद नियुक्त तनाती के दौरान पंडित त्रिपाठी के ऊपर मुकदमा संख्या 182/2022 धारा 506,392,354(ख),452,323 दर्ज है ईंट ही नहीं सूत्रों के अनुसार बाराबंकी में ऐसे ही गंभीर धाराओं में लिप्त है।

# गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ बम्हनपुर में मनी गुरु पूर्णिमा, वृक्षारोपण का लिया संकल्प



कैनविज टाइम्स संवाददाता

दौलतापुर निघासन खीरी । गुरुवार, 10 जुलाई 2025 को बम्हनपुर कस्बे के पलियाऽनिघासन रोड स्थित गायत्री मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक रीति से गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में भाग लिया और गुरु समर्पण कर अपने जीवन में सद्गुरु के मार्गदर्शन के महत्व को स्वीकारा। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे इस गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाएंगे। इसके साथ ही लोगों ने एक-दूसरे को टीका लगाकर आपसी सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में दूर-दूर से आए भक्तों ने भागीदारी निभाई और गुरु पूर्णिमा के महत्व की जानकारी भी साझा की गई। समापन में प्रसाद वितरण के साथ भक्तों ने समाज और पर्यावरण के कल्याण हेतु अपना योगदान देने का आह्वान किया।

## ट्रांसफार्मर टूर पर, मोहल्ला अंधेरे में गुम

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत बेलहरा की बिजली व्यवस्था अब भगवान भरोसे नहीं, ट्रांसफार्मर भरोसे हो गई है – और ट्रांसफार्मर भी शायद अब रिटायरमेंट मूड में है। वार्ड नंबर 12 सौरंगा में बुधवार दोपहर से ट्रांसफार्मर ने काम करने से साफ इनकार कर दिया है, और मोहल्लावालों को 50 घंटे से अंधेरे की योग साधना में लीन कर दिया है। स्थानीय लोग अब बिजली के दर्शन की आस छोड़ चुके हैं और मोमबत्ती तथा मच्छरदानी को पुनः 'लाइफलाइन' मान चुके हैं। भीषण गर्मी में बिजली गायब है और पंखा सिर्फ दीवार की शोभा बढ़ा रहा है जैसे सरकारी दावे सिर्फ कागज की। ट्रांसफार्मर के इस 'ध्यान मुद्रा' में चले जाने के बाद लोग बार-बार विभाग को जगाने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन विद्युत विभाग की नींद भी कुंभकर्ण से प्रेरित है। अधिकारियों को फोन करना अब रिटेल टॉर्चर जैसा अनुभव बन गया है – ''आपका कॉल हमारे लिए महत्वपूर्ण है, कृपया इंतज़ार करें...'' और ट्रांसफार्मर हँसता है। अंदाज़ा यही लगाया जा रहा है कि बिजली विभाग शायद इस उम्मीद में है कि ट्रांसफार्मर स्वयं ज्ञान प्राप्त कर पुनर्जीवित हो जाएगा, या फिर उपभोक्ता ही अंधेरे को 'न्यू नॉर्मल' मान लें। वहीं प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों की हवा ज़रूर चल रही है, लेकिन ज़मीन पर अब भी उमस और अंधकार पसरा हुआ है। एक उपभोक्ता ने चुटकी लेते हुए कहा, ळबिजली अब महज एक सपना है, जो विभाग की कार्यप्रणाली में ही कट जाता है। इस बीच मोहल्ले के कुछ लोग अब इस ट्रांसफार्मर को माला पहनाकर श्रद्धांजलि देने की योजना बना रहे हैं, शायद इसी बहाने नया ट्रांसफार्मर आ जाए।

## सैदपुर पुरई में नागदेवता मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, भक्ति में लीन दिखे मेलार्थी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के सैदपुर पुरई गांव में हर वर्ष की भांति इस बार भी आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर नागदेवता मेले का भव्य आयोजन हुआ। सुबह होते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मेला स्थल पर उमड़ पड़ी। भक्तों ने पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ नागदेवता की बाबी पर दूध, मिट्टी से बनी भुरकी, करवा आदि अर्पित कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसी प्रकार मदारपुर अमरसिंह स्थित नागदेवता मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य मंदिरों पर भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली। जगह-जगह जय नाग देवता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। पूजा के साथ-साथ श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए। मेले में लगे झूले, खिलौनों, मिठाइयों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानों ने लोगों को खासा आकर्षित किया। मेलार्थियों ने खरीदारी कर मेले का आनंद उठाया। खासकर बच्चों की खुशी देखने लायक थी – वे झूलों और खिलौनों के बीच झूमते, मुस्कुराते और उल्लास से भरपूर नजर आए।

## सेमरौता में दीवाल गिराकर गेट तोड़ने पर चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में बेखौफ सरहंगो द्वारा एक गरीब के सहन की भूमि कब्जाने की खातिर दीवाल गिराकर गेट तोड़ डालने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने जब विरोध जताया तो उसे सरहंगो के कोपभजन का शिकार भी होना पड़ा। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। थाना क्षेत्र के कस्बा सेमरौता निवासिनी शमीम बानो पत्नी मोहम्मद मेराज के घर के सामने स्थित सहन की भूमि कब्जाने की नियत से सरहंगों ने अपनी नजरें गड़ा ली और कागज के चंद टुकड़ों के बल पर कब्जा जमा भी लिया पीड़ित परिवार थाना तहसील के चक्कर काटता रहा लेकिन उसे न्याय तब तक नही मिला जब तक सरहंगों द्वारा उसके सहन की अधिकांश भूमि पर कब्जा नही जमा लिया गया। सरहंगों का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों का समझौता करवा दिया गया जो कि सरहंगों को रास नही आया और नौ जुलाई की रात करीब ढाई बजे गरीब की दीवाल गिराकर गेट तोड़ डाला गया और सुबह जब पीड़ित परिवार ने विरोध जताया और रसूखदार लोग फौजदारी पर अमादा हो गये और गरीब परिवार को सरहंगों के कोपभजन का शिकार बनना पड़ा। पीड़िता शमीम बानो ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर स्थानीय पुलिस को आपबीती सुनाते हुये फफक कर रो पड़ी और उसकी आंखों से आंसुओं की धार बह चली तो आखिरकार पुलिस ने दीवाल गिराकर गेट तोड़ने के मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया लेकिन घटना को अंजाम देने वाले मनबढ़ लोगों को गिरफ्तार नही कर सकी है जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और पीड़ित गरीब परिवार पर काली छाया के बादल मंडरा रहे हैं। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि शमीम बानो की तहरीर पर गांव के ही मोहम्मद इलियास, मोहम्मद इकरार पुत्रगण इस्तियहाक, अफसार, एकलाख पुत्रगण मल्लू के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया गया है।

## ई रिक्शा को बचाने में डंपर ने रेहड़ी दुकानदार को रौंदा, मौत

हमीरपुर । सुमेरपुर कस्बे में गुरुवार को कबरई से गिट्टी लादकर आ रहा तेज रफ्तार डंपर श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के गेट के ठीक सामने अनियंत्रित होकर चाट ठेला को रौंदते हुए हाईवे के नीचे जाकर पलट गया। इस घटना में चाट ठेला मालिक की मौके पर ही कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक महिला की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया है। गुरुवार को अपरान्ह 3.30 बजे कबरई की ओर से गिट्टी लादकर आ रहा तेज रफ्तार डंपर अचानक श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के गेट के सामने ई रिक्शा के आ जाने से अनियंत्रित हो गया और हाईवे किनारे लगे चाट ठेला को कुचलता हुआ हाईवे किनारे पलट गया। इस घटना में चाट ठेला मालिक अजीम खान (18) निवासी नरही मार्ग चांद थोक की मौके पर ही कुचलकर मौत हो गई। इस घटना में ई-रिक्शा में सवार लीला देवी (55), रोहिणी (40), गया प्रसाद (50), गणेश (5), कार्तिक (10) व सुरेश (16) आदि गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को आनन फानन में सुमेरपुर कस्बे के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर लीला देवी को सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

# अघोरपीठ क्रीं कुंड में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

वाराणसी। काशी के विख्यात अघोरपीठ, 'बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड' में गुरूवार को पूरे उल्लास के साथ गुरू पूर्णिमा पर्व पर मनाया गया। गुरूवंदन पर्व पर क्रीं कुंड परिसर में शिव स्वरुप बाबा कीनाराम सहित अन्य औघड़/अघोरियों की समाधियों का पूजन अर्चन करने के बाद श्रद्धालुओं ने पीठाधीश्वर अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम का चरण रज लिया। दरबार में गुरूवंदन के लिए हजारों श्रद्धालु बुधवार की शाम ही पहुंच गए थे।

पीठाधीश्वर अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम का दर्शन पूजन के लिए आस्था से सराबोर भक्तों की लम्बी लाइन लगी रही। पूर्वांह साढ़े नौ बजे जैसे ही बाबा सिद्धार्थ गौतम राम अपने कक्ष से बाहर आए, श्रद्धालुओं के बीच उनकी एक झलक पाने की होड़ लग गयी। गुरु को सर्वोपरि मानने वाली हज़ारों की संख्या में कतारबद्ध श्रद्धालुओं ने अनुशासन का क्षण मात्र के लिए भी उल्लंघन नहीं किया।



इस दौरान पूरा अघोरपीठ 'हर हर महादेव' के गगनभेदी उदघोष से गुंजायमान रहा । लाइन में लगे श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक-एक कर गुरु-दर्शन किया और प्रसाद ग्रहण कर 'गुरु पूर्ण माँ' की आस्था के साथ ख़ुद को संतुष्ट पाया ।

बताते चले अघोरपीठ 'बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड'के मुख्य द्वार पर स्थित दोनों खंभों पर एक के ऊपर एक स्थित तीन मुंड अभेद प्रतीक हैं। जो यह बताते हैं कि ब्रह्मा विष्णु तथा महेश में भेद नहीं है। कीनाराम स्थल पर जलने वाली ''धूनी'' का भस्म ही यहां का प्रसाद है। आम धारणा है कि किसी भी प्रकार की विपत्ति व आपदा आने पर पीड़ित व्यक्ति पांच रविवार और मंगलवार को क्रीं कुंड में स्नान करे तो उसके कष्ट का निवारण होगा। इसी के चलते क्रीं कुंड में प्रत्येक रविवार और मंगलवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है।

## वन मंत्री ने पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में किया पौध रोपण

सुल्तानपुर। वन एवं पर्यावरण मंत्री उप्र डॉ.अरूण कुमार सक्सेना द्वारा बुधवार को पुलिस प्रशिक्षण स्कूल अमहट में सीता/अशोक का पौध लगाकर शुद्ध पर्यावरण का संदेश दिया। मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने प्रदेश की जनता का आवाह्न करते हुए कहाकि हर व्यक्ति को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। उन्होने कहाकि प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में जन सहयोग की भागीदारी सुनिश्चित करती है, मंत्री श्री सक्सेना ने कहाकि एक वृक्ष माँ के नाम लगाएं और उसकी देखभाल भी करें। सरकार शुद्ध पर्यावरण के लिए प्रतिबद्ध है, उक्त अवसर पर डीएफओ अमित सिंह द्वारा मंत्री श्री सक्सेना को स्मृति चिन्ह व लाल चन्दन का पौधा भेंट किया। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर /प्रवर्तन दल प्रभारी डीके यादव व अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

# लॉर्ड्स टेस्ट: इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का किया फैसला

## भारतीय टीम में बुमराह की वापसी, प्रसिद्ध कृष्णा बाहर

एजेंसी



लंदन । भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मुकाबले की शुरुआत आज क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में हुई, जहां इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है।स्टोक्स ने टॉस के बाद कहा, ''हम पहले बल्लेबाजी करेंगे। शुरुआत में पिच में थोड़ी मदद हो सकती है, लेकिन यह एक बेहतरीन टेस्ट सीरीज़ रही है और हम पूरी तरह तैयार हैं। लॉर्ड्स में खेलना हर किसी को पसंद है।''वहीं भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि वे पहले गेंदबाजी ही करना चाहते थे। उन्होंने कहा, ''मैं सुबह तक दुविधा में था कि क्या करना है। पहले गेंदबाजी करना बेहतर रहता, क्योंकि पहले सेशन में गेंदबाजों को मदद मिलती है लेकिन हमारी टीम के सभी खिलाड़ियों ने पिछले मैच में योगदान दिया और वही हमारी बात हुई थी। मैं खुद को बल्लेबाज के तौर पर अच्छी स्थिति में महसूस कर रहा हूं।''गौरतलब है कि दूसरे टेस्ट में भारत ने बर्मिंघम में शानदार जीत दर्ज की थी। शुभमन गिल ने दो शतकीय पारियां खेलते हुए 269 और 161 रन बनाए थे। मोहम्मद सिराज ने एक पारी में 6 विकेट लिए थे, जबकि आकाश दीप ने मैच में 10 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था।अब बारी लॉर्ड्स की है, जहां भारत का रिकॉर्ड मिला-जुला रहा है। यहां भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 19 टेस्ट हुए हैं, जिसमें से इंग्लैंड ने 12 और भारत ने सिर्फ 3 मुकाबले जीते हैं। हालांकि भारत ने अपनी पिछली तीन लॉर्ड्स यात्राओं (2014, 2018, 2021) में दो जीत दर्ज की हैं।इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम में एक बदलाव किया गया है ऽ जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है, जिन्हें प्रसिद्ध कृष्णा की जगह शामिल किया गया है।दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवनःभारत- यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।इंग्लैंड- जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर।

# इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 11-12 जुलाई को

## बेंगलुरु करेगा मेजबानी, 262 से अधिक भारतीय पैरा एथलीटों की भागीदारी, बेंगलुरु के कांतेरवा स्टेडियम में 11-12 जुलाई तक चलेगा टूर्नामेंट

एजेंसी




बेंगलुरु । दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल शुक्रवार से यहां कांतीरवा स्टेडियम में शुरू हो रही इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुख्य आकर्षण होंगे, जो सितंबर में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। दो दिवसीय चैंपियनशिप में 262 से अधिक भारतीय पैरा-एथलीट शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो नई दिल्ली में आयोजित होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल के लिए अंतिम चयन मंच के रूप में काम करेगा।अंतिल के अलावा प्रवीण कुमार (ऊंची कूद, टी 44), दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता योगेश कथुनिया (डिस्कस थ्रो, एफ 56), धर्मबीर नैन (क्लब थ्रो, एफ 51), रिंकू हुड्डा (भाला फेंक, एफ 46) और सिमरन (100 मीटर और 200 मीटर, टी 12) एक्शन में होंगे।पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया(पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, ''7वीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह भारतीय पैरा एथलीटों की दृढ़ता, उत्कृष्टता और राष्ट्रीय गौरव का उत्सव है। नई दिल्ली 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए यह इवेंट बेहद अहम है। मैं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और उनके अद्भुत प्रदर्शन को देखने के लिए उत्सुक हूं।''

# फीफा रैंकिंग में भारत को बड़ा झटका

## 6 स्थान गिरकर 133वें पायदान पर पहुंची भारतीय टीम

एजेंसी



दिल्ली । भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को फीफा रैंकिंग में तगड़ा झटका लगा है। गुरुवार को जारी हुई ताज़ा फीफा रैंकिंग में भारत छह स्थान फिसलकर 133वें स्थान पर पहुंच गया है। यह भारत की पिछले लगभग एक दशक में सबसे निचली रैंकिंग है। इससे पहले भारत दिसंबर 2016 में 135वें स्थान पर था।2023 के अंत तक भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन ट्रॉफियां जीती थीं और टॉप 100 में जगह बना ली थी। लेकिन उसके बाद से प्रदर्शन में लगातार गिरावट देखने को मिली है। पहले 2023 एएफसी एशियन कप के ग्रुप स्टेज से बाहर होना, फिर 2026 फीफा वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स से भी जल्दी बाहर हो जाना टीम के गिरते ग्राफ का हिस्सा बना।इगोर स्टिमैक की जगह मैनोलो मार्केज़ को हेड कोच नियुक्त किया गया, लेकिन कोचिंग बदलाव का भी कोई सकारात्मक असर नहीं पड़ा। भारत पिछले 16 महीनों से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं जीत पाया है। हाल ही में हांगकांग से 0-1 की हार के साथ एएफसी एशियन कप 2027 क्वालिफायर्स के तीसरे राउंड से बाहर हुआ और इसी के साथ मार्केज़ ने भी कोच पद से इस्तीफा दे दिया।भारत की यह 6 स्थानों की गिरावट, इस बार की वैश्विक रैंकिंग में दूसरी सबसे बड़ी गिरावट है। भारत के साथ चीनी ताइपे, केमैन द्वीप, सेंट किट्स और नेविस, अल साल्वाडोर और स्लोवाकिया ने भी इतनी ही गिरावट दर्ज की है। कांगो, मालदीव, हैती और जमैका वे चार देश हैं जिनकी रैंकिंग भारत से भी ज्यादा, 7 स्थान गिरी है। भारत के लिए यह रैंकिंग न सिर्फ एक चेतावनी है, बल्कि आने वाले समय में रणनीति, कोचिंग और खिलाड़ियों के चयन को लेकर बड़े फैसलों की ज़रूरत की ओर भी इशारा करती है।

# हॉकी इंडिया ने की सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 33 सदस्यीय कोर ग्रुप की घोषणा

## 14 जुलाई से 7 अगस्त तक बेंगलुरु में चलेगा ट्रेनिंग कैंप

एजेंसी




बेंगलुरु । हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के कोचिंग कैंप के लिए 33 सदस्यीय संभावित कोर ग्रुप की घोषणा की है। यह कैंप 14 जुलाई से 7 अगस्त तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। कैंप आगामी दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट– ऑस्ट्रेलिया दौरा और हीरो एशिया कप 2025 (राजगीर, बिहार में 29 अगस्त से 7 सितंबर तक) के लिए अहम तैयारी का हिस्सा होगा। गौरतलब है कि एशिया कप का विजेता सीधे एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालिफाई करेगा।हालांकि भारत का एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जहां टीम ने आठ में से केवल एक मुकाबला जीता और लीग में आठवें स्थान पर रही, लेकिन कोचिंग स्टाफ आने वाले टूर्नामेंटों को ध्यान में रखते हुए टीम को दोबारा संवारने और कमजोरियों पर काम करने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ङ्कप्रो लीग में यूरोप दौरे पर हमने देखा कि हमारी टीम ने हर मुकाबले में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन मैच को फिनिश नहीं कर पाई–जो हमने भुवनेश्वर में बेहतर तरीके से किया था। यह एक अहम पहलू है जिस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। इस कैंप का उद्देश्य हमारी 'डिफेंड टू काउंटर टू विन' रणनीति को और मजबूत करना है। वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन का सीधा मौका हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है और हम पूरी तैयारी के साथ एशिया कप में उतरेंगे।ङ्ककैंप के लिए चुने गए खिलाड़ी इस प्रकार हैंःगोलकीपर्स- कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, पवन और मोहिथ एच.एस.।डिफेंडर्स - सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप शेष, हरमनप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, संजय, यशदीप सिवाच और अमनदीप लकड़ा।मिडफील्डर्स-राजकुमार पाल, नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, मोइरांगथेम रबिचंद्र सिंह, पूवनना चंदूरा बोबी और विष्णुकांत सिंह।फॉरवर्ड- गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लकड़ा, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, आदित्य अर्जुन लग्गे, सेल्वम कार्थी, उत्तम सिंह और अंगद बीर सिंह।

# इंडिया ए पुरुष हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन, आयरलैंड को 6-0 से हराया

एजेंसी



एंडहोवन, (नीदरलैंड्स) , । यूरोप दौरे के दूसरे मुकाबले में इंडिया ए पुरुष हॉकी टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला नीदरलैंड्स के एंडहोवन में खेला गया, जहां भारतीय टीम ने एकतरफा अंदाज़ में जीत दर्ज करते हुए दौरे में लगातार दूसरी जीत हासिल की।टीम के लिए उत्तम सिंह ने एक बार फिर स्कोरिंग की शुरुआत की, जिसके बाद कप्तान संजय ने टीम की बढ़त को दोगुना किया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद रहील मऊसिन ने लगातार दो शानदार गोल दागे। अंतिम चरण में अमनदीप लकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल करते हुए टीम की जीत को और भी मजबूत बना दिया।मैच के बाद टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, ङ्कहमने आयरलैंड के खिलाफ दो बेहतरीन मुकाबले खेले हैं और मुझे खुशी है कि खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अगला मुकाबला फ्रांस के खिलाफ है और उम्मीद है कि टीम वही लय बरकरार रखेगी।ङ्कइंडिया ए टीम अब 12 जुलाई को इसी मैदान पर दोपहर 2 बजे (भारतीय समयानुसार) फ्रांस के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलेगी।

# विंबलडन 2025: नोवाक जोकोविच ने रिकॉर्ड 14वीं बार सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी



लंदन । अनुभवी सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने एक बार फिर अपना दबदबा दिखाते हुए इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-7(6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर विंबलडन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यह जोकोविच का ऑल इंग्लैंड क्लब में रिकॉर्ड 14वां सेमीफाइनल है।38 वर्षीय जोकोविच अब रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए आठवीं बार विंबलडन खिताब जीतने और ग्रैंड स्लैम की कुल संख्या 25 तक पहुंचने की ओर अग्रसर हैं। सेमीफाइनल में उनका सामना टॉप सीड जैनिक सिनर से होगा, जबकि खिताबी भिड़ंत में उनका सामना कार्लोस अल्कराज या टेलर फ्रिट्ज से हो सकता है।मैच के बाद जोकोविच ने कहा,''बहुत सारे आंकड़े हैं, जो मेरे दिमाग में घूम रहे हैं। विंबलडन हमेशा मेरे लिए सबसे खास टूर्नामेंट रहा है। यह मेरे करियर का एक बड़ा हिस्सा है और आज भी 38 की उम्र में यहां प्रतिस्पर्धा कर पाना मेरे लिए सम्मान की बात है।''उन्होंने आगे कहा, ''आज कोबोली जैसे युवा खिलाड़ी के खिलाफ खेलना मुझे भी युवा महसूस कराता है। अब मैं सिनर के खिलाफ खेलूंगा और यह शानदार मुकाबला होगा।''22वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली ने पहले सेट में शानदार वापसी करते हुए 3-5 से पिछड़ने के बाद जोरदार शॉट लगाए और टाईब्रेक में पहला सेट 7-6(6) से अपने नाम किया। पूर्व रोमा फुटबॉल खिलाड़ी कोबोली ने बाद में टेनिस को अपना करियर चुना और आज उन्हीं के आदर्श जोकोविच के खिलाफ कोर्ट में डटे रहे।जोकोविच ने कोबोली की तारीफ करते हुए कहा,''कोबोली को इस शानदार टूर्नामेंट और आज के संघर्ष के लिए बधाई। उन्होंने बहुत ही ऊंचे स्तर का खेल दिखाया। सबसे ज्यादा मुझे उनकी सर्विस ने चौंकाया।''दूसरे सेट में जोकोविच ने अपना अनुभव दिखाया और कोबोली की गलतियों का फायदा उठाकर 6-2 से सेट अपने नाम किया। तीसरे सेट में 6-5 की बढ़त लेने के बाद उन्होंने मुकाबले पर पकड़ मजबूत कर ली।चौथे सेट में सूर्यास्त की रोशनी में जोकोविच ने ब्रेक प्वाइंट हासिल किए, लेकिन मौके गंवाने के बाद वह गुस्से में खुद के जूते पर रैकेट से मारते नजर आए। हालांकि, आखिरी क्षणों में कोर्ट पर फिसलने के बावजूद, उन्होंने वापसी करते हुए जीत की मुहर लगा दी।मैच के बाद उन्होंने कहा,''मैं फिसल गया था और वो क्षण थोड़ा अजीब था।

# पीएसजी से मिली हार के बाद लुका मोड्रिक ने रियल मैड्रिड को कहा अलविदा

एजेंसी




ईस्ट रदरफोर्ड। फीफा क्लब वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के हाथों 0-4 की करारी हार रियल मैड्रिड के दिग्गज मिडफील्डर लुका मोड्रिक के लिए विदाई का पल साबित हुई। यह मैच रियल मैड्रिड के लिए मोड्रिक का आखिरी मुकाबला था।39 वर्षीय क्रोएशियाई स्टार मोड्रिक ने 2012 में रियल मैड्रिड का दामन थामा था और इसके बाद क्लब के साथ उन्होंने 28 प्रमुख खिताब अपने नाम किए। इनमें छह यूएफा चैंपियंस लीग, चार ला लीगा और दो कोपा डेल रे खिताब शामिल हैं। इस उपलब्धि के साथ मोड्रिक रियल मैड्रिड के इतिहास में सबसे अधिक ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।मोड्रिक न सिर्फ क्लब के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे हैं, बल्कि रियल मैड्रिड के लिए सबसे उम्रदराज गोल स्कोरर का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। पीएसजी के खिलाफ अपने आखिरी मैच में मोड्रिक 63वें मिनट में जूड बेलिंघम की जगह मैदान पर उतरे।उनके इस फैसले से एक युग का अंत हुआ है, जिसमें उन्होंने रियल मैड्रिड को यूरोप और दुनिया की फुटबॉल में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

# रामगढ़ में सैमसंग ने एआई फीचर के साथ लॉन्च किया एफ सीरीज टीवी

एजेंसी

रामगढ़। सैमसंग अपने नई तकनीक के लिए जाना जाता है। जिसकी वजह से ग्राहकों का ध्यान उस ओर बरबस चला

**शेयर समीक्षा**

जाता है। इस बार सैमसंग ने एआई फीचर के साथ एफ सीरीज टीवी लॉन्च किया है। गुरुवार को रामगढ़ में नारायणी परिसर में स्थित नेशनल एजेंसी में सैमसंग कंपनी के प्रतिनिधियों ने भी लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर सैमसंग के ब्रांच हेड मिथलेश तिवारी, एएसएम प्रियंक, आरएसओ प्रफुल्ल कुमार, डिस्ट्रीब्यूटर रवि अग्रवाल सैमसंग एक्सक्लुसिव डीलर आशीष मित्तल मौजूद थे। आधुनिक तकनीक से लैस सैमसंग एफ सीरीज की टीवी में एआई की सुविधा उपलब्ध है, जो नॉर्मल पिक्चर्स को भी 4-के में बदल देगा। साथ ही साथ



ऑटोमेटिक साउंड एडजस्टमेंट की सुविधा ग्राहकों को बार-बार रिमोट के उपयोग से छुटकारा दिला देगी।ऑफिस में बैठकर घर की टीवी का कर सकते हैं कंट्रोलनई फीचर के साथ सैमसंग ने इस टीवी का कंट्रोल वाई-फाई से कनेक्ट कर दिया है। टीवी को घड़ी और मोबाइल से भी ऑपरेट किया जा सकता है। अगर आप अपने ऑफिस में भी हैं तो घर में लगे टीवी का कंट्रोल आपके हाथ में ही रहेगा। टीवी का डिजाइन ऐसा है कि आप हॉल के किसी भी कोने में बैठे पिक्चर क्लियर दिखाई देगी। इसके अलावा कोई भी डायलॉग मिस नहीं होने देगा। इससे मूवी देखने का मजा दुगुना हो जाता है। यहां तक की ब्लैक एंड व्हाइट क्लासिकल मूवी में बेहद खूबसूरत रंग भरने की काबिलियत भी रखता है।

# एग्कॉन इक्विप्मेंट्स इंटरनेशनल ने आईपीओ के लिए डीआरएचपी दाखिल किया

एजेंसी




नई दिल्ली । हरियाणा स्थित इंफ्रास्ट्रक्चर उपकरण रेंटल कंपनी एग्कॉन इक्विप्मेंट्स इंटरनेशनल लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। इसके शेयरों को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष जमा दस्?तावेज के अनुसार हरियाणा स्थित कंपनी एग्कॉन इक्विप्मेंट्स इंटरनेशनल लिमिटेड नए इक्विटी शेयर जारी करके 332 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। इसके अलावा प्रमोटर ऑफर-फॉर-सेल के तहत 94 लाख शेयर बेचेंगे। इसमें जितेंदर अग्रवाल द्वारा 5,400,000 इक्विटी शेयरों और रेनू अग्रवाल द्वारा 4,000,000 इक्विटी शेयरों तक एक प्रस्ताव-बिक्री-बिक्री शामिल है।ईपीसी ठेकेदारों और बुनियादी ढांचा डेवलपर्स को बुनियादी ढांचा उपकरण किराये पर देने वाली कंपनी एग्कॉन इक्विप्मेंट्स इंटरनेशनल लिमिटेड नए निर्गम से प्राप्त 168 करोड़ रुपये का उपयोग ऋण भुगतान, 84 करोड़ रुपये उपकरणों की खरीदारी और बचे हुए एक हिस्से का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवेंटर्स लिमिटेड एकमात्र बुक-रनिंग लीड मैनेजर और एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इस मुद्दे के रजिस्ट्रार हैं।उल्?लेखनीय है कि हरियाणा स्थित 2003 में स्थापित एग्कॉन इक्विप्मेंट्स इंटरनेशनल लिमिटेड भारत में अग्रणी और सबसे तेज़ी से बढ़ती इंफ्रास्ट्रक्चर उपकरण रेंटल कंपनियों में से एक है। कंपनी विविध इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए उपकरणों का एक बड़ा बेड़ा रखती है। कंपनी मार्च 2025 तक भारत के 27 राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेशों में 500 से ज्?यादा ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर रही थी।


# देश को विकसित बनाने में सह-निर्माता के रूप में योगदान दे निजी क्षेत्र : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश को विकसित बनाने में उद्योगों की भूमिका पर बल देते हुए निजी क्षेत्र से देश के भविष्य के लिए सह-निर्माता बनकर काम करने का आह्वान किया है।

उप राष्ट्रपति ने गुरूवार को यहां भारतीय उद्योग परिसंघ और आईटीसी के पुरस्कार वितरण समारोह में उद्योग की भूमिका पर बल देते हुए कहा, निजी क्षेत्र को केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि भारत के भविष्य का सह-निर्माता बनकर काम करना चाहिए। हम केवल लाभ के लिए काम नहीं करते, हम अपनी सामूहिक ऊर्जा को समाज की भलाई के लिए लगाने में विश्वास करते हैं। एक सच्चे विकसित राष्ट्र में अवसर केवल कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी का अधिकार होता है। उपराष्ट्रपति ने उद्योग जगत से समावेशी दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि उसे सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यमों को समर्थन देने के साथ साथ नेतृत्व में लैंगिक तथा जातीय संतुलन को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लैंगिक और जातीय विविधता को सही मायनों में समझना होगा।

भारत के सतत विकास के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत मानवता का छठा हिस्सा है, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और एक ऐसे विकास मॉडल के वाहक हैं जो अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और नैतिकता को संतुलित करता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक 2030 सतत विकास एजेंडा भारत की सक्रिय भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भारत की नेतृत्व दृष्टि ने इस जिम्मेदारी को स्पष्टता और दृढ़ संकल्प के साथ अपनाया है। उन्होंने कहा , ञ्च हम उद्देश्य के साथ समृद्धि, समावेशन के साथ विकास, और



ईमानदारी के साथ नवाचार चाहते हैं। भारतीय उद्योग को इस हरित क्रांति का अग्रदूत बनना चाहिए-नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, परिपत्र अर्थव्यवस्था मॉडल, और कार्बन बाजारों में निवेश करें। अगर हम सततता को केवल अनुपालन के रूप में देखें, तो हम यह लड़ाई पहले ही हार चुके होंगे। उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, भारतीय उद्योग को अब न केवल वैश्विक बाजारों में बल्कि विचारों, मानकों और समाधानों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करानी चाहिए। 'ब्रांड इंडिया' को चार स्तंभों गुणवत्ता, भरोसा, नवाचार, और आधुनिकता में पुनर्परिभाषित प्राचीन ज्ञान पर आगे बढाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, एक समय था जब स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को व्यवसायियों द्वारा समाज को वापस देने का माध्यम माना जाता था। लेकिन अब ये क्षेत्र लाभ का साधन बनते जा रहे हैं। इन क्षेत्रों का व्यवसायीकरण और वस्तुवादीकरण जो समाज सेवा के माध्यम होने चाहिए थे, चिंता का विषय है। इसलिए मैं चाहता हूँ कि सीआईआई एक ऐसी व्यावसायिक संस्कृति को बढ़ावा दे जो समता, पारदर्शिता और दीर्घकालिक मूल्य निर्माण को प्राथमिकता दे। निजी क्षेत्र की भूमिका पर बल देते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा, सरकार की भूमिका केवल एक सक्षमकर्ता की है। असली ज़िम्मेदारी कॉर्पोरेट क्षेत्र पर है। सरकार अकेले 'पेनल्टी गोल' नहीं कर सकती, न ही वह अकेले 'कॉर्नर किक' को गोल में बदल सकती है। नवाचार, रोजगार सृजन और राष्ट्रीय विकास की संरचना में उद्योग की निर्णायक भूमिका है। जब मैं वैश्विक दृष्टिकोण से कॉर्पोरेट भारत को देखता हूं, तो यह प्रतिभा का अनमोल भंडार और समाज के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसका सरकार के साथ समन्वय एक अभूतपूर्व परिवर्तन ला सकता है। भारत सरकार अब केवल 'सरकार केंद्रित दृष्टिकोण' से आगे बढ़ चुकी है। अब 'समाज समग्र दृष्टिकोण' अपनाया गया है, जिसमें राज्य सरकारें, स्थानीय निकाय, सिविल सोसायटी, निजी क्षेत्र और समुदाय सभी महत्वपूर्ण कड़ी हैं। लेकिन इस प्रगति के इंजन को सभी सिलिंडरों पर चलाना होगा, तभी हम वास्तविक सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## स्थानीय चुनावों में इंडिया या एमवीए गठबंधन की जरुरत नहीं : राउत

एजेंसी

मुंबई। शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) नेता और राज्य सभा सांसद संजय राउत का मानना है कि स्थानीय निकायों के आगामी चुनावों में इंडिया ब्लॉक या महा विकास अघाड़ी (एमवीए) जैसा राष्ट्रीय गठबंधन बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है और इसका निर्णय स्थानीय नेतृत्व पर छोड़ दिया जाना चाहिए क्योंकि इन चुनावों में स्थानीय मुद्दे महत्वपूर्ण होते हैं।

श्री राउत ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) बहुप्रतीक्षित चुनावों के संदर्भ में कहा कि श्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और श्री राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की जनता की मांग बढ़ रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हाल ही में हुई मराठी विजय रैली के दौरान यह भावना स्पष्ट परिलक्षित हुई है। राजनीतिक गठबंधन को लेकर मौजूदा अस्पष्टता पर उन्होंने कहा, अगर मुंबई को बचाना है, तो उद्धव और राज को नगर निगम चुनाव साथ मिलकर लड़ना होगा। यही लोगों की भावना है और वे इस मांग को ज़ोरदार तरीके से उठा रहे हैं। गठबंधन के बारे में कुछ कहने पर श्री राज ठाकरे की सीमा के बारे में उन्होंने कहा, हर किसी की अपनी कार्यशैली होती है। ये सीमा उनके नेतृत्व के तरीके का हिस्सा हो सकती हैं। हम खुलकर बोलना पसंद करते हैं; हो सकता है कि उनका तरीका ऐसा न हो। लेकिन जल्द ही चीज़ें स्पष्ट हो जाएंगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की हाल में की गयी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री राउत ने कहा , ञ्चप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सितंबर में 75 वर्ष के हो जाएंगे। आरएसएस और मोदी के अपने नियमों के अनुसार उन्हें इस उम्र में संन्यास ले लेना चाहिए। आरएसएस उन्हें बार-बार यही याद दिला रहा है। आपने सत्ता का सुख भोगा है और दुनिया घूमी है।

## संवैधानिक विरासत से जुड़ने और उससे प्रेरणा लेने की आवश्यकता : विजेंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भारत की संवैधानिक विरासत से पुनः जुड़ने की वकालत करते हुए गुरुवार को कहा कि एक सदी पहले भी विधायी प्रतिनिधि लोकतंत्र, नागरिक स्वतंत्रता और सदन की मर्यादा के प्रतीक थे। दिल्ली विधानसभा ने आज 1911S1946 के पूर्व-स्वतंत्रता भारत की संसदीय प्रणालियाँ और स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय प्रतिनिधियों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में देश के प्रतिष्ठित विद्वानों, शिक्षाविदों एवं सार्वजनिक बुद्धिजीवियों ने भाग लिया और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को सुदृढ़ बनाने वाली विधायी परंपराओं तथा वैचारिक आधारों पर संवाद किया।

श्री गुप्ता ने अपने वक्तव्य में भारत की संवैधानिक विरासत से पुनः जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पंडित मालवीय और विठ्ठलभाई पटेल जैसे नेताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सदी पहले भी हमारे विधायी प्रतिनिधि लोकतंत्र, नागरिक स्वतंत्रता और सदन की मर्यादा के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि यह संगोष्ठी एक दीर्घकालिक शैक्षणिक पहल की शुरुआत है, जिसका उद्देश्य भारत की पूर्व-स्वतंत्रता विधायी परंपराओं का दस्तावेजीकरण करना और उसे जनमानस से जोड़ना है। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के पूर्व अध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा औपनिवेशिक प्रतिबंधों के बीच भी भारतीय विधायकों ने जिस राजनीतिक परिपक्वता और नैतिक स्पष्टता का परिचय दिया, वह स्वतंत्र भारत की संसदीय नींव बन गई। उन्होंने आगे कहा कि भारत की लोकतांत्रिक चेतना किसी उपनिवेशी व्यवस्था की देन नहीं, बल्कि इसकी जड़ें भारत की हज़ारों वर्ष पुरानी संवाद, असहमति और विमर्श की परंपरा में हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने दिल्ली विधानसभा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि प्रारंभिक संसदीय इतिहास को पुनः स्मरण करना हमारे लोकतांत्रिक मानस को समृद्ध करता है।

लाल-बाल-पाल के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, उनकी चेतना की अग्नि लंदन तक पहुंची-यह हमारी स्वतंत्रता की वैश्विक प्रतिध्वनि थी। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफ़ेसर डॉ. नीरजा सिंह ने ञ्चविठ्ठलभाई पटेलः औपनिवेशिक काल (विदेशी शासन काल)विधान परिषद में राष्ट्रवादी नेतृत्व विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कैसे 1925 में केंद्रीय विधान सभा के पहले निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष के रूप में विठ्ठलभाई पटेल ने संसदीय गरिमा और स्वायत्तता की नींव रखी। 1929 में स्वतंत्र विधानसभा सचिवालय की स्थापना हो या दमनकारी कानूनों का संवैधानिक प्रतिरोध-विठ्ठलभाई पटेल ने विधायी मंच को राष्ट्रीय आंदोलन के एक सशक्त माध्यम में बदला।

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किये गये

**नयी दिल्ली।** दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गुरुवार पूर्वाह्न नौ बजकर पांच मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किये गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, जींद, रोहतक, भिवानी, झज्जर, बहादुरगढ़ समेत कई शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। भूकंप से कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आयी है। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार रात से तेज बारिश, जाम एवं जलभराव झेल रहे लोग आज सुबह भूकंप के तेज झटकों से सहम गए। लोग डरकर घर से बाहर निकल आए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया पोस्ट कर सभी के सुरक्षित होने की उम्मीद की है। उन्होंने लिखा कि उम्मीद है कि भूकंप के बाद सभी सुरक्षित होंगे। सभी के लिए प्रार्थना कर रहा हूं। दिल्ली पुलिस ने भी भूकंप को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। जिसमें लिखा कि आज सुबह दिल्ली-एनसीआर में आए भूकंप में अभी तक किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। हम सभी दिल्लीवासियों की कुशलता की कामना करते हैं।

### पांच देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की आठ दिन की यात्रा संपन्न होने के बाद गुरुवार सुबह स्वदेश लौट आए। प्रधानमंत्री दो जुलाई को घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर रवाना हुए थे। यात्रा के अंतिम चरण में वह बुधवार को नामीबिया पहुंचे थे जहां उन्होंने नामीबियाई राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। श्री मोदी ने नामीबिया की संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को भी संबोधित किया। इससे पहले ब्राजील में उन्होंने 17 वें ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लिया और सदस्य देशों के सामने विभिन्न विषयों पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट किया।

### पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करूंगा: सिद्धारमैया

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज कहा कि वह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। श्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार इस समय दिल्ली में हैं। दोनों की लोकसभा में नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात होनी है। श्री शिवकुमार दिल्ली में ही कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी से बुधवार को मुलाकात कर चुकें हैं। श्री सिद्धारमैया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के लिए कोई वेकैंसी नहीं है और वह अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि इन रिपोर्टों में कोई दम नहीं है कि कांग्रेस आलाकमान ने उनसे मुख्यमंत्री पद छोड़ने को कहा है। उन्होंने कहा कि श्री डी के शिवकुमार खुद भी कह चुके हैं कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई वैकेंसी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधे -आधे कार्यकाल का कोई फार्मूला नहीं है। आलाकमान जो भी फैसला करेगी हम उसे मानेंगे। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक मामलों को देख रहे पार्टी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हाल ही में बेंगलुरू में स्वीकार किया था कि राज्य में कांग्रेस के कई विधायकों को शिकायतें हैं। उन्होंने विधायकों से अपनी शिकायतें लिखित में देने को कहा था और उनके समाधान का आश्वासन दिया था।

### यूजीसी ने रैगिंग को लेकर कॉलेजों को दी सख्त चेतावनी

मुंबई। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने गुरुवार को उच्च शिक्षण संस्थानों को सभी प्रकार की रैगिंग रोकने के लिए सतर्क रहने की सख्त चेतावनी दी है। इसमें मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक उत्पीड़न विशेषकर व्हाट्सएप जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाली रैगिंग भी शामिल है। यूजीसी ने कहा है कि वरिष्ठ द्वारा कनिष्ठ छात्रों को व्हाट्सएप मैसेज या ग्रुप चैट के माध्यम से परेशान करना भी रैगिंग का एक रूप माना जाएगा। संस्थानों को नियमित रूप से निगरानी करनी चाहिए कि कहीं वरिष्ठ छात्र ऐसे किसी व्हाट्सएप ग्रुप का उपयोग कनिष्ठ छात्रों को निशाना बनाने और उन्हें परेशान करने के लिए तो नहीं कर रहे हैं। यूजीसी ने कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों को ऐसी गतिविधियों की गहन जांच करने और छात्रों से प्राप्त किसी भी शिकायत पर तुरंत प्रतिक्रिया देने का निर्देश दिया है और ऐसा नहीं करने पर संस्थान को यूजीसी से मिलने वाले वित्तीय अनुदान निलंबित किए जा सकते हैं और आगे दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। यूजीसी को प्रत्येक वर्ष नामंकन कराने वाले नये छात्रों से रैगिंग की सैकड़ों शिकायतें मिलती हैं। डिजिटल संचार साधनों के बढ़ते चलन के साथ, धमकाने एवं उत्पीड़न करने के लिए इनके दुरुपयोग में भी चिंताजनक वृद्धि हुई है। शिकायतों में ऐसी घटनाएं शामिल हैं जिनमें कनिष्ठ छात्रों को आपत्तिजनक संदेश, चित्र, चुटकुले, धमकियां भेजी जाती हैं तथा व्हाट्सएप एवं अन्य प्लेटफॉर्म के माध्यम से उन्हें ट्रोल किया जाता है। इन बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर यूजीसी ने डिजिटल रैगिंग पर अंकुश लगाने तथा शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए यह सक्रिय कदम उठाया है।

## पेज एक का शेष

### सपा से निष्कासित...

को पार्टी से निकाल दिया। बाद में अखिलेश ने तंज करते हुए कि पत्रकारों से कहा कि इनको इसलिए पार्टी से निकाला दिया ताकि इन लोगों के मंत्री बनने का रास्ता साफ हो सके। इन लोगों को उम्मीद है कि वोट के बदले भाजपा सरकार इन्हें मंत्री बना देगी। जब यह मंत्री बन जाएंगे तो बाकी बचे बागी विधायकों को इसी तरह आजाद कर देंगे।

### आपातकाल 'काला...

कीमत पर आई। उन्होंने कहा कि असहमति को दबाना, एकत्रित होने, लिखने और मुक्त होकर बोलने की स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकारों का हनन और संवैधानिक कानूनों की घोर अवहेलना ने भारतीय राजनीति पर एक अमिट दाग छोड़ दिया है। थरूर ने कहा कि न्यायपालिका ने बाद में संतुलन बहाल करने का प्रयास किया, लेकिन प्रारंभिक असफलता को भुलाया नहीं जा सकता। कांग्रेस सांसद ने कहा, ''उस दौर की ज्यादतियों ने अनगिनत लोगों को गहरा और स्थायी नुकसान पहुंचाया। प्रभावित समुदायों में इसने भय और अविश्वास का माहौल पैदा किया। आपातकाल के बाद मार्च 1977 में हुए पहले स्वतंत्र चुनाव में लोगों ने स्पष्ट प्रतिक्रिया दी और इंदिरा गांधी एवं उनकी पार्टी को बड़े अंतर से सत्ता से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हल्के में लिया जाए, यह एक अनमोल विरासत है जिसे निरंतर पोषित और संरक्षित किया जाना चाहिए। थरूर ने कहा, ''यह सभी लोगों के लिए एक सबक होना चाहिए।'' थरूर के अनुसार, आज का भारत 1975 का भारत नहीं है। उन्होंने कहा, ''हम ज्यादा आत्मविश्वासी, ज्यादा विकसित और कई मायनों में ज्यादा मजबूत लोकतंत्र हैं। फिर भी, आपातकाल के सबक चिंताजनक रूप से प्रासंगिक बने हुए हैं। थरूर ने चेतावनी दी कि सत्ता को केंद्रीकृत करने, असहमति को दबाने और संवैधानिक रक्षात्मक उपायों को दरकिनार करने की प्रवृत्ति विभिन्न रूपों में फिर से उभर सकती है। उन्होंने कहा, ''अक्सर ऐसी प्रवृत्तियों को राष्ट्रीय हित या स्थिरता के नाम पर उचित ठहराया जा सकता है। इस लिहाज से आपातकाल एक कड़ी चेतावनी है। लोकतंत्र के प्रहरियों को हमेशा सतर्क रहना चाहिए। थरूर के लेख पर प्रतिक्रिया देने के बारे में पूछे जाने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता वी. डी. सतीशन ने कहा कि थरूर पार्टी की कार्यसमिति के सदस्य हैं और उनके द्वारा लिखे गए लेख पर राष्ट्रीय नेतृत्व को ही टिप्पणी करनी चाहिए। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''लेख के बारे में मेरी राय जरूर है, लेकिन मैं उसे व्यक्त नहीं करूंगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने कहा कि ''इस समय आपातकाल पर चर्चा प्रासंगिक नहीं है।

### मतदाता सूची...

सांसद सुप्रिया सुले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद सरफराज अहमद और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के दीपांकर भट्टाचार्य ने याचिकायें दायर की हैं। इसी प्रकार गैर सरकारी संगठनों - एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल, सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव और अन्य ने इस संबंध में चुनाव आयोग के फैसले की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकायें दायर की हैं। चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ याचिका दायर करने वालों ने दावा किया है कि यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21ए के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया, तो मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया अपनाये बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव बाधित होगा और लोकतंत्र कमजोर हो सकता है। याचिकाकर्ता के वकील गोपाल एस ने कहा कि बिहार में अंतिम मतदाता सूची जून में ही अस्तित्व में आ गई थी। इसके बाद न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा कि चुनाव आयोग इसमें न्यायाधीशों, पत्रकारों और कलाकारों को शामिल कर रहा है क्योंकि वे पहले से ही जाने जाते हैं। हमें इसे ज्यादा लंबा नहीं खींचना चाहिए। हमें गलियों में नहीं जाना चाहिए, बल्कि हाईवे पर ही रहना चाहिए। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि आपका मुख्य तर्क दस्तावेज़ों की श्रेणी से आधार कार्ड को बाहर रखना है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम आयोग के गहन पुनरीक्षण और संक्षिप्त पुनरीक्षण नियमों में है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि हमें बताइए कि आयोग से यह कब करने की अपेक्षा की जाती है? समय-समय पर या कब? आप चुनाव आयोग की शक्तियों को नहीं, बल्कि उसके संचालन के तरीके को चुनौती दे रहे हैं।

### तीन बच्चों की हत्यारी...

(27) की शादी इटावा के बसरेहर निवासी अवनीश से हुई थी। जिससे चार बच्चे है। दो साल पहले पति अवनीश की करंट लगने से मौत हो गई। इसके बाद प्रियंका चचेरे देवर औरैया निवासी आशीष के साथ पत्नी के रूप में साथ रहने लगी थी। आशीष के कहने पर प्रियंका ने केश्मपुर में सेंगर नदी के घाट पर चारों बच्चों को नशीला पदार्थ खिला कर नदी में डुबो दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एकमात्र जीवति बचे सोनू को बाहर निकाला जिसने नाम पता और घटनाक्रम बताया। इस पर परिजनों को सूचना दी गई। गोताखोर ने नदी से छह साल के आदित्य और चार साल के माधव के शव को बाहर निकाल लिया। जबकि डेढ़ के मंगल का शव करीब दो घंटे बाद मिला। पुलिस ने मृतक बच्चों के चाचा मनीष की तहरीर पर प्रियंका और आशीष के खिलाफ धारा 302,307 और 120बी के तहत मामला दर्ज किया और जांच के बाद आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। अदालत ने इस संवेदनशील मामले में त्वरित कार्रवाई की और एक साल 13 दिन बाद अपना फैसला सुना दिया।

### पंचायत चुनावों के लिए...

बहराइच में कुल चार ग्राम पंचायतें समाप्त हो गई हैं, जबकि ज़िले में दो नए राजस्व गाँव बनाए गए हैं। बलरामपुर और बाराबंकी में 7-7, बरेली और बुलंदशहर में 5-5, चित्रकूट में 3, एटा में 6, इटावा में 2, फर्रुखाबाद में 14, फतेहपुर में 19, गौतमबुद्धनगर में 6, गाजियाबाद में 19, गोंडा और गोरखपुर में 22-22, हरदोई में 14, हाथरस में एक, जौनपुर में 6, खीरी में एक, कुशीनगर में 23, लखनऊ में 3, मथुरा में 9, मऊ में 26, मुजफ्फरनगर में 11, रायबरेली में 8, संतकबीरनगर में 24, शाहजहांपुर में एक, सीतापुर में 11, सोनभद्र में 8-8 और उन्नाव जिले में 4 नई ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गईं। हालांकि, बस्ती में अदालत के आदेश से दो नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं। ये क्षेत्र 2021 के चुनाव में शहर में शामिल किए गए थे। इसके साथ ही, आजमगढ़, बाराबंकी, फतेहपुर, गोरखपुर, हरदोई, प्रतापगढ़ और उन्नाव में एक-एक नई ग्राम पंचायत का गठन किया गया है। 2021 में हुए पिछले पंचायत चुनावों के बाद से सैकड़ों गाँवों के नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों और नगर निगमों जैसे शहरी स्थानीय निकायों में विलय के कारण यह प्रक्रिया आवश्यक हो गई है।

### यूपी बना औद्योगिक...

पसंदीदा औद्योगिक गंतव्य का पर्याय बन गया है। श्री चौधरी ने राज्य की निवेश-अनुकूल नीतियों, अवस्थापना विकास और व्यापार में आसानी (ईओडीबी) के लिए सहज वातावरण को रेखांकित किया। उन्होने कहा कि अब तक प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओ को भूमि आवंटित हो चुकी है और उनकी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी (जीबीसी) भी हो चुकी है। उद्योगो को गति देने के साथ, राज्य नए युग के उद्योगों एवं नवाचार के लिये सक्रिय तैयारी कर रहा है। चौधरी ने कहा कि प्रदेश में भारत की सबसे बड़ी कामकाजी आबादी और कुशल कार्यबल भी मौजूद है जो प्रदेश में स्थित प्रतिष्ठित आईआईटी, आईआईएम तथा तकनीकी/व्यावसायिक संस्थानों के मजबूत नेटवर्क से सक्षम बन रही है। उन्होने प्रदेश में ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस (ईओडीबी) के तहत 'निवेश मित्र' एकल-खिड़की प्रणाली के के बारे में बताया जो त्वरित अनुमोदन और निवेशकों को प्रभावी सहायता सुनिश्चित करती है। उत्तर प्रदेश अपनी 33 से अधिक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों के ज़रिए प्रतिस्पर्धी पूंजीगत सब्सिडी, परिचालन सुविधा और उद्योगों के लिए तैयार अवस्थापना सुविधाओं से राज्य को एक प्रमुख निवेश गंतव्य बनाता है।

### छांगुर बाबा के...

लिया गया है। इस मामले में मोहम्मद अहमद का नाम सामने आया है । एटीएस आगे की जांच कर रही है। ईडी ने एटीएस से इस मामले की एफआईआर मांगी थी। गौरतलब है कि यूपी एटीएस ने एनआईए कोर्ट से दस से 16 जुलाई तक दोनो आरोपियों का पुलिस कस्टडी रिमाण्ड प्राप्त किया है।

### स्कूलों के विलय...

एक अन्य याचिका पर विस्तृत फैसला देकर खारिज कर दिया है। ऐसे में समान मामले में यह जनहित याचिका सुनवाई को ग्रहण करने लायक नहीं है। कोर्ट ने सरकार की ओर से उठाई गई शुरुआती आपत्ति के मद्देनजर जनहित याचिका खारिज कर दी।

### राम विरोधियों की...

होता है। भारत ही ऐसा देश है जिसने दुनिया को कृतज्ञता ज्ञापन सिखाया। हनुमान जी और मैनाक पर्वत के संवाद में भी यह उद्धरण आता है कि कर्ता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना सनातन धर्म का गुण है। किसी ने कुछ किया तो उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने में भारतीय सबसे अधिक जागरूक रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान वेद व्यास की जन्मतिथि को गुरु पूर्णिमा पर्व के रूप में मनाया जाता है। वेद व्यास जी ने भारतीय मनीषा की ज्ञान परंपरा को संहिताबद्ध कर पीढ़ियों के लिए उपकार किया। भारतीयों पर यह आरोप लगता है कि उन्होंने धरोहरों को संरक्षित नहीं किया, उन्हें विज्ञान और आधुनिक ज्ञान की जानकारी नहीं है। वितंडावाद से भारतीयों को बदनाम करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि यह सच नहीं है। सबको याद रखना चाहिए कि दुनिया का सबसे प्राचीन ग्रंथ वेद हैं। दुनिया जब अंधकार में जी रही थी तब भारत में वेदों की ऋचाएं रची जा रहीं थीं। हमारी मनीषा चेतना के विस्तार से ब्रह्मांड के रहस्यों का उद्घाटन कर रही थी। आज दुनिया भौतिक विज्ञान पर ही काम कर रही है, दुनिया जब अवचेतन मन की तरफ बढ़ेगी तब हमारे वैदिक सूत्र ही मार्गदर्शन करेंगे। दुनिया को यह जानना चाहिए कि 3500 वर्ष पूर्व हजारों ऋषियों की कार्यशाला नैमिषारण्य में भारतीय ज्ञान परंपरा की रचना को लेकर हुई थी। योगी ने कहा कि जो लोग भारतीय ज्ञान परंपरा में विमर्श का स्थान न होने का आरोप लगाते हैं, उनके लिए महर्षि वेद व्यास जवाब हैं। उन्होंने महाभारत की रचना में पुरुषार्थ के सभी आयामों धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष को समाहित कर दिया। पुरुषार्थ को लेकर जो कुछ भी है या हो सकता है, वह सब कुछ महाभारत में पहले से है। दुनिया में कहीं और ज्ञानपरक शोध हुआ होता तो उसे पेटेंट करा लिया गया होता लेकिन हमने उसे सर्वसुलभ बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण पांच हजार वर्ष से कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। दुनिया के लिए यह कौतूहल का विषय हो सकता है लेकिन यह सनातन भारतीय जीवन पद्धति का हिस्सा है। जीवन का प्रवाह है। प्रयागराज महाकुंभ के भव्य आयोजन के दौरान कुछ युट्यूबर्स की नकारात्मक पहल का उल्लेख करते हुए उन्होने कहा कि दुनिया भर से सनातनी महाकुंभ आए थे। कुछ युट्यूबर्स पैदल चलने पर उन्हें भड़काने और चिढ़ाने जाते थे। व्यवस्था पर सवाल करते थे तो श्रद्धालुओं से उन्हें जवाब मिलता था जिस सड़क पर हम पैदल चल रहे हैं वह भी व्यवस्था का हिस्सा है। उन्हें यह मुहतोड़ जवाब भी मिलता, चल हम रहे हैं और परेशानी तुम्हे हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नकारात्मकता समस्या का समाधान नहीं है। कुछ लोग माहौल खराब करना चाहते हैं लेकिन गौरव की बात है कि भारत विरासत और विकास के साथ आगे बढ़ते हुए नई ऊंचाइयों को छूने को तत्पर है। उन्होंने आह्वान किया हम सभी कुछ विशिष्ट और नया करने के आदी बनें तो इसका लाभ स्वयं, समाज, देश को अवश्य मिलेगा। योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक दिन में प्रदेश में 37 करोड़ से अधिक पौधरोपण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वृहद पौधरोपण से हम विकास को बेहतर स्वरूप दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से विगत नौ वर्षों में 241 करोड़ पौधरोपण होने से राज्य के वनाच्छादन में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने नदियों और जलस्रोतों के किनारे पौधरोपण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि धरती माता के लिए नदियों की भूमिका मानव शरीर के लिए धमनियों जैसी है। कहा कि नदियों को मानवता का उद्गम स्थल माना जाता है लेकिन नदी संस्कृति लुप्त होने से प्रदूषण और अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। नदियों के किनारे खाली जमीन पर पौधरोपण कर हम उन्हें सदानीरा बना सकते हैं। प्रदूषित जल का प्राकृतिक तरीके से शोधन कर सकते हैं। प्रदूषण के कारण एनसीआर में नवम्बर से फरवरी माह तक बुजुर्गों के लिए हेल्थ इमरजेंसी होने का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वास्थ्य की कीमत पर विकास विचारणीय है। इसलिए जरूरी है कि अधिकाधिक पौधरोपण हो। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंसेफ़ेलाइटिस की पूर्व की भयावहता और अब नियंत्रण का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छह साल पूर्व यह समय इंसेफ़ेलाइटिस के कारण भय और आशंका का होता था। चालीस साल में गोरखपुर, कुशीनगर, बस्ती, देवरिया, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर आदि जिलों के पचास हजार से अधिक बच्चों की मौत इस बीमारी के चलते हो गई थी। इस बीमारी का कारण मानव निर्मित गंदगी और अशुद्ध पेयजल थी। 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद जैसे ही हर घर शौचालय की व्यवस्था की गई, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया तो इसका परिणाम रहा कि अगले तीन साल में ही बीमारी नियंत्रित और अब समाप्त हो गई। इंसेफ़ेलाइटिस से बचे बच्चे अब समाज और देश हित में अपनी प्रतिभा, क्षमता और ऊर्जा का योगदान देंगे। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, सांसद रविकिशन शुक्ल, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत मिथिलेशनाथ, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, समेत कई साधु-संत, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, प्रबुद्धजन व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 4 जुलाई से चल रही श्रीरामकथा का विश्राम व्यासपीठ पर विराजमान श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की आरती के साथ हुई। सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरती उतारी। इस अवसर पर उन्होंने कथाव्यास बाबा आचार्य शांतनु जी महाराज के प्रति आभार भी व्यक्त किया और कहा कि हर व्यक्ति को कुछ समय ऐसी कथाओं के श्रवण के लिए जरूर निकालना चाहिए। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन से पूर्व लोक गायक राकेश श्रीवास्तव ने गुरु की महिमा पर एक कर्णप्रिय भजन सुनाया।

# श्री कैंचीधाम मंदिर ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में दिए 2.5 करोड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। श्री कैंचीधाम मंदिर ट्रस्ट की ओर से मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में 2.5 करोड़ की धन राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंची धाम मंदिर ट्रस्ट की ओर से आपदा पीड़ितों की मदद के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जाने वाला सहयोग मानवता की बड़ी सेवा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंची धाम में प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत यातायात की सुगमता के लिये कैंची धाम बाईपास के लिए वन भूमि प्रस्ताव को केन्द्रीय वन व पर्यावरण मंत्रालय से सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने के बाद उक्त सड़क का तेजी से निर्माण किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्रीय लोगों एवं पर्यटकों को आवाजाही में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही कैंची धाम और भवाली के पास लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अन्य कई योजनाएं भी क्रियानवित की जा रही हैं।

ज्ञातव्य है कि गुरुपूर्णिमा के अवसर पर विश्वप्रसिद्ध कैंचीधाम मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट की ओर से प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रभावित परिवारों को मदद प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में आर्थिक मदद के लिए 2.5 करोड़ (ढाई करोड़ ) की धनराशि का चेक जिले की मुख्य विकास अधिकारी अनामिका को सौंपा गया। कैंचीधाम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश बिंद्रा ने कहा कि कैंची धाम मंदिर ट्रस्ट सामाजिक क्षेत्र में लंबे समय से कार्य व योगदान करते आ रहा है। मंदिर ट्रस्ट की ओर से शिक्षा स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन इन क्षेत्रों में हर संभव सहयोग किया जा रहा है। ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक वर्ष 3000 बच्चों को दी जा रही छात्रवृत्ति को बढ़ाकर 5000 किया गया है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से कैंची धाम मंदिर ट्रस्ट की ओर से मुख्य रूप से शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विगत 15 जून को आयोजित कैंचीधाम मंदिर स्थापना दिवस को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और जिला प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

# गुजरात का सहकारिता मॉडल प्रदेश में होगा लागू : डॉ. धन सिंह रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। गुजरात के सहकारिता मॉडल का उत्तराखंड के सहकारी बैंकों में ग्राहक सेवाओं में सुधार व विस्तार के लिए अनुसरण किया जाएगा। साथ ही बैंकों में डिजिटल प्रणाली का उपयोग कर उपभोक्ताओं को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं दी जाएगी। इसके अलावा गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) की वसूली को भी ठोस रणनीति बनाई जाएगी। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुजरात दौरे के दौरान गुरुवार को कई सहकारी संस्थानों का भ्रमण किया। जिसमें पंचमहाल जिला सहकारी बैंक, नेक्स्ट इकोनॉमिकल सर्विस कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड तथा आशापुरा छरिया मिल्क सोसाइटी शामिल है।

मंत्री ने पंचमहाल जिला सहकारी बैंक के मुख्यालय में बैंक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक ली। जिसमें वहां के अधिकारियों ने बैंक की कार्य-प्रणाली, ग्राहक सेवा सुधार एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं को लेकर पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया। अधिकारियों ने बताया कि पंचमहाल जिला सहकारी बैंक 1955 में स्थापित किया गया था और विगत सात दशकों से क्षेत्र की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर मंत्री ने उत्तराखंड की सहकारी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सहकारी बैंकों में ग्राहक सेवाओं में सुधार व विस्तार के लिए गुजरात मॉडल का अनुसरण किया जाएगा। इसके पश्चात मंत्री ने नेक्स्ट इकोनॉमिकल सर्विस कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड का दौरा किया। उन्होंने समिति की पूर्ण कंप्यूटरीकृत प्रणाली, महिला सहायता समूहों एवं कृषकों के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इसके अलावा उन्होंने आशापुरा छरिया मिल्क सोसाइटी का भी भ्रमण किया, जो स्थानीय पशुपालकों, विशेषकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है।

मंत्री ने इस दौरान पंचमहाल की सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के डेयरी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर दुग्ध उत्पादन, संग्रहण, गुणवत्ता नियंत्रण व किसानों को उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने डेयरी क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों और पशुपालकों के सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। जिस पर मंत्री ने सहकारी दुग्ध संघ की दुग्ध उत्पादन, संग्रहण, विपणन और पारदर्शी भुगतान व्यवस्था की सराहना की और कहा कि यह मॉडल उत्तराखंड के लिए भी अनुकरणीय है। इस अवसर पर सचिव सहकारिता बीवीआरसी पुरुषोत्तम, निबंधक सहकारिता डॉ.मेहरबान सिंह बिष्ट, संयुक्त निबंधक नीरज बेलवाल, मंगला त्रिपाठी, प्रबंध निदेशक राज्य सहकारी बैंक उत्तराखंड प्रदीप मेहरोत्रा उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय जीवन बीमा निगम में और हिस्सेदारी कम करेगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में और हिस्सेदारी को बेचने की तैयारी कर रही है। वित्त मंत्रालय के निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) इस लेन-देन की बारीकियों पर काम करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि केंद्र सरकार ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए भारतीय जीवन बीमा निगम में अपनी हिस्सेदारी और कम करने की योजना बना रही है। मौजूदा 96.5 फीसदी हिस्सेदारी के साथ सरकार का लक्ष्य मई, 2027 तक 10 फीसदी सार्वजनिक शेयरधारिता की जरूरत को पूरा करना है। केंद्र सरकार के पास वर्तमान में एलआईसी में 96.5 फीसदी हिस्सेदारी है। सरकार ने मई, 2022 में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 902-949 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे (प्राइस बैंड) पर अपनी 3.5 फीसदी हिस्सेदारी बेची थी। इस शेयर बिक्री से केंद्र सरकार को करीब 21,000 करोड़ रुपये मिले थे।

### नैनीताल में नालों पर अतिक्रमणकारियों की सूची तलब

नैनीताल। जिलाधिकारी वंदना ने गुरुवार को नैनीताल नगर के भीतर स्थित ब्रिटिश कालीन 62 नालों में अतिक्रमण की स्थिति की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में निर्देश दिए गए कि नालों पर किए गए अतिक्रमण की पहचान कर 15 दिन के भीतर अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए जिलाधिकारी ने राजस्व, लोक निर्माण, राजकीय सिंचाई, नगर पालिका व अर्थ एवं संख्या विभाग के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित की है। यह टीम नगर के सभी 62 ब्रिटिश कालीन नालों का भौगोलिक सूचना प्रणाली, वैश्विक स्थिति प्रणाली, ड्रोन तथा बन्दोबस्ती नक्शों के आधार पर सर्वेक्षण कर सूची तैयार करेगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह कार्य नियत समयावधि में पूर्ण किया जाए, ताकि रिपोर्ट के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### पिता का हत्यारा बेटा गिरफ्तार, मां और दूसरे बेटे की तलाश जारी

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र में बैट से पीट कर पिता की हत्या करने और साक्ष्य छुपाने के लिए शव को गांव ले जाकर अंतिम संस्कार करने के आरोपित बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस फरार मां और दूसरे बेटे की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक 07 जुलाई को सुनील धनगर पुत्र स्व. श्याम लाल निवासी रावली महदूद निकट शिव मंदिर सिडकुल ने थाना सिडकुल में तहरीर देकर हर्ष व सचिन पर अपने पिता अशोक कुमार की हत्या कर परिवार के साथ मिलकर अंतिम संस्कार कर सबूत मिटा दिए जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में गठित टीम को गिरफ्तार सचिन ने बताया कि वह जींनस कंपनी में काम करता है व अपने परिवार के साथ रावली महदूद में किराए के मकान पर रहता है। उसके माता-पिता राजा बिस्कुट के पास खाने का ढाबा चलाते हैं। 06 जुलाई को मेरे पिता अशोक कुमार ने रोज की तरह शराब पी रखी थी, जिस पर हमारा झगड़ा राजा बिस्कुट के पास स्थित ढाबे पर हुआ, उसके बाद हम पिता को लेकर अपने कमरे पर आ गए। कमरे पर पिता ने मेरी माता को गाली गलौज कर रोज की तरह झगड़ना शुरू कर दिया, तभी मेरे पिता ने मेरी मां को मारने के लिए क्रिकेट का बैट उठाया। वह जैसे ही मेरी मां को मारने वाले थे, मैंने उसी बैट से पिता को मारना शुरू कर दिया। जिससे उनके सर से खून बहने लगा। उन्हें लेकर हॉस्पिटल के लिए निकले ही थे कि उनकी मृत्यु हो गई। जिससे हम काफी घबरा गए और मैं, मेरी मां, भाई हर्ष ने मिलकर बिना बताए अपने गांव राजा का ताजपुर बिजनौर गांव ले जाकर 07 जुलाई को सुबह के समय अंतिम संस्कार कर दिया। सिडकुल थाना प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि आरोपित सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में वांछित माँ, बेटे की तलाश जारी है।

### यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेली ब्रिज तैयार, वाहनों की आवाजाही बहाल

देहरादून। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओजरी के पास भूस्खलन से अवरुद्ध मार्ग पर वाहनों की आवाजाही गुरुवार को फिर शुरू हो गई। लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने 12 दिन-रात कार्य कर बेली ब्रिज का निर्माण पूरा किया। उपजिलाधिकारी बड़कोट बृजेश तिवारी ने बताया कि गुरुवार दोपहर बाद यमुनोत्री हाईवे यातायात के लिए बहाल हो गया। उन्होंने बताया कि पहले फंसे हुऐ वाहनों को ऊपर से निकाले जा रहे उसके बाद धाम के लिए भी वाहनों कुछ आवाजाही सुचारू की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 28 जून की रात भूस्खलन के कारण राजमार्ग बंद हो गया था, जिसमें मलबे में दबकर कई लोगों की मौत हुई थी। लोनिवि ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बेली ब्रिज बनाकर यातायात बहाल कर दिया है। अब वाहन इस मार्ग पर सुचारु रूप से चल रहे हैं।

### श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी पूरी

कटिहार। आगामी श्रावणी मेला को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु गुरुवार को बैठक की। बैठक में सभी उपस्थित थानाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के अंतर्गत छोटे, बड़े सभी प्रकार के मंदिरों, गंगा नदी के घाटों की बैरिकेडिंग, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, चेंजिंग रूम की व्यवस्था इत्यादि पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने मनिहारी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मनिहारी गंगा नदी के घाट पर विशेष रूप से बैरिकेडिंग, लाइटिंग की व्यवस्था, कांवरिया पथ पर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्रावणी सोमवारी मेला को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी प्रकार की तैयारियां की जा रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा विधि व्यवस्था, संधारण को लेकर एहतिहातन सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। जिला साइबर सेल एवं सोशल मीडिया टीम पूरी तत्परता से सोशल मीडिया के सभी पोस्ट पर नजर बनाए रखेगी और किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट या अफवाह फैलाकर विधि-व्यवस्था खराब करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिले के सभी लोगों से अपील की है कि किसी भी भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक पोस्ट को फॉरवर्ड करने से बचें और प्रशासन को इसकी जानकारी तुरंत दें। डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि श्रावण मास के दौरान शहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' को रिलीज करने पर अंतरिम रोक लगाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' को रिलीज करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वो फिल्म को लेकर केंद्र सरकार के समक्ष 14 जुलाई तक अपनी आपत्ति दर्ज कराएं। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता की आपत्ति मिलने के बाद उस पर एक हफ्ते में फैसला करें। केंद्र सरकार का फैसला आने तक फिल्म की रिलीज पर अंतरिम रोक जारी रहेगी।

इस मामले की सुनवाई के दौरान सेंसर बोर्ड ने कहा था कि उसने फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' के आपत्तिजनक हिस्से को हटा दिया है। सेंसर बोर्ड की इस सूचना के बाद हाई कोर्ट ने फिल्म और उसके ट्रेलर की याचिकाकर्ता और सेंसर बोर्ड के वकीलों के लिए स्पेशल स्क्रीनिंग करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि ये फिल्म पूरी तरह से आपत्तिजनक है और समुदाय विशेष को टारगेट किया गया है। यह याचिका जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने दायर की थी। याचिका में जमीयत ने आरोप लगाया था कि फिल्म के ट्रेलर में पैगम्बर मोहम्मद और उनकी पत्नियों के बारे में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी देश के अमन-चैन को बिगाड़ सकती है। याचिका में कहा गया था कि फिल्म में देवबंद को कट्टरवाद का अड्डा बताया गया है और वहां के उलेमा के विरुद्ध जहर उगला गया है। याचिका में कहा गया था कि यह फिल्म एक विशेष धार्मिक समुदाय को बदनाम करती है, जिससे समाज में नफरत फैल सकती है और सामाजिक सौहार्द को गहरा नुकसान हो सकता है। याचिका में कहा गया था कि फिल्म में ज्ञानवापी मस्जिद जैसे मामलों का भी उल्लेख है, जो वर्तमान में वाराणसी की जिला अदालत और सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। फिल्म को सेंसर बोर्ड से प्रमाण पत्र जारी होने के बाद 11 जुलाई को रिलीज किया जाना था। याचिका में केंद्र सरकार, सेंसर बोर्ड, जॉनी फायर फॉक्स मीडिया प्राइवेट लिमिटेड और एक्स कॉर्प्स को पक्षकार बनाया गया है, जो फिल्म के निर्माण और वितरण से जुड़े हैं। याचिका में कहा गया था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का दुरुपयोग करते हुए फिल्म में ऐसे दृश्य दिखाए गए हैं, जिनका इस्लाम, मुसलमानों और देवबंद से कोई लेना-देना नहीं है। ट्रेलर से साफ झलकता है कि यह फिल्म मुस्लिम-विरोधी भावनाओं से प्रेरित है। फिल्म का 2 मिनट 53 सेकंड का ट्रेलर जारी किया गया था। फिल्म में 2022 में उदयपुर में हुई एक घटना को आधार बनाया गया है। याचिका में कहा गया था कि ट्रेलर से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि फिल्म का मकसद एक विशेष धार्मिक समुदाय को नकारात्मक और पक्षपाती रूप में पेश करना है, जो उस समुदाय के लोगों के सम्मान के साथ जीने के मौलिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया गुरूदक्षिणा कार्यक्रम समारोह आयोजित

सहरसा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को शंकर चौक स्थित विवाह भवन में गुरुदक्षिणा समारोह आयोजित किया।इस अवसर पर मुख्य शिक्षक सुभाष अग्रवाल व नगर कार्यवाह श्रवण कुमार के निर्देशन मे सामूहिक गीत, सुभाषित, अमृत वचन,एकल गीत के पश्चात उत्तर बिहार के सह प्रांत प्रचारक प्रवीर कुमार नें बौद्धिक देते हुए कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तत्व रूपी भगवा ध्वज का गुरूपूजन अपने स्थापना काल सें करता आया है। संघ का मानना है कि राष्ट्र का गुरू सजीव नही हो सकता है, क्योंकि व्यक्ति का मानसिक संतुलन, नैतिक पतन या स्खलन कभी भी हो सकता है।इसलिए तत्व के रुप में भगवा ध्वज को स्थापित किया।उन्होने कहा कि सत्ययुग में भगवान सूर्य की उपासना की गई जिसका रंग भगवा है।वही वर्तमान वैज्ञानिकों के गॉड पार्टिकल में जो पहला प्रकाश निकला वह भी भगवा रंग का था।भारतीय संस्कृति सदैव यज्ञमय रहा है। यज्ञ में ज्वाला का प्रतीक है ।

# पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में गाद प्रबंधन नीति बनाने पर बनी सहमति : सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने झारखंड की राजधानी रांची में गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक में गुरुवार को पड़ोसी राज्यों के साथ बिहार का पक्ष मजबूती से रखा। शाह ने उपमुख्यमंत्री चौधरी की बातों का गंभीरता से संज्ञान लिया।साथ ही उन्होंने बिहार के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रयासों के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। इस बैठक में झारखंड के अलावा बिहार,पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री आदि ने भाग लिया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि बिहार के जल ग्रहण क्षेत्र में गंगा, कोसी सहित विभिन्न नदियों से प्राप्त जल स्त्राव एवं गाद के कारण प्रत्येक वर्ष बाढ़ की विभीषिका से मुक्ति पाने के लिए व्यापक गाद प्रबंधन नीति तैयार करने पर बैठक में सहमति बनी। उन्होंने जल संसाधन से जुड़े विषयों पर कहा कि इन्द्रपुरी जलाशय वाणसागर समझौता के तहत अविभाजित बिहार के लिए कर्णाकित सोन नदी के जल का बंटवारे का फॉर्मूला तय हुआ, जिसमें बिहार को 5.75 एमएएफ और झारखंड राज्य को 2.00 एमएएफ मिलने पर सहमति बनी। उन्होंने फरक्का बराज के निर्माण के कारण प्रभावित गंगा नदी की अविरलता को बरकरार रखने एवं बिहार-पश्चिम बंगाल सीमा में कटाव निरोधक कार्यों पर होने वाले व्यय का शत-प्रतिशत वहन भारत सरकार से करने का अनुरोध किया।

# श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी पूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कटिहार। आगामी श्रावणी मेला को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु गुरुवार को बैठक की। बैठक में सभी उपस्थित थानाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के अंतर्गत छोटे, बड़े सभी प्रकार के मंदिरों, गंगा नदी के घाटों की बैरिकेडिंग, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, चेंजिंग रूम की व्यवस्था इत्यादि पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने मनिहारी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मनिहारी गंगा नदी के घाट पर विशेष रूप से बैरिकेडिंग, लाइटिंग की व्यवस्था, कांवरिया पथ पर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्रावणी सोमवारी मेला को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी प्रकार की तैयारियां की जा रही हैं।

जिला प्रशासन द्वारा विधि व्यवस्था, संधारण को लेकर एहतिहातन सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। जिला साइबर सेल एवं सोशल मीडिया टीम पूरी तत्परता से सोशल मीडिया के सभी पोस्ट पर नजर बनाए रखेगी और किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट या अफवाह फैलाकर विधि-व्यवस्था खराब करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जिले के सभी लोगों से अपील की है कि किसी भी भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक पोस्ट को फॉरवर्ड करने से बचें और प्रशासन को इसकी जानकारी तुरंत दें। डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि श्रावण मास के दौरान शहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी तरह से सजक एवं सतर्क रहने और स्थानीय लोगों से बातचीत करके शांति स्थापित करने का निर्देश दिया है।

# देहरादून के बटोली गांव में आपदा राहत हेलीपेड और सड़क निर्माण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बटोली गांव पहुंचकर स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर उनके प्रस्तावों को मंजूरी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा न्यून करना प्रशसन का दायित्व है और प्रशासन इसके लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने सभी परिवारों के किराए के लिए 3.84 लाख का एडवांस चैक मौके पर ही हस्तगत किया, जिसमें 4-4 हज़ार प्रति परिवार प्रतिमाह सभी परिवारों को सुरक्षित स्थान पर रहने के लिए दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने वर्षाकाल पूरे 3 महीनें तक रास्ता बनाने के लिए क्षेत्र 247 मैनपावर मशीनरी तैनात रखने के निर्देश दिए। वहीं तहसीलदार विकासनगर को निर्देशित किया कि समस्या का निवारण करने के लिए क्षेत्र में ही कैम्प लगाएं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया का क्षेत्र में ग्रामवासियों का सहयोग लेकर अस्थायी हेलीपेड के लिए स्थान चिहि्नत करें, जिससे गांव में 15 दिन में अस्थायी हेलीपेड बनाया जा सके। वहीं एसडीएम विकासनगर को निर्देशित किया कि गर्भवती माताओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एनएम नियमित दौरा करेंगी। जिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि बच्चों को घर से स्कूल के लिए आवागमन न कराएं, स्कूल के नजदीक मकान किराये पर लेकर पठन-पाठन कराने के लिए कहा। इसके लिए तीन माह के लिए धनराशि चैक मौके पर ही हस्तगत किए । ग्रामीणों की मांग पर कोटी-बटोली रोड लोनिवि को सौंपने की कार्यवाही के साथ ही बटोली से थान गांव सड़क विकल्प पर लोनिवि को सर्वे के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने झुला पुल व स्थायी इंतजाम के लिए सचिव लोनिवि को पत्र प्रेषित किया है। वहीं 3.98 लाख लोनिवि को तात्कालिक सुधार के लिए मौके पर ही दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने मेडिकल आकस्मिकता के दृष्टिगत तात्कालिक अस्थाई व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामवासियों की मांग पर 20 सोलर लाइट, डीएम ने अपने कौटे से मौके पर स्वीकृति देते हुए त्वरित कार्य कराने के निर्देश दिए।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063